* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 111

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

तुर्की और सीरिया में भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा 5000 के पार भारत ने भेजी सहायता

विधायक कैश कांड : खिजरी के कांग्रेस विधायक से इडी ने की पूछताछ

माइनिंग का था पैसा, आदिवासी दिवस पर पर खरीदारी करने जा रहे थे: राजेश कच्छप

- माइनिंग से संबंधित कागजात जमा करने के लिए मांगा समय
- विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी से आज होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विधायक कैश कांड में पूछताछ के दौरान मंगलवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने इडी के अधिकारियों को बताया कि कोलकाता में बरामद पैसा उनके माइनिंग के कारोबार का था। तीन विधायक आदिवासी दिवस के मौके पर अपने इलाके में साड़ी-धोती और फुटबॉल बांटने के लिए खरीदारी करने गये थे। सरकार को अस्थिर करने की साजिश में कहीं से शामिल नहीं थे। उन्हें फंसाया गया है। इडी के अधिकारियों ने पूछा कि माइनिंग का क्या काम करते हैं? इसके जवाब में विधायक ने कारोबार से संबंधित दस्तावेज जमा करने के लिए समय मांगा।

इडी के अधिकारियों ने उन्हें समय दे दिया है। इसी मामले में तीसरे कांग्रेसी विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी से आज पूछताछ होगी। उन्हें भी इडी ने समन भेज कर बुलाया है।

इरफान अंसारी से हो चुकी पूछताछ : गौरतलब है कि कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को कोलकाता में पुलिस ने 48 लाख रुपये नगदी के साथ पकड़ा था। उन पर झारखंड सरकार गिराने की साजिश का भी आरोप लगा था। इस मामले में विधायक अनूप सिंह ने रांची में जीरो एफआइआर भी दर्ज कराया था। इस मामले की अब इडी जांच कर रही है। इसी क्रम में एक के बाद एक विधायक को पूछताछ के लिए इडी बुला रही है। इसी सबसे पहले पिछले महीने ही विधायक अनूप सिंह से पूछताछ की थी। इसके बाद जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी से सोमवार को पूछताछ की। इस मामले में उनके साथ रहे दो अन्य विधायकों राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी से भी जब्त 48 लाख के बारे में पूछताछ करनी थी। पैसे के स्रोत, सरकार गिराने की साजिश आदि तमाम सवाल किया जाना था। इसी क्रम में मंगलवार को राजेश कच्छप को बुलाया गया था।

विधायक से हुई लंबी पूछताछ : राजेश कच्छप से इडी ने 11 बजे दिन से लेकर 8 बजे शाम तक पूछताछ की। इस दौरान उनसे कोलकाता में 48 लाख रुपये की बारामदगी, सरकार गिराने की साजिश, विधायक अनूप सिंह के द्वारा कराये गये जीरो एफआइअर समेत कई इस कांड से जुड़े कई तरह के सावाल किये गये। उन्होंने सभी सवालों का जवाब दिया। इडी ने उनसे जवाब की सत्यता के लिए कुछ कागजात के बारे में पूछा, जिसे जमा करने के लिए कच्छप ने समय मांगा है। तीनों विधायकों से मिले जवाब की इडी पुष्टि करेगी, फिर आगे किसी नतीजे पर पहुंचेगी।

साहिबगंज एसपी को इडी जल्द भेजेगी समन

रांची। इडी साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले की जांच कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इडी साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोटा से पूछताछ के लिए जल्द ही समन भेजेगी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में इडी ने सोमवार को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ की थी। पूछताछ के दौरान डीसी ने अवैध खनन के मामले में एसपी, डीएसपी और डीएमओ को जवाबदेह बताया है। इडी इस मामले में पहले ही डीएमओ विभूति कुमार से पूछताछ कर चुकी है और डीएसपी को समन जारी किया था। डीसी के बयान के बाद अब एसपी को समन करने की तैयारी चल रही है।

नमन विक्सल कोंगाड़ी से होगी आज पूछताछ

इसी कैश कांड मामले में सिमडेगा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी से पूछताछ होनी है। उन्हें आठ फरवरी को हाजिर होने को कहा गया है। उन्हें भी जनवरी में ही हाजिर होना था, पर वे भी नहीं आये और इडी से दो हफ्ते का समय मांगा था। कांग्रेस निलंबित और कैश कांड के आरोपी विधायकों में से एक नमन को भी दूसरी बार नोटिस भेजा गया था।

रामगढ़ उपचुनाव

महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने नामांकन दाखिल किया

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख और जोबा मांझी, सांसद गीता कोड़ा, विधायक अंबा प्रसाद, उमाशंकर अकेला और दीपिका सिंह पांडे, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। पार्टी नेताओं ने महागठबंधन प्रत्याशी की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि यह सीट कांग्रेस की थी, कांग्रेस की ही रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत ही होगा निकाय चुनाव

- राज्य सरकार ने कोर्ट में आबीसी आरक्षण को लेकर दाखिल किया जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है। मुख्य सचिव द्वारा कोर्ट में दाखिल प्रतिशपथ पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के आलोक में ही राज्य में निकाय चुनाव करायेगी। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा दायर अवमाननवाद मामले में सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल प्रतिशपथ पत्र में सरकार ने कहा है कि राज्य में निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। नगर निगम एवं नगरपालिकाओं में महापौर और अध्यक्ष के आरक्षण को लेकर नगरपालिका अधिनियम में संशोधन किया गया है। विधानसभा से पारित इस संशोधन के अधिसूचित होने के बाद राज्य में निकाय चुनाव कराया जायेगा।

मुख्य सचिव ने प्रतिशपथ पत्र में यह भी कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है, इसलिए राज्य सरकार को अवमाननावाद से मुक्त किया जाये। इसमें कहा गया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा के कृष्णमूर्ति, विकास कृष्ण राव गवली बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य तथा राहुल रमेश वाघ बनाम महाराष्ट्र एवं अन्य मामले में पारित आदेशों के आलोक में ही निकाय चुनाव संपन्न कराया जायेगा। गौरतलब है कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य सचिव से जवाब मांगा था। इसके लिए राज्य सरकार के अनुरोध पर दो सप्ताह का समय मिला था। सांसद ने सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण नहीं देने को लेकर झारखंड सरकार के विरुद्ध जनहित याचिका दायर की थी, तब इसकी सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग दिया गया था कि होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट एवं ओबीसी आरक्षण का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बावजूद इसके नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दिया गया है। इस पर पुनः सांसद चंद प्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में अवमाननावाद याचिका दर्ज करायी। इससे पहले चंद्रप्रकाश चौधरी ने पंचायत चुनाव से पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण लागू करने के संबंध में एक याचिका दायर की थी। तब झारखंड सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को बताया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है और झारखंड सरकार भविष्य में होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गये निर्देश का अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है।

भारत में हेट क्राइम की कोई जगह नहीं, इसको लेकर कोई समझौता नहीं किया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हेट स्पीच और हेट क्राइम को लेकर एक अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि भारत जैसे एक धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म के आधार पर हेट क्राइम के लिए कोई जगह नहीं है। कोर्ट ने साथ में यह भी कहा कि देश में लगातार हेट स्पीच के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसको लेकर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। यह राज्य की जिम्मेदारी है कि ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

साल 2021 में नोएडा में 62 साल के काजीम अहमद शेरवानी हेट क्राइम का शिकार हो गए थे। इसी मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच ने टिप्पणी की है। हेट स्पीच के बढ़ते मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जाहिर की और सुनवाई शाम 6 बजे तक चलती रही। कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य अभद्र भाषा की समस्या को स्वीकार करता है तभी उसका एक समाधान निकाला जा सकता है।

भूकंप त्रासदी : तुर्की के 10 राज्यों में 3 महीने के लिए इमरजेंसी लगायी गयी, अब तक 5500 मौतें

एजेंसी

अंकारा। तुर्की और सीरिया में सोमवार सुबह 4 बजे आये भूकंप में मरने वालों की संख्या 5,500 हो गयी है। हजारों लोग अभी भी लापता हैं। इस बीच तुर्की के राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोआन ने 10 राज्यों में तीन महीने के लिए इमरजेंसी लगा दी है। यह इलाके भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। एर्दोआन ने बताया कि तुर्की में 70 देशों ने मदद भेजने का ऐलान किया है।

इधर, भारत ने भी तुर्किये को मदद भेजी है। इंडियन एयरफोर्स का सी-17 विमान 2 एनडीआरएफ टीमों, डॉक्टरों और राहत सामग्री के साथ वहां पहुंच चुका है। अधिकारियों ने कहा कि आगरा-स्थित आर्मी फील्ड हॉस्पिटल ने 89 सदस्यीय मेडिकल टीम को भेजा गया है। मेडिकल टीम में अन्य के अलावा गहन चिकित्सा देखभाल विशेषज्ञ भी हैं। इस टुकड़ी में ऑथोर्पेडिक (हड्डी रोग) सर्जरी टीम, सामान्य सर्जरी की विशेष टीम और मेडिकल विशेषज्ञ टीमें शामिल हैं। यह टीम एक्स-रे मशीन, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट, हृदय गति मापने के लिए कार्डियक मॉनिटर और संबंधित उपकरणों से लैस है, जो 30 बेड वाले मेडिकल अस्पताल में उपयोगी वस्तुओं के बराबर हैं।

आज तुर्की जिस हालात से गुजर रहा है, उसे मैं समझ सकता हूं : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तुर्किये के हालात पर चिंता जाहिर की। सूत्रों के मुताबिक मोदी ने कहा कि आज तुर्की जिस हालात से गुजर रहा है, उसे मैं समझ सकता हूं। 2001 में भुज में जब भूकंप आया था, तब मैं मुख्यमंत्री था। मुझे पता है कि रेस्क्यू ऑपरेशन में क्या दिक्कतें आती हैं।

देश में 20 उम्मीदवारों को जेइइ मेन में 100 पर्सेंटाइल

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेइइ) मुख्य-2023, सेशन-1 का परिणाम घोषित कर दिया है। इंजीनियरिंग के पेपर में कुल 20 उम्मीदवारों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। किसी भी लड़की उम्मीदवार ने 100 पर्सेंटाइल हासिल नहीं किया है। एनटीए द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 100 एनटीए स्कोर करने वाले 20 उम्मीदवारों में अभिनीत मजीती, अमोघ जालान, अपूर्वा समोता, आशिक स्टेनी, बिकिना अभिनव चौधरी, देशांक प्रताप सिंह, ध्रुव संजय जैन, ज्ञानेश हेमेंद्र शिंदे, दुग्गीनेनी वेंकट युगेश, गुलशन कुमार, गुथिकोंडा अभिराम, कौशल विजयवर्गीय, कृष गुप्ता, मयंक सोनी, एनके विश्वजीत, निपुण गोयल, ऋषि कालरा, सोहम दास, सुथार हर्षुल संजयभाई और वाविलला चिदविलास रेड्डी शामिल हैं। जेइइ मेन पेपर 1 (बीइ/बीटेक) के लिए 8,60,064 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जबकि पेपर 2ए और पेपर 2बी (बी आर्क, बी प्लानिंग) के लिए 46,465 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था। अब एनटीए 06, 08, 10, 11 और 12 अप्रैल, 2023 को संयुक्त प्रवेश परीक्षा, जेइइ मेन 2023 के सत्र-2 का आयोजन करेगा।



महाधिवक्ता को पद से हटाया जाये: लोबिन हेंब्रम

झामुमो विधायक ने कहा, राजीव रंजन की मानसिकता आदिवासी विरोधी

बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्रित्वकाल में स्थानीय नीति के विरोध में कोर्ट में गये थे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झामुमो विधायक और झारखंड बचाओ मोर्चा के मुख्य संयोजक लोबिन हेंब्रम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महाधिवक्ता राजीव रंजन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब बाबूलाल मरांडी की सरकार थी, तो बिहार पुनर्गठन अधिनियम के तहत बिहार की स्थानीय नीति को मरांडी ने लागू किया था। उसके खिलाफ राजीव रंजन हाइकोर्ट गये थे और झारखंड को स्थानीय नीति नहीं मिल पायी थी। ऐसे में झारखंड विरोधी मानसिकता वाले व्यक्ति को आखिरकार सरकार ने किस आधार पर इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंप दी। लोबिन मंगलवार को विधायक आवास में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

लोबिन ने कहा कि झारखंड को लेकर जो भी नीति नियम बन रहे हैं, उसे ना तो राजीव रंजन हाइकोर्ट में और ना ही राजभवन के पास सरकार का पक्ष मजबूती से रख पा रहे हैं। इसलिए सरकार इस झारखंड विरोधी महाधिवक्ता राजीव रंजन को अविलंब हटाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किस हैसियत से झारखंडी जोहार यात्रा और खतियान यात्रा कर रहे हैं, जबकि सरकार की ओर से जो भी नीति बनायी जा रही है, उसे राजभवन और कोर्ट खारिज कर दे रहे है।

लोबिन ने पूछा कि इस तरह की यात्रा का मतलब क्या है? उन्होंने कहा कि अब तक हाइकोर्ट से नियोजन नीति रिजेक्ट हो चुकी है। राज्यपाल ने स्थानीय नीति को लौटा दिया है। मुख्यमंत्री का नैतिक दायित्व अब नहीं है कि वह इस तरह की यात्रा करें। उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहते हैं कि पारसनाथ आदिवासियों का था और आदिवासियों का रहेगा, लेकिन केंद्र सरकार को जो पत्र लिखा जाता है, उसमें आदिवासी शब्द का जिक्र नहीं होता है और इसे जैन मुनियों का तीर्थस्थल बताया जाता है।

लोबिन ने कहा कि मुख्यमंत्री आदिवासी समाज को बेवकूफ बना रहे हैं। इसलिए 21 और 22 फरवरी को पारसनाथ में आदिवासियों का जुटान होगा। उन्होंने कई कार्यक्रमों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 4 मार्च को हजारीबाग में प्रमंडलीय सम्मेलन, 18 मार्च को रांची में आदिवासी जमीन बचाने को लेकर बड़ी रैली, 21 और 22 फरवरी को पारसनाथ में पूरे देश के आदिवासियों का जुटान, 13- 14 मार्च को विधानसभा के समक्ष धरना और 15 मार्च को विधानसभा घेराव होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 54,300 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 08 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in

चौतरफा घिरते जा रहे हैं नीतीश कुमार

■ राजद विधायकों के प्रहार के बाद अब अपने भी बना रहे निशाना

■ 'आरयूसी फैक्टर' बन रहा है बड़ी चुनौती, इससे पार पाना होगा मुश्किल

आजाद सिपाही विशेष

पिछले साल अगस्त में बड़े तामझाम से बिहार में बनी महागठबंधन की सरकार के मुखिया और 'राजनीति के पलटू चाचा' नीतीश कुमार इन दिनों बहुत बेचैन हैं। उनकी हालत 'सांप छछूंदर' जैसी हो गयी है। राजद-कांग्रेस से दोस्ती उन्हें न निगलते बन रही है और न उगलते। उनसे सत्ता का मोह भी नहीं छूट रहा है और बीच-बीच में वह यदा-कदा प्रधानमंत्री पद की अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को सामने लाने से परहेज भी नहीं कर पा रहे हैं। 'हम तो सत्ता के मोह पाश से मुक्त हो चुके हैं' और 'मर जायेंगे, लेकिन भाजपा के साथ नहीं आयेंगे' जैसा बयान देना नीतीश कुमार की मजबूरी बन गयी है। इतना ही नहीं, अब तो अपने भी उन्हें चुनौती देने लगे हैं। जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और कभी अपने खासमखास उपेंद्र कुशवाहा भी इन दिनों आरसीपी सिंह की राह चल पड़े हैं और बिहार की सियासत में धीरे-धीरे 'आरयूसी फैक्टर' भी जोर पकड़ रहा है, जिसका असर नीतीश कुमार के साथ गैर-भाजपाई गठबंधन और बिहार की सियासत पर पड़ने के आसार अभी से नजर आने लगे हैं। यह फैक्टर आरसीपी सिंह, उपेंद्र कुशवाहा और चिराग पासवान का वह त्रिकोण है, जिसके आगे नीतीश कुमार की सभी रणनीति कमजोर पड़ती दिख रही है। ऐसे में यदि 2024 से पहले बिहार की सियासत में कोई बड़ा 'खेला' हो जाये, तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। नीतीश कुमार के सामने लगातार गहराते संकट के तमाम पहलुओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

दुनिया को राजनीति का पाठ पढ़ानेवाले चाणक्य की धरती बिहार 21वीं शताब्दी में राजनीतिक रूप से भारत का सबसे संवेदनशील राज्य है, जहां की सियासत में अकसर बड़े-बड़े सूरमा ढेर हो जाते हैं। इन सूरमाओं को पता भी नहीं चलता कि बिहार की हवा कब उनके विपरीत बहने लगी है और कब वे खुद इसके विपरीत जाने लगे हैं। अब वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही लिया जाये। वह इन दिनों अजीब किस्म के राजनीतिक दबाव में हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अभी एक साल का समय है, लेकिन इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक तरफ भाजपा विरोधी दलों को एकजुट करने में जुटे हुए हैं, तो वहीं उनके ही नेता बिहार में सियासी 'खेला' करने की तैयारी कर रहे हैं। नीतीश कुमार की सबसे बड़ी परेशानी यही है कि वह समय रहते इस रणनीति को समझ नहीं पा रहे हैं। यह उनकी राजनीति की कमजोरी है या कुछ और, इस बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती, क्योंकि नीतीश को पढ़ना आज भी लगभग असंभव है।

लौटते हैं बिहार की तरफ। बिहार में पिछले साल अगस्त में जब से नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी है, तब से किसी न किसी मुद्दे पर बवाल जारी है। सहयोगी हों या विपक्षी, दोनों ने ही नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। जब तक जदयू भाजपा के साथ था, भाजपा नेता शांत थे। नीतीश के एनडीए से अलग होते ही भाजपा नेताओं ने नीतीश कुमार पर आरोप लगाना शुरू कर दिया। अब तो उनके ही नेताओं ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नीतीश कुमार ने जिस राजद के साथ दोबारा दोस्ती कर प्रधानमंत्री पद की अपनी महत्वाकांक्षा को उड़ान दी थी, उसी राजद के नेता उन्हें घेरने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने दे रहे। पहले शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामचरित मानस के बारे में विवादित बयान देकर नीतीश के लिए परेशानी खड़ी की, तो उसके बाद राजद विधायक सुधाकर सिंह उनसे दो हाथ आगे निकल गये। उन्होंने नीतीश कुमार को 'कमजोर' और 'भाड़े का नेता' तक बता दिया। हद तो तब हो गयी, जब राजद के इन नेताओं को नोटिस जारी करने के बाद तेजस्वी यादव ने चुप्पी साध ली। जदयू खेमा बार-बार कहता रहा कि राजद इन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करे, लेकिन तेजस्वी टस से मस नहीं हुए। इसके बाद नीतीश कुमार पर हमले का दूसरा दौर शुरू हुआ। जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा नीतीश कुमार से दो-दो हाथ करने को तैयार हैं, ऐसा उनके बयानों से लगता है। कुशवाहा से पहले आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इन दोनों से पहले जमुई सांसद और लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान नीतीश पर वार कर ही रहे हैं।

नीतीश के लिए परेशानी बनेगी तिकड़ी

बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच नीतीश कुमार को 'आरयूसी फैक्टर' परेशान कर सकता है। कहा जा रहा है कि अगर यह फैक्टर काम कर गया, तो नीतीश कुमार के साथ-साथ महागठबंधन सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यही नहीं, 2024 के लोकसभा चुनाव में यह फैक्टर महागठबंधन के लिए नुकसान करने वाला हो सकता है। उपेंद्र कुशवाहा जदयू में हैं। आरसीपी सिंह फिलहाल किसी पार्टी से नहीं जुड़े हैं। वहीं चिराग पासवान की खुद की पार्टी है। उनके भाजपा से अच्छे संबंध हैं। चिराग पासवान खुद को पीएम मोदी का 'हनुमान' बताते हैं।

जदयू से नाराज हैं नीतीश के 'खास'

आरसीपी सिंह हों या उपेंद्र कुशवाहा, दोनों ही नीतीश कुमार के खास हुआ करते थे। अरसीपी सिंह अब जदयू में नहीं हैं। वह आये दिन नीतीश कुमार के खिलाफ बयान देते रहते हैं। शराबबंदी समेत कई मुद्दों पर महागठबंधन सरकार पर वह हमलावर हैं। आरसीपी के बयान से तो ऐसा ही लगता है कि वह लोकसभा चुनाव में नीतीश के खिलाफ काम करेंगे। संभव है कि वह भाजपा के साथ चले जायें। इधर कुशवाहा को संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। चर्चा यह भी है कि अगर कुशवाहा जदयू छोड़ते या तोड़ते हैं, तो दोनों एक साथ मिल कर काम करें। वे महागठबंधन के खिलाफ 2024 में बैटिंग भी कर सकते हैं। चिराग पासवान फिलहाल 'वेट एंड वॉच पॉलिसी' पर काम कर रहे हैं। हालांकि बिहार में हुए उपचुनाव में उन्होंने भाजपा का समर्थन किया था। संभव है कि लोकसभा चुनाव से पहले वह एनडीए में शामिल हो जायें। ऐसे में 'आरयूसी फैक्टर' लोकसभा चुनाव में काफी मायने रखेगा। हालांकि बिहार की सियासत में कुछ भी हो सकता है।

दूसरी ओर नीतीश कुमार भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट करने में लगे हैं। वह प्रत्यक्ष तौर पर खुद को भाजपा विरोधी दलों की एकजुटता का शिल्पकार बताते हैं, लेकिन इसमें अकसर उनकी महत्वाकांक्षा की झलक भी मिल जाती है। इसका असर 2024 लोकसभा चुनाव में क्या होगा, इस पर राजनीतिक पंडितों की नजर रहेगी। 2024 के लोकसभा चुनाव का नतीजा क्या होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में छुपा है, लेकिन चर्चा का केंद्र बिंदु बिहार की सियासत जरूर रहेगी। नीतीश कुमार ने एनडीए से अलग होने के बाद एक बार भी खुद को पीएम पद का चेहरा नहीं बताया है, हालांकि गाहे-बगाहे चर्चा उनके नाम की जरूर होती है। नीतीश तो खुद को 'राजनीतिक पदों से ऊपर' और 'राजनीतिक संन्यासी' बताते हुए भी अपनी महत्वाकांक्षा को सामने ला ही देते हैं। उनके 'बड़े भाई' लालू यादव की पार्टी नीतीश कुमार के साथ है। राजद नीतीश कुमार को पीएम पद का चेहरा मानता है। संभव है कि इस मुद्दे पर नीतीश कुमार का साथ भी दे दे, लेकिन कांग्रेस को लेकर संशय बरकरार है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से इसको लेकर साफ-साफ संदेश भी दे दिया गया है। वैसे भी कांग्रेस किसी भी हाल में राहुल गांधी को पीएम पद का चेहरा मानना नहीं छोड़ेगी। छोड़े भी, निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस नीतीश कुमार की पार्टी से बहुत बड़ी है। तुलनात्मक रूप से राहुल की लोकप्रियता नीतीश से कतई कम नहीं है, ऐसे में कांग्रेस नीतीश को चेहरा मान कर अपने पैर में कुल्हाड़ी कैसे मारेगी।

रिबिका हत्याकांड के खुलासे की उम्मीद जगी

आजाद सिपाही संवाददाता

साहिबगंज। साहिबगंज जिले के बोरियो प्रखंड में हुए रिबिका हत्याकांड मामले में लगभग 50 दिनों के बाद अच्छी खबर आयी है। इस हत्याकांड के खुलासे की उम्मीद अब जगी है। दुमका स्थित फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुए रिबिका के 18 टुकड़ों के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट डॉक्टरों ने पुलिस को सौंप दी है। इसके बाद से इसके खुलासे की उम्मीद जगी है। हालांकि पुलिस ने अभी इस पोस्टमार्टम रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया है। अभी पुलिस ने इस पोस्टमार्टम रिपोर्ट को अपने पास ही रखा है। जिले के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा की मानें, तो जल्द ही इसका खुलासा किया जायेगा। कुछ जरूरी जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। उसी का इंतजार किय जा रहा है।

डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को सौंपी

मुख्य आरोपी मैनुल हक अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट का इंतजार

सूत्रों की मानें तो अभी जिले की पुलिस दो अहम जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। ये दो रिपोर्ट एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट हैं। जब तक ये दोनों रिपोर्ट पुलिस को नहीं मिल जाते तब तक इस हत्याकांड का खुलासा नहीं किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शव का एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट रांची फोरेंसिक लैब से भेजा जाना है। जिसके बाद ही पुलिस को पोस्टमॉर्टम की फाइनल रिपोर्ट मिलेगी। पुलिस अब आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। इसके लिए 17 मार्च तक का समय है।

मुख्य आरोपी अब भी पकड़ से बाहर

रिबिका हत्याकांड मामले का मुख्य आरोपी मैनुल हक अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस अभी तक मुख्य आरोपी का कोई सुराग नहीं ढूंढ़ पायी है। जबकि रिबिका के पति दिलदार अंसारी सहित 10 लोगों को रेबिका की हत्या, हत्या की साजिश रचने और सबूत मिटाने के आरोपों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि रिबिका की हत्या किये जाने के बाद उसके शरीर से चमड़े को छिल दिया गया था। अभी जब पुलिस के हाथ पोस्टमार्टम की पूरी रिपोर्ट मिल जायेगी, तब सही बात सामने आयेगी।

क्या है रिबिका हत्याकांड

झारखंड के साहेबगंज जिले के बोरियो प्रखंड में आदिवासी युवती रिबिका पहाड़िन की हत्या कर दी गयी थी। वह आदिम पहाड़िया जनजाति समुदाय से आती है। उसकी हत्या 16 दिसंबर की रात कर दी गयी थी। हत्या का खुलासा तब हुआ जब 17 दिसंबर की शाम को हुआ जब बोरियो संताली स्थित मोमिन टोला में निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के पास उसके पैर के टुकड़े मिले थे। पैर के टुकड़ों की पहचान रेबिका के पति दिलदार अंसारी ने की थी।

हाइकोर्ट से टेरर फंडिंग मामले में प्रेम विकास सिंह की जमानत याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस राजेश कुमार की खंडपीठ ने मंगलवार को प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद खंडपीठ ने याचिका खारिज कर दी है। एनआइए और याचिकाकर्ता की दलील पूरी सुनने के बाद हाइकोर्ट ने प्रेम विकास सिंह की जमानत अर्जी ठुकराते हुए उसे जमानत देने से इनकार कर दिया है। प्रेम विकास सिंह की ओर से अधिवक्ता शदाब ने अदालत में पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि टेरर फंडिंग केस में आरोपित प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह ने 19 सितंबर को एनआइए की विशेष अदालत में सरेंडर किया था। यह मामला टंडवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीसीएल की मगध और आम्रपाली परियोजना से जुड़ा है। मंटू सिंह पर आरोप है कि प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों से वह नक्सलियों को लेवी वसूल कर देते थे।

चाइबासा में फिर हुए आइइडी विस्फोट में सीआरपीएफ का एक जवान घायल

बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। चाइबासा जिले के गोइलकेरा थाना इलाके के हाथीबीरू जंगल में आइइडी विस्फोट में एक जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। घायल जवान का नाम संजीव कुमार है और वह सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन का जवान है। बता दें कि इन दिनों चाइबासा पुलिस एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा के खिलाफ नक्सल प्रभावित इलाकों में सर्च अभियान चला रही है। इसी सर्च अभियान के दौरान यह घटना हुई है। घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है।

शहीद जवान के परिजनों को 10 लाख देने के निर्देश

रांची। राज्य सरकार के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने लेह लद्दाख में बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के शहीद जवान अभिषेक कुमार के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है।प्रधान सचिव ने रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा को दिये गये आदेश में कहा है कि 24 अक्टूबर, 2020 को देश के लिए कर्तव्य निर्वहन करने के दौरान लेह लद्दाख में बारूदी सुरंग विस्फोट के कारण शहीद सेना के जवान अभिषेक कुमार के परिजनों को 10 लाख रुपये आवंटित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि 24 अक्टूबर, 2020 को रांची जिले के चान्हो के चोरेया गांव के रहनेवाले जवान अभिषेक कुमार साहू (25) लद्दाख में शहीद हो गये थे। अभिषेक 2015 में सेना में भर्ती हुए थे। वह सेना में जीडी के पद पर तैनात थे।

कोल्हान नाम से अलग देश की मांग करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

देशद्रोह का है आरोप, 6 साल से चल रहे थे फरारा

आजाद सिपाही संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला को कोल्हान नाम से अलग देश की मांग से जुड़े देशद्रोह के एक मामले में करीब छह साल से फरार चल रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों की गिरफ्तारी पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र से की गयी है। देशद्रोह जैसे संगीन अपराध के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के शिव चरण पिंगुवा, खड़बंध के नारायण पिंगुवा और धनसारी निवासी सरिम पाट पिंगुवा शामिल हैं। तीनों को चाइबासा मंडलकारा भेज दिया गया है। तीनों कोल्हान अलग राष्ट्र की मांग करने वाले रामो बिरुवा के सहयोगी थे। रामो बिरूवा ने अलग कोल्हान देश की मांग को लेकर खूंटपानी प्रखंड के पांड्राशाली के भोया गांव स्थित बिंदीबासा में 18 दिसंबर 2017 को सुबह 11 बजकर 11 मिनट पर अलग देश का झंडा फहराने की घोषणा की थी। तब प्रशासन ने इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद रामो और उसके समर्थक सभा की तैयारी में जुटे रहे। इस बीच पुलिस ने धारा 144 लगाते हुए कार्यक्रम स्थल से मंच को हटा दिया था।

फाइल फोटो।

निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

रांची। वर्ष 2009 में आम लोगों पर पुलिस के अत्याचार के खिलाफ गोड्डा में सड़क जाम से संबंधित एक मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से संबंधित मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की अदालत ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है।

पूजा सिंघल के पति के सीए सुमन कुमार की जमानत पर सुनवाई में इडी ने जवाब के लिए मांगा समय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले के आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार की जमानत याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 13 फरवरी निर्धारित की। कोर्ट ने प्रार्थी की हस्तक्षेप याचिका (आइए) पर इडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया। बता दें कि सुमन कुमार की जमानत याचिका निचली अदालत से खारिज हो चुकी है। इसके बाद सुमन कुमार ने हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इसमें आइए दाखिल कर उनकी ओर से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की गुहार हाइकोर्ट से लगायी गयी है। उसकी डिस्चार्ज पिटिशन को भी दिसंबर 2022 में इडी कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब उसके खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होनी है। बता दें कि सीए सुमन सिंह के आवास एवं कार्यालय से इडी ने 19.31 करोड़ रुपये नगद बरामद किये थे। सुमन कुमार पर मनरेगा घोटाले की राशि से मनी लाउंड्रिंग करने में पूजा सिंघल का साथ देने का आरोप है। 11 मई को सुमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था और जेल भेज दिया गया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.2 °c	13.0 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.40 बजे
सूर्योदय (कल) :		06.27 बजे

मुख्यमंत्री के निर्देश पर टुना सबर को मिला नया जीवन

पूर्वी सिंहभूम की डीसी विजया ने अस्पताल में कराया भर्ती

आदिम जनजाति समुदाय का टुना सबर गंभीर चर्म रोग से है पीड़ित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर आदिम जनजाति समुदाय के टुना सबर को नया जीवन मिल गया। चर्म रोग से वीभत्स रूप से जकड़ चुके टुना को अब रोग से मुक्ति मिल जायेगी। चिकित्सकों ने आश्वस्त किया है जल्द टुना अपने पुराने स्वरूप में नजर आयेंगे। पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड के केंदुआ प्रखंड स्थित दंपाबेडा गांव में निवास करने वाले एक बेहद गरीब व्यक्ति टुना सबर की बीमारी से संबंधित मामले की जानकारी मुख्यमंत्री और मंत्री चंपई सोरेन को प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने तत्काल उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव को टुना के बेहतर इलाज का निर्देश दिया। मंत्री चंपाई सोरेन भी उपायुक्त को लगातार इस संबंध में निर्देश देते रहे। मुख्यमंत्री का निर्देश और मामले की जानकारी मिलते ही उपायुक्त ने एंबुलेंस भेज टुना सबर को जमशेदपुर स्थित सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों की एक टीम टुना सबर का इलाज कर रही है। डुमरिया प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत के दंपाबेड़ा में बीमार टुना सबर अन्य सबर परिवार के लिए वरदान साबित हुआ। उपायुक्त के निर्देश पर गांव में विशेष शिविर लगाकर सभी सबर परिवारों के स्वास्थ्य जांच की गयी। सबर जनजाति के बारह परिवार दंपाबेड़ा में निवास करते हैं। सभी को डाकिया योजना के तहत माह जनवरी तक खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरी पालन के लिए सबर परिवार से आवेदन लिये गये हैं। जल्द सबर परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ दिया जायेगा। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बाद और पूर्व से ही वर्तमान सरकार राज्य के दुर्गम क्षेत्र में निवास करने वालों तक पहुंच रही है। विकास और योजनाओं से अछूते लोगों को कैंप लगाकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

हेमंत सोरेन को शादी की सालगिरह पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दी शुभकामनाएं

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शादी की सालगिरह मंगलवार को है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबियों ने ट्वीट करते हुए उन्हें बधाई दी है। शादी की 17वीं सालगिरह के मुबारक अवसर पर मंगल कामनाओं के साथ असीम शुभकामनाएं दी हैं। राज्य के पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि 'राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन को शादी की सालगिरह की बहुत-बहुत बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं। मां गढ़देवी की असीम कृपा सदैव आप दोनों पर बनी रहे, ऐसी कामना है'। बता दें कि सात फरवरी, 2006 को हेमंत और कल्पना सोरेन परिणय सूत्र में बंधे थे।

न्यूटन ट्यूटोरियल के अनिकेत को 99.75 पर्सेंटाइल, टॉपर बने

आजाद सिपाही संवाददाता

205 विद्यार्थियों का पर्सेंटाइल 90 प्रतिशत से अधिक : संचालक इमरान अली

रांची। इस वर्ष जेइइ मेन फेज वन की परीक्षा में हरिओम टावर, सरकुलर रोड, रांची स्थित न्यूटन ट्यूटोरियल प्रा. लि. के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन यहां के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में किया। यहां के संचालक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा. लि.से 205 विद्यार्थियों का पर्सेंटाइल 90 प्रतिशत से अधिक रहा जिनमें निम्नलिखित ये छात्र हैं : अनिकेत कुमार (पर्सेंटाइल - 99.75), एमडी सोहेल अंसारी (पर्सेंटाइल - 99.08), अर्पित आनंद (पर्सेंटाइल - 98.99), पीयूष कुमार सिंह (पर्सेंटाइल - 98.94) शिवम कुमार (पर्सेंटाइल - 98.84), अर्श खान (पर्सेंटाइल - 98.55), श्रुति सिंह (पर्सेंटाइल - 98.22), मोहित कुमार (पर्सेंटाइल - 97.43), शिवम मोदी (पर्सेंटाइल - 97.14), सरबजीत राणा (पर्सेंटाइल - 96.83), विपुल विनीत (पर्सेंटाइल - 96.78), आदित्य आर्यन (पर्सेंटाइल - 96.56), राहुल राज (पर्सेंटाइल-95.72), यश कुमार (पर्सेंटाइल - 95.27), अनन्ये कच्छप (पर्सेंटाइल-95.22), पल्लवी कुमारी (पर्सेंटाइल - 94.68),को जेइइ मेन फेज वन में बेस्ट परसेंटाईल मिला है। निदेशक इमरान अली से इतने सारे छात्रों के सफल होने के सबंध में पूछने पर उन्होंने बताया कि यहां का स्टडी पैकेज जेइइ मेन एवं जेइइ एडवांस्ड के अनुरूप ही बनाया गया है। यहां शिक्षक एवं छात्रों के बीच बहुत ही मिलनसार संबंध है इसलिए छात्र बिना किसी संकोच के शिक्षक से अपना डाउट सोल्भ करते हैं। यहां डाउट सोल्भ करने के लिए एक अतिरिक्त शिक्षकों का दल सुबह 10:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक रहता है। प्रणव सर, पंकज सर और यहां के सभी शिक्षकों ने इन सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता, संतान सुख. स्वास्थ्य में सुधार होगा।

वृष प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, महत्वपूर्ण काम बनेगा,धन लाभ होगा।

मिथुन कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम और धन की प्राप्ति होगी।

कर्क महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

सिंह रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

कन्या बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

तुला परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

वृश्चिक जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

धनु शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

मकर आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

कुंभ इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

मीन सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सीएम हेमंत सोरेन से की शिष्टाचार मुलाकात

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुलाकात की। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। मुलाकात के दौरान दोनों मुख्यमंत्री ने देश और राज्य से जुड़े विकास के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

मुख्य सचिव बजट खर्च की आज करेंगे समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू हो रहा है। इसके लिए राज्यपाल डॉ. रमेश बैस ने बजट सत्र आहूत करने की अनुमति दे दी है। विधानसभा के बजट सत्र को लेकर सभी विभागों में तैयारी भी तेज हो गयी है। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट खर्च की समीक्षा करेंगे। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष के बजट प्रारूप पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। विधानसभा के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा इसके बाद शोक प्रस्ताव इत्यादि होगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय संसदीय कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट तीन मार्च को झारखंड विधानसभा में पेश होगा। बजट सत्र के कार्यक्रमों की मंजूरी नौ फरवरी को झारखंड कैबिनेट की बैठक में ली जायेगी।

अब 4 घंटे में पटना से पहुंचेंगे रांची, वंदे भारत एक्सप्रेस की मिल सकती है सौगात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बिहार और झारखंड राज्य को जल्द ही वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिल सकती है। जल्द ही तीन नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। इसका परिचालन पटना से रांची, पटना से हावड़ा और वाराणसी से गया-धनबाद होते हुए हावड़ा के लिए किया जायेगा। बिहार को यह भेंट 1 फरवरी को आये रेल बजट में मिली है।

नयी वंदे भारत एक्सप्रेस महज 4 घंटे में पटना से रांची पहुंचेगी। इसे पटना-इस्लामपुर होते हुए रांची के लिए बनी नयी लाइन से चलाने की योजना है। इस लाइन से पटना से रांची की दूरी लगभग 50 किलोमीटर कम हो जायेगी। फिलहाल इस यात्रा में 8 घंटे का समय लगता है। ट्रेनों का परिचालन कभी भी शुरू किया जा सकता है। अप्रैल के बाद शुरू होने की संभावना है। इनमें से कुछ रूटों पर सुरक्षा प्रणाली जैसे की कवच और ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम का कार्य पूरा हो चुका है। ऐसे रूटों पर वंदे भारत 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से दौड़ेगी। बता दें कि गया रूट में कार्य पूरा कर लिया गया है। इस साल पंडित दीनदयाल उपाध्याय से झाझा स्टेशन तक कवच सिस्टम लगाने काम भी पूरा कर लिया जायेगा। कुछ जगहों पर अभी तक कवच और ऑटोमैटिक ब्लाक सिग्नल सिस्टम की सेवा अभी नहीं है। इन रूटों पर वंदे भारत की स्पीड 130 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। फिलहाल पटना से रांची आने वाली जनशताब्दी को पुराने रूट से ही चलाया जायेगा।

रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

रांची (आजाद सिपाही)। सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की और इस बजट में रांची लोकसभा के अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशन खलारी, मैंक्लुस्कीगंज, टाटीसिलवे, इचागढ़, नगड़ी, हटिया, मुरी, नामकुम, सिल्ली को मॉडल स्टेशन बनाने के लिए आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने कोरोना काल में जो ट्रेनें रांची के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव था उसे पुनः शुरू करने और रांची से पटना रांची से कोलकाता तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जल्द शुरू करने का अनुरोध किया। रेल मंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द ही कई सकरात्मक परिणाम मिलेंगे।

नये रूट पर लाइन के निर्माण को हरी झंडी

बजट में कई नये रूट के निर्माण को सहमति मिली है। इनमें पटना से रांची के बीच सीधी रेल लाइन के लिए कोडरमा से रांची के लिए नयी रेल लाइन और दानापुर बोधगया व चतरा तक नयी रेल लाइन शामिल हैं। इसके अलावा वजीरगंज-नटेसर गया वाया गहलौर रेललाइन के सर्वे का काम शुरू किया गया है। कोडरमा तिलैया रेल परियोजना को भी 275 करोड़ मिले हैं। वहीं नये बजट में गंगा में बन रहे महासेतु के लिए पांच सौ करोड़ आवंटित हुए हैं।

मुख्यमंत्री के काफिले पर हमला मामले में हाइकोर्ट ने केस डायरी तलब की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में मंगलवार को हिंदूवादी नेता भैरव सिंह की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने भैरव सिंह के विरुद्ध दर्ज केस की केस डायरी तलब की है। यह मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काफिले पर हमला से जुड़ा हुआ है, जिसमें भैरव सिंह समेत कई लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में भैरव सिंह को हाइकोर्ट से बेल मिली थी। निचली अदालत में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। ट्रायल कोर्ट ने भैरव सिंह के खिलाफ आरोप गठन (चार्ज फ्रेम) की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। आरोप गठन के खिलाफ भैरव सिंह ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। भैरव सिंह की तरफ से अधिवक्ता अविनाश, ऋषभ और अंकित ने पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि 3 जनवरी, 2021 को ओरमांझी में युवती की सिर कटी लाश मिली थी। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने 4 जनवरी, 2021 की शाम को मुख्यमंत्री के काफिले को रोकने की कोशिश की। काफिले के आगे चलने वाली पायलट गाड़ी को रोक कर क्षतिग्रस्त कर दिया था। साथ ही रास्ता क्लीयर कराने की कोशिश कर रहे ट्रैफिक सिपाहियों और पुलिसकर्मियों के साथ उनकी झड़प भी हुई थी। इस झड़प में कई पुलिसकर्मियों की प्रदर्शनकारियों ने पिटाई कर दी थी।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि पत्र

शुद्धि पत्र सं. 13-GS-DHN-2022-23 : धनबाद, दिनांक 03/02/2023

यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 13-GS-DHN-2022-23 दिनांक 25.01.2023 में "Reply to Queries of Tenderers" नामित एक दस्तावेज संलग्न की गई है जो इस निविदा का एकीकृत भाग होगा।

ई–निविदा सं. 13-GS-DHN-2022-23 दिनांक 25.01.2023 में दर्शायी गयी अन्य विवरण, नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगी।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएस), धनबाद

पीआर/2054/डीएचएन/डीएचएनजीएस/सी/22–23/20

पूर्व तट रेलवे

'ई' प्रॉक्योरमेंट प्रणाली

निम्नलिखित निविदाएँ वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं।

निविदा सूचना सं. PCMM/EP/2022-23/80, दिनांक:02.02.2023

01. निविदा सं. 03231689 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : बोगी माउन्टेड ब्रेक सिलिन्डर, मात्रा : 457 संख्यक

02. निविदा सं. 03233905 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : ट्रैक्शन सेंटर ईलास्टिक ज्वाइंट, मात्रा : 1384 संख्यक

03. निविदा सं. 03231071 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : कॉन्स्टैंट कॉंट्रैक्ट PU साइड, मात्रा : 445 संख्यक

04. निविदा सं. 02221359 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : मॉडिफाइड ल्यूब्रिकेटिंग पिन का सेट, मात्रा : 86 सेट

05. निविदा सं. 03231323 : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : कंट्रोल आर्म्स (Control Arms) का सेट, मात्रा : 61 सेट

06. निविदा सं. 08221087A : सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : डाई पेनेट्रेन्ट (Dye Penetrant) किट, Quantity : T.S. के अनुसार

निविदा खुलने की तिथि : 24.02.2023 (क्रम सं.01 हेतु), 27.02.2023 (क्रम सं.02 एवं 06 हेतु), 01.03.2023 (क्रम सं.03 एवं 04 हेतु), 06.03.2023 (क्रम सं.05 हेतु).

संपूर्ण सूचना, ईएमडी, क्रय प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, भुवनेश्वर

PR - 976/N/22-23

राष्ट्रीय युवा संसद के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 8 फरवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय युवा संसद 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को आभासी माध्यम से होगा। इस प्रतियोगिता का लक्ष्य 18 से 25 आयु वर्ग के युवाओं के बीच निर्णय लेने का कौशल, दूसरों के बीच सम्मान और सहिष्णुता तथा उनके विचारों को प्राप्त करना है। राष्ट्रीय स्तर पर यह आयोजन 23-24 फरवरी को नयी दिल्ली में होगा। इसके विषय 22 फरवरी को मंत्रालय की वेबसाइट पर घोषित किये जायेंगे।

विषय इस प्रकार हैं

भविष्य में कार्य का स्वरूपः उद्योग 4.0, नवाचार एवं 21वीं सदी का कौशल। जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम नियंत्रण-सुस्थिरता को जीवन शैली बनाना। भारत में महिलाओं की सुरक्षा-चुनौतियां एवं समाधान।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल

डॉ. अनिता कुमारी, डीन, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची। डॉ. नरेश कुमार, सदस्य, भारतीय खाद्य निगम। डॉ. रणधीर कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो। अजय कुमार झा, भूतपूर्व शिक्षक, डीएवी स्कूल, रांची। डॉ. आरती सक्सेना, भूतपूर्व शिक्षिका, डीएवी स्कूल, रांची। पांच निर्णायक मंडल की उपस्थिति में राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में रांची सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे और युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। नेहरू युवा केंद्र संगठन की राज्य निदेशक हनी सिन्हा और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य अधिकारी ब्रजेश कुमार भी इस आयोजन में शिरकत करेंगे। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के सफल प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे और झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को क्रमशः प्रथम-दो लाख, द्वितीय-डेढ़ लाख, तृतीय-एक लाख तथा सांत्वना पुरस्कार के तौर पर दो प्रतिभागियों को 50-50 हजार का नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। राज्य स्तर के सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया जायेगा।

दिव्यांग छात्र के एडमिशन मामले में हाइकोर्ट ने रिम्स से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हाइकोर्ट में मंगलवार को एमबीबीएस के छात्र आशीर्वाद सुमन की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रिम्स को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने अदालत में उनका पक्ष रखा। रिम्स की ओर से अधिवक्ता निपुण बक्शी ने कोर्ट में बहस की। आशीर्वाद सुमन ने हाइकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। याचिका में उन्होंने कहा है कि सभी अहर्ताओं को पूरा करने के बाद रिम्स में एमबीबीएस के कोर्स के लिए उनका चयन हुआ। चयन के बाद रिम्स में उन्होंने अपना एडमिशन लिया और रिम्स ने उनसे फीस भी ले ली, लेकिन कुछ दिनों बाद रिम्स ने उनका एडमिशन कैंसिल कर उनकी जगह किसी और छात्र का एडमिशन ले लिया। लोहरदगा के रहने वाले आशीर्वाद सुमन का एडमिशन दिव्यांग कोटे से हुआ था, लेकिन अचानक उन्हें बिना किसी ठोस वजह बताये उनका नामांकन रद्द कर दिया गया है। याचिका में कहा गया कि रिम्स के अधिकारियों की मिलीभगत से आशीर्वाद सुमन का नामांकन रद्द कर दूसरे राज्य के किसी छात्र को एडमिशन दिया गया है। इसलिए नामांकन रद्द करने के रिम्स के आदेश को खारिज किया जाये।

उत्तर रेलवे

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धि पत्र

निविदा नोटिस संख्या 73/2022–23 दिनांक 28.12.2022; निविदा संख्या 07225002A तिथि 20.02.2023; उपरोक्त निविदा के संबंध में, नियत तिथि 09.02.2023 से बढ़ाकर 20.02.2023 कर दी गई है। पात्रता मानदंड, निरीक्षण खंड, अन्य शर्तें, वाणिज्यिक अनुपालन, विवरण में भी संशोधन किया गया है। नवीनतम एमसीएफ विशिष्टता अपलोड कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी। अधिक विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। सं.: 07225002/P-07/2022 दिनांक: 07.02.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 400/2023

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 08 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in

युवक ने खुद का गला काटा, रिम्स में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुढ़मू थाना क्षेत्र के टोंगरीटोला में मंगलवार सुबह झंकु मुंडा ने अपना गला काट लिया। उसे आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया कि झंकु मुंडा गांव के पास स्थित सतबहनी स्थल पर गया और वहां से निर्वस्त्र होकर घर आया। घर पहुंच कर उसने घर में रखे चिलोही से अपना गला काट लिया और फिर सतबहनी स्थल पर जाकर झूमने लगा। मुखिया रामवृत मुंडा ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे लेकर सीएचसी बुढ़मू पहुंची, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

वार्ड पार्षद को हटाये जाने के मामले में हाइकोर्ट गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

फाइनल सुनवाई की तिथि 23 फरवरी निर्धारित

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में मंगलवार को वेद प्रकाश सिंह को वार्ड पार्षद से हटाये जाने मामले में एकल पीठ के द्वारा वेद प्रकाश के पक्ष में दिये गये आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की फाइनल सुनवाई की तिथि 23 फरवरी निर्धारित की।

खंडपीठ ने कहा कि मामले की अंतिम सुनवाई की तिथि निर्धारित की गयी है। ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि इससे संबंधित अवमानना याचिका में एकल पीठ आगे की सुनवाई नहीं करेगी। 3 फरवरी को वेद प्रकाश सिंह की ओर से अवमानना याचिका दायर की गयी थी।

उस दौरान कोर्ट में उपस्थित नगर विकास विभाग के सचिव से पूछा गया था कि हाइकोर्ट की एकल पीठ के आदेश का अब तक अनुपालन क्यों नहीं किया गया, इस पर नगर विकास सचिव ने कोर्ट को बताया था कि एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से अपील याचिका दायर की गयी है। इस जवाब के बाद अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि या तो एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ से स्थगन आदेश लायें अन्यथा आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें। अदालत ने 17 फरवरी को सुनवाई की तिथि निर्धारित की थी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में वार्ड पार्षद वेद प्रकाश सिंह को गलत शपथ पत्र दाखिल करने के मामले में नगर विकास विभाग ने हटा दिया था, जिसे उन्होंने हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार के आदेश को रद्द करते नगर विकास विभाग को आगे की कार्यवाही करने को कहा था, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

रिम्स की महिला डॉक्टर के साथ छेड़छाड़, हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के रिम्स में एक महिला डॉक्टर के साथ सोमवार देर रात छेड़छाड़ की गयी। इसके बाद जूनियर डॉक्टर आक्रोशित हो गये। रात में ही उन्होंने ट्रामा सेंटर का गेट जाम कर दिया और हंगामा किया। उनका कहना था कि रिम्स में बाहरी असामाजिक तत्व घूम रहे हैं। उन्होंने रिम्स प्रबंधन से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

हालांकि, इस मामले में अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं की गयी है। वहीं, मंगलवार को डेंटल कॉलेज में भी बाहरी युवकों द्वारा छेड़छाड़ की गयी। इसके बाद डेंटल कालेज के स्टूडेंट और युवक भिड़ गये। दोनों ओर से हाथापाई के बाद जब युवक कमजोर पड़े, तो वहां से भाग निकले।

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ विकास ने कहा कि उन्हें भी सूचना मिली है। जब तक कोई लिखित में शिकायत नहीं मिलती, तब तक कुछ बता नहीं सकते।

बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन के अनुसार घटना की जानकारी मिली है। अभी तक लिखित शिकायत नहीं मिली है। हॉस्पिटल के पोस्टमार्टम हाउस के पास ही कुछ दूर पर गर्ल्स हॉस्टल है। रात में महिला डॉक्टर उसी रास्ते से जा रही थी। इस बीच बाइक सवार कुछ युवक पहुंचे और महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ की। इलाका सुनसान होने के कारण इस घटना को युवकों ने अंजाम दिया।

इसके बाद जूनियर डॉक्टर ट्रामा सेंटर में धरने पर बैठ गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुपरिटेंडेंट जूनियर डॉक्टरों से बात करने पहुंचे और आश्वासन दिया कि ऐसी घटना दोबारा से नहीं होगी। तब सभी वापस लौट गये।

हमारी सुनो : कहा-स्थायीकरण के लिए जान भी देंगे

21 दिन से आंदोलनरत स्वास्थ्य विभाग के अनुबंधकर्मियों ने किया भिक्षाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड अनुबंधित पारा कर्मचारी संघ 21 दिन से आंदोलन पर हैं। सरकार के रवैये से नाखुश अनुबंध कर्मियों ने मंगलवार को भिक्षाटन किया। धरना स्थल से उठ कर कर्मियों ने आसपास में भीख मांगा। कर्मियों ने कहा कि उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस बार लड़ाई आरपार की होगी। किसी भी हाल में आश्वासन से काम नहीं चलेगा। लिखित में जब तक उन्हें सरकार या विभाग की ओर से कुछ नहीं दिया जाता, तो वे पीछे नहीं हटेंगे। चाहे स्थायीकरण के लिए उन्हें अपनी जान ही क्यों न देनी पड़े। इस बार की लड़ाई में राज्यभर के आठ हजार कर्मी शामिल हैं। इस वजह से हॉस्पिटलों में काम प्रभावित हो रहा है।

स्थायी नहीं करने पर जता रहे विरोध

अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ एवं एएनएम, जीएनएम संघ के संयुक्त बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मी फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन ने 16 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया था। कर्मियों ने कहा कि वर्तमान सरकार ने तीन महीने में अनुबंध कर्मियों के समायोजन का वादा किया था, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गयी है।

न्यू राजस्थान कलेवालय की आज 57वीं वर्षगांठ

आजाद सिपाही संवाददाता

ग्राहकों के स्वास्थ्य और काम के प्रति इमानदारी ही हमारी पहचान और लक्ष्य : निरंजन शर्मा

रांची। लालपुर चैक स्थित न्यू राजस्थान कलेवालय 8 फरवरी बुधवार को अपने स्थापना की 57वीं वर्षगांठ मना रहा है। प्रतिष्ठान की स्थापना 1966 में कस्तूरचंद सोहन लाल शर्मा ने की थी। प्रतिष्ठान के संचालक निरंजन शर्मा और श्रीराम शर्मा ने बताया कि प्रतिष्ठान में प्रारंभ से ही गुणवत्ता और शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है। गुणवत्तायुक्त और बेहतर कच्चे सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है।

ग्राहकों के स्वास्थ्य और काम के प्रति इमानदारी ही हमारी पहचान और लक्ष्य है। प्रतिष्ठान में छेना, खोवा, काजू बादाम, पिस्ता केसर और शुद्ध घी की मिठाइयां, हर तरह की नमकीन, इंडियन, साउथ इंडियन और चाइनीज आइटम, चाट, आइसक्रीम, डाई फ्रूट, स्पेशल थाली सहित कई अन्य वेराइटी की खाद्य सामग्री उपलब्ध हैं।

केसरिया घी की जलेबी हमारे संस्थान की एक खास पहचान बन गयी है। सिर्फ रांची ही नहीं झारखंड में इस क्वालिटी की जलेबी सिर्फ न्यू राजस्थान कलेवालय में ही उपलब्ध है। ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए कांके रोड में जलेबी जंक्शन खोला गया है। राजधानी रांची सहित आस पास के जिले के लोग भी जलेबी लेने हमारे यहां आते हैं। वर्षगांठ के अवसर पर 20 फरवरी 2023 तक 500 रुपये या उससे अधिक की खरीददारी पर विशेष गिफ्ट दिया जायेगा। ग्राहकों की सुविधा बाजार की मांग और उत्पादों की नयी-नयी वेराइटी के लिए हम बराबर प्रयासरत रहते हैं। शीघ्र ही यह रेस्टोरेंट नये स्वरूप में ग्राहकों की सेवा करेगा।

जी-20 की बैठक के लिए सज रही राजधानी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में जी-20 शिखर सम्मेलन प्रस्तावित है। इसके लिए रांची में कुछ बैठकें होनी हैं। इसको लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। रांची नगर निगम पूरे शहर को चमकाने में लगा है। रोड से लेकर नाला-पार्क सभी को दुरुस्त किया जा रहा है। वॉल पेंटिंग से लेकर डिवाइडर भी चमकाये जा रहे हैं। अब नगर निगम क्षेत्र के सभी खंभे पेंट कर रंगीन लाइट से जगमग होंगे। नगर निगम सभी खंभों पर रोप लाइट लगाएगा। रांची नगर निगम प्रोक्योरमेंट कमिटी की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी है। एजेंसी को जल्द से जल्द पूरे शहर को कवर करने को कहा गया है, जिससे कि जी-20 से पहले शहर बाहर से आने वाले डेलीगेट्स के स्वागत के लिए तैयार होगा।

जिला प्रशासन की टीम नगर निगम के कोआर्डिनेशन के साथ एक टीम का भी गठन किया गया है, जो शहर को साफ सुथरा और अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने का कार्य कर रही है। वहीं अतिथियों के आने और जाने तक ट्रैफिक व्यवस्था सुगम हो इसे लेकर हर बिंदु पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। रूट चार्ट भी तैयार किया जा रहा है। जी-20 की बैठक को लेकर रांची उपायुक्त ने भी विशेष दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निगम को स्पेशल ड्राइव चलाने का निर्देश दिया है।



रांची मेयर आशा लकड़ा ने मंगलवार को जी 20 शिखर सम्मेलन की तैयारी को लेकर कहा कि इस सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधियों की सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। इसको लेकर नगर निगम की ओर से सात टीम बनाई गई हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही हैं। मेयर ने कहा कि दो और तीन मार्च को रांची में जी 20 के प्रतिनिधि पहुंचेंगे। 19 देश और यूरोपीय संघ के 540 डेलिगेट्स उसमें शामिल होंगे, जो रांची में होने वाली बैठकों में मौजूद रहेंगे।

आशा लकड़ा ने बताया कि शहर में रंग रोगन के साथ जिन क्षेत्रों में जी 20 से आए प्रतिनिधियों का भ्रमण होगा, उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए उन इलाकों से अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। इसके लिये जिला प्रशासन के साथ मिलकर लगातार काम किये जा रहे हैं। इसके अलावा उन इलाकों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को नगर निगम ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विशेष बैठक बुलाई है, जिसमें जी-20 की बैठक को लेकर और भी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए जाएंगे। कर्मचारियों को फिलहाल बता दिया गया है कि किन किन क्षेत्रों से प्रतिनिधि गुजरेंगे उन क्षेत्रों में वॉल पेंटिंग और सड़क की रिपेयरिंग का कार्य का काम तेजी से हो रहा है।

बाजार शुल्क वापस ले राज्य सरकार : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। रांची के सांसद संजय सेठ ने कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के तहत राज्य सरकार की ओर से दो फीसदी शुल्क लगाने के निर्णय का विरोध करते हुए व्यापारियों के हित में कानून को वापस लेने की मांग की है। सांसद ने मंगलवार को कहा पूर्व की भाजपा सरकार ने व्यापारियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि शुल्क हटा दिया था। इससे व्यापार में बढ़ोतरी हुई और कारोबार भी बढ़ा। लेकिन वर्तमान सरकार फिर से दो प्रतिशत बाजार शुल्क लगाने का निर्णय किया है। इससे किसानों, खाद्यान्न कारोबारी के साथ-साथ ट्रेडर्स और आम जनों को महंगाई की मार सहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में अधिकांश खाद्यान्न वस्तुएं बाहर से आती हैं। पहले ही उस पर टैक्स लगा होता है फिर यहां आने पर दो प्रतिशत बाजार शुल्क देना होगा। इससे खाद्यान्न महंगे होंगे और हर वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। सांसद ने कहा वह व्यापारियों के साथ इस लड़ाई में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने व्यापारियों के आठ फरवरी के बंदी का समर्थन किया है।

रांची विवि के नये सीसीडीसी का किया गया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एलुमिनाई एसोसिएशन मारवाड़ी कॉलेज के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल व सचिव शुभम मंत्री ने रांची विश्वविद्यालय के नये सीसीडीसी बनने पर डॉ प्रकाश झा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा उम्मीद करता हूं कि नये सीसीडीसी आने से विश्वविद्यालय में नये तरीके से विकास होगा। इस पर सीसीडीसी ने कहा विश्वविद्यालय और छात्र हित के लिए यथा संभव प्रयास करेंगे।

कचरा उठाने के टेंडर मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

हाइकोर्ट ने नगर निगम को दिया निर्देश

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को शहर में घरों से डोर टू डोर कचरा उठाने का टेंडर दिलवाने का आग्रह करने वाली सेंटर फॉर डेवलपमेंट कम्युनिकेशन ट्रस्ट की याचिका की सुनवाई हुई।

मामले में रांची नगर निगम को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था वह रांची शहर में वर्ष 2020 से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम करता था। अप्रैल 2022 में रांची नगर निगम ने उसे बिना किसी आधार के हटा दिया था। रांची नगर निगम की ओर से उसके परफॉर्मेंस को अच्छा नहीं बताते हुए उसका कॉन्ट्रैक्ट रद कर दिया गया था। इसके बाद रांची नगर निगम की ओर से रांची शहर में कचरा उठाव के लिए नया टेंडर जारी किया गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि डेढ़ साल उसने यह काम किया है, इसलिए कचरा उठाव के लिए जो टेंडर हुआ है वह दूसरे को ना दिया जाये, नया टेंडर उसे ही दिया जाये। याचिकाकर्ता का यह भी करना था कि उसे बिना सुने हुए टर्मिनेट कर दिया गया, जो गलत है।

डॉक्टर सौरव शर्मा के निधन पर शोकसभा

रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स रांची में कार्यरत प्लास्टिक सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर सौरव शर्मा के सड़क दुर्घटना में हुए निधन के बाद मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) कामेश्वर प्रसाद, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ सहित अन्य विभागों के चिकित्सकों, कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। रिम्स निदेशक सहित चिकित्सा अधीक्षक, क्रिटिकल केयर, ट्रॉमा और इमरजेंसी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप भट्टाचार्य, प्लास्टिक सर्जरी विभाग के सहयोगी डॉ विक्रांत रंजन एवं अन्य सहपाठियों ने डॉ सौरभ को याद किया और कहा कि वह अपने काम के प्रति समर्पित थे और विभाग के लिए हमेशा कुछ नया करने के लिए तत्पर रहते थे। रिम्स प्रबंधन इस दुख की घड़ी में डॉ सौरभ के परिवार के साथ है। रिम्स निदेशक ने कहा कि रिम्स की ओर से परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। बता दें कि करमटोली चौक के समीप तीन फरवरी को सड़क दुर्घटना में डॉक्टर की मौत हो गयी थी। वह अपने स्कूटी से जा रहे थे इसी दौरान संत मेरी स्कूल की बस की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी थी।

सीएमपीडीआइ ने 100 सौर ऊर्जा चालित स्ट्रीट लाइटें लगायीं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सीएमपीडीआइ क्षेत्रीय संस्थान-1 आसनसोल द्वारा सीएसआर निधि से पश्चिम बंगाल के पश्चिम वर्द्धमान जिले के जमगोरा गांव में 15.10 लाख की लागत से 100 सौर ऊर्जा चालित स्ट्रीट लाइटें लगायी गयीं। ये सौर ऊर्जा चालित लाइटें किफायती और पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ साथ ग्रामीणों एवं आसपास के निवासियों को रात के समय सड़कों पर चलने एवं बाजारों तक पहुंचने में सहूलियत प्रदान करेंगी तथा उनके जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगी। सीएमपीडीआइ के सीएसआर पहल पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम : सरला बिरला विवि में सेमिनार का आयोजन

भारत में जीएसटी लागू करने का इरादा व्यापार के लिए अनुपालन को आसान बनाना : संदीप कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट के द्वारा विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक के सभागार क्रमांक 603 में स्पेशल टॉक ऑन जीएसटी पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के अत्यधिक सम्मानित इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंट्स के फेलो सदस्य, भारत के सबसे प्रसिद्ध अकाउंटेंट में से एक व इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के जीएसटी रिसोर्स पर्सन सीएमए संदीप कुमार ने बहुत ही सुगम एवं रोचक तरीके से जीएसटी की अवधारणाओं, इसके विभिन्न पहलुओं यथा जीएसटी एक्ट 2017 के विभिन्न प्रावधानों, ऑफिशियल वेबसाइट, गवर्नमेंट वेबसाइट तथा जीएसटी काउंसिल, जीएसटी के तीन शेड्यूल एवं जीएसटी के विभिन्न सेक्शन, डेफिनेशन एडमिनिस्ट्रेशन स्कोप सहित सभी सेक्शन का छात्रों एवं प्राध्यापकों के समक्ष विधिवत विश्लेषण करते हुए कहा कि जीएसटी के सेक्शन 48 के तहत जीएसटी प्रैक्टिशनर के तौर पर जॉब के अपार अपॉर्चुनिटी हैं। वे जीएसटी के विभिन्न प्रकारों, पैन कार्ड होल्डर्स एवं टैक्सेबल पर्सन के अवधारणा को बड़े ही बारीकी से छात्रों को समझाने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि भारत में जीएसटी लागू करने का इरादा व्यापार के लिए अनुपालन को आसान बनाना है। सत्र का समापन उन्होंने प्रश्न उत्तर के साथ किया जिसमें छात्रों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके जिज्ञासाओं के साथ-साथ जीएसटी के के सही निर्धारण में आने वाली हर एक बाधाओं के बारे में पूरी जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि वित्तीय अवेयरनेस आज की दैनिक आवश्यकता है। छात्रों को निर्धारित पाठ्यक्रमों के अलावा व्यवसाय जगत में प्रयुक्त होने वाले प्रविधियां एवं घटनाओं के बारे में जागरूक होना वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के लिए काफी उपयोगी होंगे। सेमिनार में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि का स्वागत भाषण करते हुए विषयप्रवेश वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग के डीन डॉ संदीप कुमार ने कराया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता डॉ अतुल कर्ण के द्वारा पूरी की गयी। इस अवसर पर वाणिज्य व्यवसाय प्रबंधन विभाग के डीन डॉ संदीप कुमार, एचओडी डॉ पूजा मिश्रा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ आरोही आनंद, डॉ सौरभ कुमार, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ मुकेश सिंह सहित बीबीए, बीकॉम, एमकॉम एवं एमबीए के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

ममता देवी के साथ हुई बड़ी साजिश जनता करेगी इंसाफ : अविनाश पांडेय

ममता देवी को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद आयेंगे

बीरु कुमार

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में नामांकन की अंतिम तिथि को महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, ने कहा रामगढ़ में महागठबंधन की जीत होगी ।

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में इस बात का फैसला होगा कि ममता देवी किस प्रकार न्याय दिया जाएगा। ममता देवी विधायक रहते हुए एक बड़ी साजिश का शिकार हुई। रामगढ़ की जनता पर अनचाहा चुनाव लादा गया। इन सबके जिम्मेदार व्यक्ति को आम आवाम सबक सिखाएगी। यह बात मंगलवार को रामगढ़ में यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो के नामांकन में शामिल होने आए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कही। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ममता देवी ने हर स्तर पर अपनी भूमिका काफी अच्छे से निभाई। चाहे वह पारिवारिक स्तर हो, एक बच्चे के मां के रूप में हो या आम आवाम के लिए लड़ाई लड़ने की बात हो। यही वजह है कि जनता उन्हें आंदोलनकारी नेता के रूप में याद करती है। उन्होंने कहा कि 2019 में रामगढ़ की जनता ने उस संघर्षशील महिला को विधायक के पद पर बिठाया था। लेकिन साजिशकताओं के द्वारा उन्हें पद से हटाया गया। झूठ का सहारा लेकर कोर्ट में उन्हें एक हत्यारा साबित किया गया।

महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो ने नामांकन दाखिल करने के बाद दहाड़ा

कागजी प्रक्रिया पूरी कर बाहर निकले महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने आजसू नेता चंद्रप्रकाश चौधरी को आड़े हाथ लिया है। कहा कि वे लगातार हमारे बच्चे पर लगातार टीका टिप्पणी कर रहे हैं। क्योंकि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। मैं किसी भी दिन अपने बच्चों को लेकर चुनावी मैदान में नहीं गया हूं।लेकिन वे लगातार बच्चे की मां को लेकर साथ घूम रहे हैं। उन्होंने प्रकाश चौधरी को ललकारते हुए कहा कि चुनावी मैदान में प्रत्याशियों के बीच मुकाबला छोड़ दिया जाए।

ममता देवी को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद आयेंगे

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन का यह गृह जिला है। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव मे वे खुद शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उनके मुख्यमंत्री से बात भी हुई है। उन्होंने कहा है कि अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रही ममता देवी को न्याय दिलाने के लिए वे जनता के बीच जाएंगे।

विस्थापन के मुद्दे पर बहुत जल्द बड़े फैसले लेगी हमारी सरकार : अंबा प्रसाद

मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां गिना कर कहा कि हमारी सरकार ने 3 साल में कई ऐतिहासिक फैसले ली है। क्योंकि यह सरकार हिम्मत वाली है। कोई भी फैसला लेने में हिचकिचाती नहीं है। बहुत जल्द ही विस्थापन के मुद्दे पर सरकार बड़ा फैसला लेने वाली है। जिसकी तैयारी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से रामगढ़ में उपचुनाव हो रहा है।

संघर्षशील और आंदोलनकारी हैं ममता देवी : बंधु तिर्की

मौके पर पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी संघर्षशील और आंदोलनकारी है। वह आमजनों के लिए हमेशा तत्पर रहती थी। घर की दहलीज लांघ कर जनता के बीच गई और जनता ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। लेकिन कुछ षड्यंत्र और सोची समझी साजिश के तहत उन्हें फंसा कर जेल भेज दिया गया है।

नफरत बांटने वाले और प्यार बांटने वाले के बीच की लड़ाई है : सुबोधकांत सहाय

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि एक तरफ नफरत बांटने वालों की गठबंधन हुई है तो दूसरी तरफ राहुल गांधी के प्यार बांटने वाले की पार्टी खड़ी है। इसलिए नफरत बांटने वालों को जवाब देने का समय है।

महागठबंधन की जीत से मिलेगी आंदोलन की देवी ममता को इंसाफ : राजेश ठाकुर

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दूध मुहा बच्चा मां का दूध के लिए बिलख रहा है। इसके लिए आमजनों को भी सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग मतों की जीत से ही आंदोलन की देवी ममता देवी को इंसाफ मिलेगी। क्योंकि उनकी जीत से साजिशकर्ताओं को मुंह तोड़ जवाब मिलेगा।

भ्रष्टाचार नहीं, जनांदोलन में जेल गयी है ममता, विकास के लिए बजरंग को वोट दें : आलमगीर

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी जनांदोलन में जेल गई है। उन पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। सच में हुए सुलझी हुई विधायक थी। वह लगातार अपने क्षेत्र के प्रति गंभीर रहती थी। हर एक छोटे से बड़े मुद्दों को पटल पर रखती थी। इसलिए उनके अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए उनके पति बजरंग महतो को भारी मतों से विजय बनावें। क्योंकि यहां की जनता ने 5 साल के लिए विधायक चुना था। लेकिन कुछ कारणों से यहां उपचुनाव हो रहा है। इसलिए उन्होंने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संपूर्ण विकास के लिए महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो को भारी मतों से विजय बनाने की मतदाताओं अपील से की है।

षड्यंत्रकारियों को जवाब वोट से दें, विकास के लिए बजरंग को जितायें : जोबा मांझी

सभा को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि रामगढ़ में हो रहा उपचुनाव षड्यंत्रकारियों की देन है। एक सोची समझी साजिश के तहत पूर्व विधायक ममता देवी को फंसाया गया है। लेकिन अब समय आ गया है कि उन षड्यंत्रकारियों को मुंहतोड़ जवाब अपने वोट से दें, क्योंकि इस क्षेत्र का विकास केवल महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ही कर सकते हैं।

हर उप चुनाव जीते हैं, रामगढ़ भी जीतेंगे : सत्यानंद भोक्ता

मौके पर झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि अब तक झारखंड में कुल 4 उपचुनाव हुए हैं। सब में हमारी गठबंधन की जीत हुई है। रामगढ़ उपचुनाव भी महागठबंधन के झोली में जाएगा। क्योंकि यहां की जनता जानती है कि बजरंग मतों की जीत से हेमंत सरकार का हाथ मजबूत होगा। जबकि विपक्ष के जीत से न ही सरकार बनने वाला है। न ही कुछ बिगड़ने वाला है। इसलिए यहां की जनता मन बना चुकी है कि हेमंत सोरेन के हाथो को मजबूत करना है विकास की लंबी लकीर खींचने में सहयोग करना है।

युवाओं का भविष्य चंद्र प्रकाश ने खराब कर दिया : बिनोद किस्कू

सभा को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा कि चंद्रप्रकाश चौधरी लगातार 15 सालों तक रामगढ़ विधानसभा पर राज किया है। उन्होंने विकास के नाम पर केवल युवाओं का भविष्य खराब किया है। 3 वर्षों से आजसू का प्रत्याशी गायब था। आज घर-घर जाकर मौका मांग रहा है। वैसे लोगों को चिन्हित करने की जरूरत है। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में बजरंग महतो नहीं पूरा कांग्रेस और झामुमो खड़ा है।

उज्ज्वला फाउंडेशन 2 मार्च को मनायेगा होली मिलन समारोह

कुजू (आजाद सिपाही)। स्वयंसेवी संस्था उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक मंगलवार को बोंगाबार फोरलेन स्थित मोतीराम काम्प्लेक्स में हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सह फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन फाउंडेशन सदस्य शीला कुमारी ने की। बैठक में फाउंडेशन द्वारा जनहित में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही, प्रखंड के सभी पंचायतों से तीन- तीन उज्ज्वला सदस्यों को जोड़ने की सहमति बनी। वही, आगामी दो मार्च को संस्था द्वारा मोती राम काम्प्लेक्स में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर वीणा कुमारी, आशा कुमारी, शांति देवी, अनीता देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुमन देवी, मुनिता देवी, प्रियंका देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, गुनीता देवी, पारो देवी, कुसुम देवी, संगीता देवी, स्वाति देवी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

डीइओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण

सिमरिया (आजाद सिपाही)। डीईओ दिनेश मिश्रा ने मंगलवार को किसान उच्च विद्यालय डाड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के विधि व्यवस्था और शिक्षण कार्य का जायजा लिया। साथ ही बच्चो व शिक्षको की उपस्थिति पंजी, विद्यालय विकास पंजी और नामांकन पंजी का अवलोकन किया। इसके बाद डीईओ ने बारी बारी से सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं से पठन पाठन कार्य संबंधित कई सवाल किया। जिसका जवाब छात्र छात्राओं ने दिया। उन्होंने छात्र छात्राओं को कड़ी मेहनत कर लक्ष्य हासिल करने की बात कही। डीईओ ने शिक्षको को विद्यालय की कमियों को दूर करने सहित कई दिशा निर्देश दिया। मौके पर प्रधानाचार्य वासुदेव राणा, शिक्षक प्रबील राणा, महेंद्र प्रसाद, रॉबिंस कुमार, सन्नी कुमार, संतोष कुमार, शकुंतला, भोलेश्वर दांगी, रूपलाल महतो, अजीत ठाकुर सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

चिकित्सा प्रभारी को ड्यूटी के दौरान आया अटैक, रेफर

सिमरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी अशोक करमाली को अचानक हार्ट अटैक आया जिससे आनन-फानन में उन्हें रांची रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रभारी अस्पताल में मरीजों का इलाज कर रहे थे कि अचानक उन्हें हार्ड अटैक आया और तबियत बिगड़ गई। ड्यूटी पर तैनात डॉ अफान और चिकित्सा कर्मियों ने उन्हें संभाला और अति आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध करायी। तत्पश्चात उन्हें बिना देर किए रांची लेकर रवाना हो गये। चिकित्सा प्रभारी के इस प्रकार अचानक अटैक आने से अस्पताल के कर्मी व स्थानीय लोग चिंतित है और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे।

जनजाति सुरक्षा मंच ने किया जनसभा का आयोजन

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वाधान में आर्य उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना मे जनसभा का आयोजन किया गया।जनसभा की अध्यक्षता जेके लाल व संचालन संतोष स्वर्णकार ने किया।सभा मे छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री विधायक सह जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।श्री राम ने जनजाति समाज की संस्कृति की रक्षा के लिए धर्मांतरण पर रोक लगाने और धर्मान्तरित हो चुके लोगों को डीलिस्ट किए जाने की मांग रखी।सभा मे उपस्थित प्रान्त संयोजक संदीप उराँव ने जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और एकता पर ध्यान केन्द्रित किया। आदिवासियों को हिन्दु धर्म से अलग किए जाने के प्रयास को एक विदेशी षड़यंत्र बताया।उन्होंने कहा आदिवासियों को अल्पसंख्यक बनाकर उनके हितों को छीनने का प्रयास किया जा रहा है।सभा में महरंग उराँव,जिला संयोजक राम दयाल बेदिया,पार्षद गीता देवी, पार्षद सैनियारो बारला,विजय अग्रवाल, कटारिया, महेश साहू(वनवासी कल्याण केन्द्र), अवधेश पाण्डेय, रमेश उराँव, छठीलाल, देव कुमार शर्मा, घनश्याम राणा, सुषमा वेदवंशी, टिकेन्द्र बेदिया, राजेश मुण्डा, देवकी चौधरी, झगडू बेदिया, पवन बेदिया, अपराजित शर्मा,आनंद उरांव, राजेश बेदिया, चामू मुंडा, विजय उरांव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

9 और 10 फरवरी को गाजीपुर, बलिया और बनारस में अखिलेश यादव की मैराथन यात्रा

रांची/वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 9 और 10 फरवरी को राज्य के गाजीपुर, बलिया और वारणसी में मैराथन यात्रा करेंगे। अखिलेश सबसे पहले 9 तारीख गुरुवार को सुबह 11: 15 बजे वारणसी एयरपोर्ट पर उतरेंगे, जहां से वह हैलिकाप्टर द्वारा बलिया जायेंगे। बलिया में वह पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह के आवास पर उनसे मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह बलिया में ही आयोजित शोक सभा में स्व डॉ मनीष दुबे को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद वह हैलिकाप्टर द्वारा 2 बजे दापहर में गाजीपुर पहुचेंगे, यहां वह पूर्व मंत्री कैलाश यादव की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। यहां से वह वापस बनारस जाएंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। 10 तारीख को वह 11 बजे पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव की सुपुत्री की शादी में शामिल होंगे। जिसके बाद वह स्व प्रदीप बजाज को श्रद्धांजलि देंगे। यहां से वह 4 बजे वह दिल्ली जाएंगे। उनकी यात्रा को लेकर उनके निजि सचिव गंगा राम ने उत्तर प्रदेश और दिल्ली के पुलिश प्रशासन से अतिरिक्त सुरक्षा देने का आग्रह किया है।

खंडोली के रास्ते में मिला इंजीनियर की तैयारी कर रहे छात्र का अधजला शव

गिरिडीह। पर्यटन स्थल खंडौली डैम जाने के रास्ते में मंगलवार की शाम 17 वर्षीय छात्र विशाल सिंह का जला हुआ शव मिला। मृतक छात्र के शव के साथ उसकी स्कूटी और आधा लीटर पेट्रोल से भरा एक बोतल व छात्र का मोबाइल भी बरामद हुआ है। छात्र विशाल के शव होने की जानकारी वन विभाग के कर्मियों ने बेंगाबाद थाना प्रभारी शशिकांत सिंह को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचे शव के पास से बरामद मोबाइल फोन से उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। मामले की जानकारी मिलते ही छात्र विशाल के चाचा ललन सिंह समेत कई पड़ोसी भी खंडोली डैम पहुंचे। जहां भतीजे का शव देखकर वे बेहोश हो गए। इस दौरान पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

राज अस्पताल के डॉ आशीष ने ग्रेड-3 हाइटस हर्निया का लैप्रोस्कोपिक विधि से किया सफल ऑपरेशन

रांची (आजाद सिपाही)। राज अस्पताल के डॉ. आशीष कुमार मोदी ने ग्रेड-3 हाइटस हर्निया का लैप्रोस्कोपिक विधि से सफल ऑपरेशन कर मरीज की जान बचायी। 63 साल के बुजुर्ग मरीज काफी दनिों से पेट फूलने की समस्या से परेशान थे। पिछले एक सप्ताल से उन्हें उल्टी हो रही थी। खाना भी नहीं पच रहा था। खाते ही उन्हें उल्टी होने लगती थी। परजिन उन्हें लेकर राज अस्पताल के इमरजेंसी में पहुंचे। जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ आशीष कुमार मोदी ने मरीज को देखा। परजिनों ने बताया कि पिछले 5 दिनों से इन्हें बार-बार उल्टी हो रही है। साथ ही पछिले दो दिनों से भूरे रंग की उल्टी हो रही है। पेट पूरा फुला फुला रहता था। दो दिनों से उन्हें शौच भी नहीं हो रही थी। डॉ आशीष ने तुरंत उनका एक्सरे करवाया। जिसमें उन्हें मरीज के पेट में हाइटस हर्निया होने का संदेह हुआ। फिर राज अस्पताल के ही गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट डॉ रविश रंजन ने मरीज की एंडोस्कोपी करके इसकी पुष्टि की। फिर मरीज की छाती और पेट का CXT-स्कैन कराया गया, जिसमें मरीज में ग्रेड-3 हाइटस हर्निया की पुष्टि हुई। डॉ आशीष कुमार मोदी ने मरीज के परिजनों की सहमति से लैप्रोस्कोपिक विधि से ऑपरेशन करने का फैसला किया। डॉ आशीष ने बताया कि इस तरह की सर्जरी रांची शहर में बहुत बिरले ही होती है। इस ऑपरेशन में डॉ आशीष कुमार मोदी के अलावा डॉ रविश रंजन (गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट), एनेस्थटिस्ट डॉ फुजैल सर्वर बहुत बड़ा योगदान रहा।

कृषि वैज्ञानिक डॉ सतीश चंद्र प्रसाद का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सुप्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और समाजसेवी डॉ सतीश चंद्र प्रसाद का मंगलवार को तड़के रांची में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। मंगलवार शाम हरमू मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। डॉ प्रसाद के पुत्र, अधिवक्ता, समाजसेवी और भाजपा नेता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने उन्हें मुखाग्नि दी। डॉ.प्रसाद लंबे समय तक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक के पद पर पदस्थापित रहे। डॉ प्रसाद अपने पीछे एक पुत्र, तीन पुत्री और भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके अंतिम संस्कार में रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, राजीव रंजन मिश्रा, प्रो. दिलीप प्रसाद, हरिनारायण सिंह, राकेश रंजन बब्लू, आकाश सिन्हा, उपेंद्र कुमार बबलू, सुजीत कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार, धर्मवीर सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, भानू प्रताप सिंह, समीर शर्मा, विद्या, पराग भूषण, पंकज श्रीवास्तव, उदय प्रताप सिंह, राजीव कुमार करण, चांद खान, विजय शंकर, एमवाईके मंगला, पंकज कुमार, आरिफ नासिर बट, नदीम रोशन, डॉ. प्रकाश कुमार सिन्हा, अनंत कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार कंठ, विनोद बिहारी प्रसाद, संतोष, दीपक, अजय सिन्हा, सुमित कुमार सिन्हा, डॉ दिलीप प्रसाद, मनीष सिंह, सुकांतो कुमार मुखर्जी, राम सिंह, कृष्ण प्रसाद, सूरज कुमार सिन्हा, अरविंद सहदेव, उमेश गौड़, राहुल शुक्ला, अशोक गौड़, पिंटू कुमार बबलू, आफताब, राकेश दुबे, आरएन आलोक, राजेंद्र कृष्ण, आनंद पाठक और रामाकांत महतो सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

वेदांता एल्युमीनियम अंतरराष्ट्रीय एल्युमीनियम सम्मेलन के पहले संस्करण का आयोजन करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारत में एल्युमीनियम का सबसे बड़ा उत्पादक वेदांता एल्युमिनियम 9 और 10 फरवरी 2023 को एल्युमिनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआइ) के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय एल्युमीनियम सम्मेलन (आइएसी 2023) के पहले संस्करण की आयोजन करेगा। मेकिंग इंडिया को एल्युमिनियम कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड पर आधारित झारसुगुड़ा ओड़िशा में वेदांता के संचालन में आयोजित किया जायेगा। आइएसी 2023 का उद्देश्य वैश्विक एल्युमीनियम उद्योग और उसके हितधारकों को एक साथ लाना है, जिसमें ग्राहक, अंतिम उपभोक्ता, प्रौद्योगिकी के आपूर्तिकर्ता, एल्युमीनियम उद्योग के लिए सेवाएं और कच्चे माल और मूल्य श्रृंखला के अन्य उद्योगी हैं। सम्मेलन विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान, एल्यूमीनियम के क्षेत्र में नये नवाचारों और विकासों को प्रदर्शित करने, उद्योग में स्थिरता को बढ़ावा देने और एक परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगा ।

सम्मेलन में प्राथमिक धातु उत्पादकों, उपकरण आपूर्तिकताओं, उत्पाद विकास दल, शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान केंद्रों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों सहित विभिन्न प्रतिभागियों से तकनीकी प्रस्तुतियां होंगी। IAC 2023 निम्नलिखित पैनल सत्रों में वैश्विक एल्युमीनियम उद्योग के लिए आगे की राह पर विचार-विमर्श करने के लिए उद्योग के प्रमुख एकत्रित होंगे। राहुल शर्मा अध्यक्ष एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया और एल्युमिनियम पावर और पोर्ट बिजनेस वेदांत लिमिटेड के सीइओ ने कहा कि हम असीमित में विश्वास करते हैं। एल्यूमीनियम उद्योग की क्षमता और इंटरनेशनल के पहले संस्करण की आयोजन करने पर गर्व है।

डीसी की अध्यक्षता में कृषि, गव्य, भूमि संरक्षण समेत अन्य विभागों की बैठक हुई

मुख्यमंत्री के चतरा आगमन को लेकर की जा रही समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, भूमि संरक्षण, मत्स्य विभाग, सहकारिता, सांखयिकी, केसीसी, पीएमकेएसवाई एवं कर्ज माफी से सबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई), झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना समेत अन्य योजनाओं की बारी बारी से समीक्षा किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 96788 किसान क्रेडिट कार्ड बैंकों के द्वारा स्वीकृत किये गये हैं, जो राज्य पर चतरा जिला का चौथा स्थान है। प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत कुल 260 किसानों के आवेदन को ऑन-लाईन स्वीकृति दी गई है। जिसे ड्रीप एवं स्प्रिंकलर से आच्छादित किया जायेगा। झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना के तहत कुल 18832 ई-ङउ के आलोक में 18720 की स्वीकृति दी गयी है। बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जन्म, मृत्यु का निबंधन माह जनवरी 2022 तक अद्यतन है। जिला स्तरीय जीवनांक संबंधी प्रशिक्षन बीते 9 से 12 दिसंबर को आयोजित की गयी। अगहनी द्रतु फसल सर्वेक्षण प्रतिवेदन निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची को भेजी गई है। जन्म-मृत्यु निबंधन के जाली प्रमाण पत्र को रोकने हेतु जाँच की कार्रवाई की जा रही है। वेद व्यास योजना, नया रियरिंग तालाब योजना, तालाब एवं जलाशय मत्स्य का विकास, मत्स्य प्रसार योजना इत्यादि के प्रगति की विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा दी गयी। पशुओं के टीकाकरण एवं पशुधन योजना के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके लिये आवश्यक तैयारी पूर्ण कर योजनाओं को द्रुत गति प्रदान किया जाये। उक्त बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी आशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी समेंत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

ज्ञानप्रभा मिशन का स्थापना दिवस



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ज्ञानप्रभा मिशन का स्थापना दिवस समारोह 10 मार्च को सुबह 10.30 बजे उत्कल मंडप भुवनेश्वर में होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। ज्ञानप्रभा मिशन के संस्थापक परमहंस प्रज्ञानानंद आशीर्बचन प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में ओड़िशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्य के संस्कृति मंत्री अशोक चंद्र पंडा, बीएमसी की मेयर सुलोचना दास और ज्ञानप्रभा मिशन की अध्यक्ष श्रीमती ज्योर्तिमयी मिश्र सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल होंगी। ज्ञानप्रभा मिशन एक मातृ संगठन है। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य साधना के माध्यम से मातृशक्ति के भीतर प्रसुप्त आध्यात्मिक ऊर्जा को जाग्रत कर समाज कल्याण के कार्यों में लगाना है। स्वामी सुधानन्द गिरी और स्वामी समर्पणानंद गिरि ने एक पत्रकार सम्मिलन में कहा कि महिलाओं में जागरूकता पैदा की जाए तो सृष्टि का परिवर्तन संभव है।

पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने भुवनेश्वर न्यू रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक श्री मनोज शर्मा ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंगलवार को भुवनेश्वर न्यू रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं और ट्रेन संचालन के संबंध में रेलवे की विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों का भी जायजा लिया। श्री शर्मा ने अधिकारियों को जमीनी स्तर से स्थानीय प्रशासन सहित सभी एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय रखने का निर्देश दिया, जिससे भुवनेश्वर न्यू स्टेशन पर जारी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके।

भारत भी सतर्क रहे

अमेरिका के संवेदनशील क्षेत्रों के ऊपर मंडराते चीनी गुब्बारे को मार गिराये जाने के बाद दोनों देशों के रिश्ते एक बार फिर पुराने मोड में चले गये हैं। डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में ट्रेड वॉर के चलते दोनों देशों के रिश्तों में जो गिरावट देखी गयी, वह वाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन के आ जाने के बाद भी कई कारणों से बनी ही रही। यूक्रेन युद्ध के सवाल पर चीन का रूसी खेमे में नजर आना तो एक बड़ी वजह रही ही, ताइवान के एक और फ्लैश प्वाइंट के रूप में उभरने से रही सही कसर भी पूरी हो गयी। फिर भी कूटनीति अपना काम करती रही और धीरे-धीरे रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने के आसार दिखायी देने लगे। पांच साल बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के चीन जाने का कार्यक्रम तय हुआ था, लेकिन गुब्बारा प्रकरण का पहला साइड इफेक्ट यही हुआ कि ब्लिंकन का चीन दौरा रद्द हो गया। उधर, चीन ने भी गुब्बारा मार गिराये जाने के बाद तल्ख बयान दिया है। यूं तो अमेरिका के आरोपों के जवाब में वह बार-बार कह रहा था कि यह मौसम संबंधी जानकारियां जुटाने वाला सामान्य गुब्बारा है, जो हवा के बहाव की वजह से अमेरिकी सीमा में चला गया है, लेकिन इसे मार गिराये जाने के बाद जिस तरह की तीखी प्रतिक्रिया चीन की तरफ से आयी है, वह इन आशंकाओं को बल प्रदान करती है कि इसके पीछे कोई और बड़ा मकसद था। बहरहाल, विशेषज्ञ जहां मौजूदा मामले में जासूसी की संभावनाएं स्वीकार करते हैं, वहीं यह भी रेखांकित करते हैं कि समय के साथ चीन की सवेर्लांस गतिविधियों में न केवल इजाफा हुआ है, बल्कि यह काफी परिष्कृत भी होती गयी है। ऐसे में इस गुब्बारा प्रकरण को भारत के लिए भी अलार्म बेल की तरह लिया जाना चाहिए। इसकी कई ठोस वजहें हैं। पहली तो यही कि भारत के साथ लगती चीन की जमीनी सीमा का क्षेत्र बड़ा व्यापक है। दूसरी बात यह कि इस विस्तृत सीमा क्षेत्र को लेकर कई बिंदुओं पर दोनों देशों में तीखे मतभेद रहे हैं। तीसरी बात यह कि हाल में हुए टकराव के बाद से लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव जारी है, जिसे कम करने की कोशिशें फलित नहीं हो रहीं। सबसे बड़ी बात यह कि ऐसे माहौल में चीन की तरफ से जासूसी गतिविधियां चलाने की कोशिशों के संकेत भी मिलते रहे हैं। पिछले साल श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट पर रिसर्च वेसल के रूप में जासूसी जहाज भेजने की बात अभी पुरानी नहीं पड़ी है। 2020 में ही एक जांच से यह बात भी सामने आयी थी कि शेनच्येन की एक टेक्नॉलजी फर्म भारत के 10,000 से ज्यादा प्रभावशाली लोगों के डेटा इकट्ठा कर रही है। जाहिर है, भारत को न केवल चौकसी बनाये रखनी होगी, बल्कि समान सोच वाले देशों के साथ मिल कर इन संभावित प्रयासों की कारगर काट तैयार करने की प्रक्रिया भी तेज करनी होगी।

पांच साल बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के चीन जाने का कार्यक्रम तय हुआ था, लेकिन गुब्बारा प्रकरण का पहला साइड इफेक्ट यही हुआ कि ब्लिंकन का चीन दौरा रद्द हो गया। उधर, चीन ने भी गुब्बारा मार गिराये जाने के बाद तल्ख बयान दिया है।

अभिमत
आजाद सिपाही

बीजिंग और मास्को के बीच किसी भी सीमा के बिना दोस्ती ने बिल्ली को कबूतरों के बीच खड़ा कर दिया। इस चीन-रूसी सामंजस्य का ईरान और सऊदी अरब जैसी शक्तियों तथा कई अन्य देशों पर एक चुंबकीय प्रभाव था जिनमें से कुछ पारंपरिक रूप से पश्चिम के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में थे। जब से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की नयी उदारवादी आर्थिक नीतियों ने इसे वाशिंगटन के साथ मजबूती से ला खड़ा कर दिया, तब से ही भारत ऐसा देश था।

वियतनाम : चीन की तुलना में आर्थिक सफलता की एक कहानी है

सईद नकवी

यह अनुमान लगाना संभव है कि रूस के विशेष सैन्य अभियान 24 फरवरी 2022 को शुरू नहीं किये गये होते यदि अमेरिका और पश्चिमी देशों ने ढोल पीट कर रूस को यूक्रेन में छद्म युद्ध के लिए लुभाने के लिए जोर न दिया होता। 4 फरवरी 2022 को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच आम सहमति समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा के बाद पश्चिमी देशों के मुंह से झाग निकलने लगी। दोनों देशों ने कहा कि यह एक असीमित दोस्ती है।

इन परिस्थितियों में चीन और रूस की जोड़ी ने एक-दो पंच सीधे पश्चिम की ठोड़ी पर दे मारे। उसी क्रम ने वाशिंगटन और लंदन को भी झकझोर कर रख दिया। पिछले वर्ष अगस्त में अफगानिस्तान की पराजय की गहरी शर्मिंदगी से अमेरिका और ब्रिटेन की राजधानियां बामुश्किल उभर पायी थीं। 2008 में लेहमैन ब्रदर्स के पतन के बाद अमेरिका में गिरावट-अमेरिका में गिरावट की आवाजें आने लगीं और ये आवाजें अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के बाद चरम पर पहुंच गयीं। उनके पास क्या विकल्प था? भले ही पश्चिमी मीडिया यूक्रेन को लेकर पश्चिमी एकता के मिथक पर कायम रहा लेकिन यूरोपीय राजनेताओं ने 2 समांतर रेखाओं को बनाये रखना शुरू कर दिया-एक अपने घरेलू दर्शकों के लिए और दूसरा ब्रसल्स और वाशिंगटन के लिये।

वियतनाम चीन की तुलना में आर्थिक सफलता की एक कहानी है सिवाय इसके कि पैमाने बहुत अलग हैं।

हंगरी के विक्टर ओरबान ने अपनी स्पष्टवादिता के लिए चैंपियनशिप जीती। उन्होंने कहा कि यूरोपियन यूनियन 4 टायर पंक्चर वाली एक कार है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां उतने कठोर नहीं थे। उन्होंने गोपनीय बैठक के लिए अपने सभी राजनयिकों और वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया। मैक्रां ने उन्हें एक नयी विश्व व्यवस्था के लिए खुद को तैयार करने के लिए कहा।

बीजिंग और मास्को के बीच किसी भी सीमा के बिना दोस्ती ने बिल्ली को कबूतरों के बीच खड़ा कर दिया। इस चीन-रूसी सामंजस्य का ईरान और सऊदी अरब जैसी शक्तियों तथा कई अन्य देशों पर एक चुंबकीय प्रभाव था जिनमें से कुछ पारंपरिक रूप से पश्चिम के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में थे। जब से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की नयी उदारवादी आर्थिक नीतियों ने इसे वाशिंगटन के साथ मजबूती से ला खड़ा कर दिया, तब से ही भारत ऐसा देश था। यूक्रेन युद्ध ने भारतीय नीति में एक निश्चित अस्पष्टता प्रस्तुत की है, जिसने इसे मास्को से प्रशंसा अर्जित करने में मदद की है। बीजिंग-मास्को की जोड़ी ने नये अनुयायियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। इसके विपरीत पश्चिमी खेमा अशांत है।

पश्चिमी चिंताओं को जोड़ने के लिए हनोई से एक शीर्षक आता है, जिसके तहत कहा गया है कि वियतनाम चीन के साथ एक सांझा भविष्य देखता है। शीर्षक के बारे में सनसनीखेज रूप से परेशान करने वाली कोई बात नहीं है। शी जिनपिंग और वियतनामी कम्युनिस्ट के महासचिव गुयेन फू ट्रोंग के बीच आदान-प्रदान चल रहा है। शी जिनपिंग ने कहा है कि चीन और वियतनाम एक सांझा भविष्य वाले समुदाय हैं। वही ट्रोंग का कहना है कि वियतनाम कामरेड शी के साथ काम करने के लिए तैयार है। दोनों देशों के समाजवादी विकास के सिद्धांतों और व्यवहार पर रणनीतिक संचार करने के लिए दोनों पक्षों और देशों के बीच संबंध लगातार विकसित हों और नयी ऊंचाइयों तक पहुंचें।

वियतनाम चीन की तुलना में आर्थिक सफलता की एक कहानी है सिवाय इसके कि पैमाने बहुत अलग हैं। वियतनाम चीन की 1.4 बिलियन की तुलना में 100 मिलियन का देश है, लेकिन 100 मिलियन आबादी की अर्थव्यवस्था के रूप में इसने हाल के वर्षों में अपनी आर्थिक दक्षता में सिंगापुर और हांगकांग को भी पीछे धकेल दिया है। पश्चिम की पसंद के विपरीत हाल ही में चीन वियतनाम का आलिंगन बदलाव का अनुसरण करता है, 2 हफ्ते पहले वियतनाम के राष्ट्रपति गुयेन जुआन फुक को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि उनकी व्यावसायिक गति में उनका करीबी भ्रष्टाचार के उच्च स्तर में फंस गया। 1979 में चीन वियतनाम संबंध कितने अलग थे, जब मैंने खुद को पार्टी के तत्कालीन महासचिव जुआन थ्यू की उपस्थिति में पाया था। चीन वियतनाम युद्ध का पहला मौका था जब मैंने पश्चिमी मीडिया, उसकी व्यवसायिकता और उसके पूर्वाग्रहों के बारे में कुछ शुरुआती सबक सीखे। मीडिया के लिहाज से यह एक अलग दुनिया थी।

1979 में समाचार पत्रों की काफी विश्वसनीयता थी। जब तक कि चीन वियतनाम युद्ध जैसी घटना नहीं हुई। चीन ने वियतनाम को सबक सिखाने की धमकी दी थी। पश्चिमी मीडिया ने इस लड़ाई पर कोई ध्यान नहीं दिया, जहां वियतनामियों ने चीनियों को रौंदा था।

1979 में समाचार पत्रों की काफी विश्वसनीयता थी। जब तक कि चीन वियतनाम युद्ध जैसी घटना नहीं हुई। चीन ने वियतनाम को सबक सिखाने की धमकी दी थी। पश्चिमी मीडिया ने इस लड़ाई पर कोई ध्यान नहीं दिया, जहां वियतनामियों ने चीनियों को रौंदा था। 1993 में उप-राष्ट्रपति केआर नारायणन ने वियतनाम का दौरा किया। राजनेता और महान शक्तियों के साथ तथा 3 युद्धों के विजेता के बीच नारायणन ने गुयेन गियाप से मुलाकात की। तब यह प्रश्न उठा था कि वियतनाम का दीर्घकालिक सहयोगी अमेरिका या फिर चीन होगा? गियाप ने चुटकी लेते हुए कहा कि एक सैनिक के रूप में मैंने सीखा है कि रसद युद्ध और शांति दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। चीन बगल में था और इसीलिए एक प्रबंधनीय दीर्घकालिक मित्र था।

जमशेदपुर की खबरें

नाम्या स्माइल फाउंडेशन ने घाटशिला कस्तूरबा की छात्राओं में बांटे मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक्स

जोहार पीरियड्स अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुई स्कूल की 645 छात्राएं

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। नाम्या स्माइल फाउंडेशन और रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी की ओर से घाटशिला स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं को पीरियड वर्कशॉप के माध्यम से शिक्षित किया गया। कार्यशाला में 645 से ज्यादा छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनके बीच जोहार पीरियड्स अभियान के तहत मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक का वितरण किया गया। गौरतलब है कि आज भी माहवारी पर बात करना उतना सहज नहीं है। इसी को ध्यान में रखकर मेंस्ट्रूपीडिया के साथ नाम्या फाऊंडेशन ने इस सामाजिक कार्य में योगदान के लिए हाथ मिलाया है। दोनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के तहत स्कूल और कॉलेज की छात्राओ के बीच माहवारी की प्रक्रिया को आसानी से समझाने वाले कॉमिक बांटे गये। संस्था के संस्थापक कुणाल षाडंगी ने कहा कि माहवारी को लेकर आज भी समाज में लोग खुल कर बात करने को तैयार नहीं हैं। इसमें अब बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव की शुरूआत माहवारी के प्रति बच्चियों को शिक्षित और जागरूक करके ही हो सकेगी। नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य ध्वनि अडेसरा और प्रथमा बोस ने मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक एवं वीडियो के माध्यम से छात्राओं को माहवारी और उससे जुड़े सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर मुख्य रूप से वार्डन लिपिका साव, शिक्षिका आशा सिन्हा महापात्र, प्रवीण कुमार मिश्रा, शांति बारी, काजोल रानी दास, नमिता माहली, लक्ष्मी कुमारी मुंडा, माधुरी महतो, नाम्या स्माइल फाऊंडेशन से निर्मल कुमार, प्रतीक चौरसिया समेत अन्य उपस्थित थे।

पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट, तीन घायल, एमजीएम में भर्ती

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिरसानगर जोन नंबर 5 निवासी महावीर करुआ को मंगलवार की शाम पड़ोसी संदीप दास और सुमीत सिंह ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने गए महावीर के भतीजे और चचेरे भाई की भी पिटाई कर दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को थाने ले जाया गया जहां से पुलिस ने सभी को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में महावीर ने बताया कि वह मानगो में अंडा दुकान में काम करता है। जबकि उसका चचेरा भाई और भतीजा मजदूरी करते है। घर के बाहर अपने साथी नकुल से बात कर रहा था। इसी बीच संदीप दास उर्फ बुतरू और सुमीत सिंह वहां पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। दोनों नशे की हालत में थे। गाली गलौज करने से मना करने पर दोनों ने मारपीट शुरू कर दी।

श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के जन्म महोत्सव सह उद्बोधन दिवस को लेकर तैयारी में जुटे गुरु भाई

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के शुभ 135 वां जन्म महोत्सव सह सत्संग विहार टाटानगर के 26वां उद्बोधन दिवस 19 फरवरी को हर्ष उल्लास के साथ मनाया जायेगा। देवघर सत्संग बिहार में पूज्यपात आचार्य देव से आशीर्वाद मिलने के बाद टाटानगर सत्संग बिहार के सभी ऋतिक और गुरु भाइयों ने तैयारी तेज कर दी। इस बार 19 फरवरी को एग्रिको ट्रांस्पोर्ट मैदान में झारखंड के लगभग 40 हजार गुरुभाइयों शामिल होने का अनुमान लगाया जा रहा है। टाटानगर सत्संग बिहार के भव्य आयोजन के लिए आयोजक कमेटी को अलग अलग जिम्मेवारी सौंपा गया। मौके पर गुरु भाइयों के एक प्रतिनिधि मंडल ग्रामीण क्षेत्र पटमदा व बोड़ाम का दौरा किया। मौके पर उन्होंने बोड़ाम, चुरीडीह, बोंगोई, बाकदाह, नोवाडीह,बेरादाह, बेलटंग, भडुडीह, गांव का भ्रमण कर ग्रामीण गुरुभाइयों के साथ मुलाकात की। इस दौरान टाटानगर सत्संग बिहार से पहुंचे मंदिर के गुरु भाइयों को ग्रामीणों ने जय गुरु बोलकर स्वागत किया। टाटानगर सत्संग बिहार से पहुचे गुरु भाइयों ने सभी ग्रामीणों से श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के शुभ 135वां जन्म महोत्सव सह सत्संग विहार टाटानगर के 26 वां उद्बोधन दिवस 19 फरवरी को एग्रिको ट्रांस्पोट मैदान में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में उपस्थित होने के लिए आग्रह किया। सभी ने गुरु भाइयों से हर संभव (19 फरवरी) रविवार को टाटानगर के एग्रिको ट्रांस्पोर्ट मैदान में उपस्थित होने पर सहमति जतायी। मौके पर टाटानगर सत्संग बिहार से कार्तिक चंद्र दास, कृष्णा प्रसाद, संजू, लालू सहित अन्य शामिल रहे।

किसानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

पटमदा। पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में बोड़ाम प्रखंड स्थित पहाड़पुर पंचायत मंडप में 50 किसानों के बीच एग्रीकल्चर एकस्टेंशन योजनान्तर्गत कृषकों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की गई। मंगलवार को पहाड़पुर पंचायत मंडप में समेकित कृषि प्रणाली एवं फसल प्रबंधन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षुको को कई जानकारी दी गई। शिविर में जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, बीज प्रशिक्षण पदाधिकारी माधुरी टोप्पो, परियोजना समंवयक अटल कुमार, बीटीएम सुशील महतो, बंदना शरण, बृंदावन महतो के द्वारा किसानों को कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में प्रमुख ललिता सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रीति सिंह मुंडा, कृषि मित्र दुलाल महतो, संजय महतो, त्रिलोचन महतो, मधुसूदन सिंह सहित दर्जनों महिला और पुरुष कृषक उपस्थित रहे।

हत्या की योजना बनाते अपराधियों के खिलाफ पुलिस का कार्रवाई, चार गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला में एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर जिला पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। लौहनगरी जमशेदपुर में घटित कई बड़ी घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर दिया। इतना ही नहीं एसएसपी प्रभात कुमार ने झारखंड के 24 जिले के तुलना में जमशेदपुर के सैकड़ो लोगों के लुटे एवं चोरी हुए मोबाइल उपलब्ध कराकर पुलिस और आम जनता के बीच नजदीकी संबंध बनाने का काम किया। वैसे जमशेदपुर पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में पुलिस ने हत्या की योजना बनाते 4 अपराधियों को गिरफ्तार कर एक और खुलासा कर दिया। गिरफ्तार अपराधियों में सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के कानूभट्टा निवासी राजू प्रसाद, रोहित भुईयां, बिरसानगर जोन नंबर एक निवासी राहुल कुमार यादव और बमार्माइंस थाना क्षेत्र के इस्ट प्लांट बस्ती निवासी जे राहुल शामिल है। जांच के दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा गोली और दो मोबाइल बरामद कर लिया। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया झारखंड के एटीएस को गुप्त सूचना मिली थी बर्मामाइंस के लाल बाबा फाउंड्री के पास कुछ अपराधी एकत्रित होकर हत्या की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी एसपी के नेतृत्व में टीम का गठन कर बर्मामाइंस एवं बिरसानगर थाना पुलिस ने छापेमारी की।

अग्नि पीड़ित परिवार से मिले विधायक

तत्काल सहायता कर हरसंभव सहयोग करने का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

पोटका। पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा पोड़ाडीहा पंचायत के गुड़भांगा ग्राम में बीते दिनों शॉर्ट सर्किट से एक परिवार के घर आग लग गई। आग लगने से हरि महाकुड़ का घर सहित सभी सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी विधायक संजीव सरदार को दी। सूचना मिलते ही पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार ने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर जायजा लिया। विधायक ने अग्नि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता कर हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर श्री सरदार ने अपने ओर से तत्काल घर का पुनः छावनी, बर्तन, कपड़ा उपलब्ध कराने के लिए सहयोग किया। साथ ही फोन के माध्यम से सरकारी पदाधिकारियों से वार्ता कर उचित मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिये।

महत्वपूर्ण न्यूज

रंका पुलिस ने युवक की हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रंका (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने पिछले 5 फरवरी को रंका थाना क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत के लुकुम्बार में एक 42 वर्षीय युवक की हत्या में शामिल चार अभियुक्तों को रंका पुलिस ने गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया है। बताते चलें कि 5 फरवरी को बाबूलाल सिंह पिता देव नारायण सिंह सिगसिगा खुर्द थाना चिनिया जिला गढ़वा ने लिखित आवेदन देकर रंका थाना में अपने भाई मृतक पृथ्वी नाथ सिंह उर्फ बिल्लू सिंह की हत्या कर शव को जंगल में छिपाने का आरोप लगाया था। जिसके बाद रंका पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रंका थाना के नामजद अभियुक्त बनाते हुए मामला दर्ज किया था। लिखित आवेदन के आलोक में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर इस संबंध में गहन पूछताछ की। जिसके फलस्वरूप गिरफ्तार लोगों ने हत्या में शामिल होने का पुष्टि की, जिनके शिनाख्त पर रंका पुलिस ने डाले के सिकयाही नाला के जंगल से मृतक सिगसिगा निवासी पृथ्वीनाथ सिंह का शव बरामद किया था। घटना में शामिल 315 देसी पिस्टल तथा 2 गोली तथा केसरिया रंग का गमछा सहित हत्या में प्रयुक्त पत्थर को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। एसआईटी के टीम में शामिल सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि अभियुक्त संजीत भुईयां उर्फ जुगाड़ी भुईयां, नागेश्वर सिंह, संजीत भुईयां तथा विनोद भुईयां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के कारणों के संबंध में पुलिस ने बताया कि ओझा गुनी के कारण इन लोगों ने पृथ्वीनाथ सिंह की हत्या की है।

रंका प्रखंड प्रमुख ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग की

रंका (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा ने झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर से मुलाकात कर अपने क्षेत्र के लोगों के साथ बुढ़ापरास डैम से लेकर बस्ती तक नहर निर्माण, बरवाही ग्राम में मोबाइल टावर लगाने, ग्राम बरवाही से कठौतिया के बीच खरसो नदी पर पुल निर्माण, ग्राम बरदरी में लक्ष्मण विश्वकर्मा के घर से लेकर सरकारी स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण, ग्राम बांदू में मिलनिया टांड़ से होते हुए सतबहिनी टोला मुख्य पथ तक कालीकरण सड़क निर्माण आदि मांगों को रखा। जिस पर मंत्री ने जल्द से जल्द उक्त मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर सभी ग्रामीणों ने बरदरी में बन रहे काशी सोत नदी पर पुल निर्माण के लिए मंत्री जी का आभार व्यक्त किया। उक्त पुल के बन जाने से हजारों लोगों का आवागमन सुलभ हो जाएगा।

जाटा गांव में पिछड़ा, दलित व शोषित वर्ग के नेता शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती मनायी गयी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के जाटा गांव में पिछड़ा, दलित व शोषित वर्ग के नेता शहीद जगदेव प्रसाद का जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के समाजसेवी प्रदीप कुशवाहा ने की। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता सह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सूरज प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा कि गढ़वा के हर घर में जगदेव बाबू के विचार पैदा कर मौकापरस्त ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। अन्यथा हमलोगों को फुट डालो राज करो की नीति से हमेशा कुचला जायेगा। उन्होंने आह्वान किया कि शोषण और अत्याचार के खिलाफ खड़ा होना ही जगदेव बाबू को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रगतिशील किसान मोती महतो ने कहा कि कोइरी समाज में जन्मे जगदेव प्रसाद की लड़ाई अमीरी और गरीबी के बीच थी। उन्होंने शोषक वर्ग से लोहा लेकर भरी सभा में सीने पर गोली खाकर शहादत दी। जिसे नयी पीढ़ी को बताने की जरूरत है। जयंती समारोह को जाटा पंचायत के बीडीसी प्रेम दिवाना, चिरौजिया के बीडीसी धनंजय पासवान, मालती देवी, नन्द लाल महतो आदि लोगों ने संबोधित किया। जबकि राम लगन महतो, जगु महतो, बीरबल कुशवाहा, शिवनारायण मेहता, दिनेश मेहता, जयप्रकाश नारायण, रामजीत मेहता, सुग्रीव महतो, राजेश्वर प्रजापति, रामगहन महतो, सुनीता देवी, कविता प्रजापति, पुष्पा देवी, यशोदा देवी, संगीता देवी, मुन्नी देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बैठक : जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिये निर्देश

अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त लोगों पर करें कड़ी कार्रवाई

जिला खनन पदाधिकारी कैटेगरी वन के बालू घाटों में बालू की उपलब्धता की जांच कर प्रतिवेदित करें

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी आलोक कुमार तथा जिले के सभी अंचल अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे। उक्त बैठक में उपायुक्त श्री घोलप द्वारा सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए सतर्कता व कड़ाई से अवैध खनन, परिवहन या भंडारण पर छापेमारी कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिला खनन पदाधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि छापेमारी के तहत जो भी वाहन अथवा अवैध खनन भंडारण या परिवहन में संलिप्त व्यक्ति पकड़े जाते हैं उन पर निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की प्रक्रिया करें।

सभी संबंधित पदाधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को साप्ताहिक बैठक कर अवैध खनन पर कार्यवाही करने एवं उस पर की गयी विभिन्न कार्रवाइयों की समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कैटेगरी वन के बालू घाटों में बालू की उपलब्धता की जांच करते हुए प्रतिवेदित करें ताकि अवैध खनन एवं परिवहन संलिप्तता को कम किया जा सके। डीएसआर सैंड के लिए जिला खनन कार्यालय से तीन दिनों के अंदर प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में भेजने का निर्देश दिया गया।

मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्री झा के द्वारा बताया गया कि बहुत से हाईवा या ट्रकों में तथा अन्य वाहनों में निर्धारित क्षमता से ज्यादा डाला को जोड़कर ऊंचाई बढ़ाया गया है, वैसी गाड़ियों को भी चिन्हित करते हुए जुर्माना लगायें तथा डाला को हटवाने के दिशा में कार्यवाही करें। साथ ही रात को क्रियाशील जांच दल पर निगरानी रखने वाले अथवा रेकी करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उन पर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक गढ़वा द्वारा अब तक विभिन्न वाहनों अथवा अवैध खनन, परिवहन व भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों, वाहनों पर एफआईआर करने के उपरांत गिरफ्तारियां बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। अधिक से अधिक दोषी व्यक्तियों पर एफआईआर करते हुए अरेस्ट करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला कांग्रेस ने प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

भ्रष्ट पदाधिकारी-कर्मी सुधर जायें अन्यथा कांग्रेस पार्टी किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है : अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। कांग्रेस ने प्रखंड कार्यालय में व्याप्त रिश्वतखोरी, कमीशनखोरी, अफसरसाही का आरोप लगाते हुए तथा भवनाथपुर सेल प्रबंधन के कथित तानाशाही रवैये के विरोध में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रोटेस्ट मार्च सह धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रोटेस्ट मार्च भवनाथपुर कर्पूरी चौक से प्रारंभ होकर भवनाथपुर मुख्य बाजार से होते हुए भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष पहुंचकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में तब्दील हो गया। भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल कांग्रेस पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह अंसारी ने कहा कि भवनाथपुर सेल प्रबंधन की तानाशाही पर तथा भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के कर्मियों की मनमानी रोक लगायी जाएगी। कांग्रेस पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह अंसारी ने भ्रष्ट पदाधिकारी, कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी और कर्मी अपनी तानाशाही रवैये एवं गलत कार्यसंस्कृति में सुधार करें अन्यथा आपको सुधारने के लिए कांग्रेस पार्टी किसी हद तक जाने के लिए तैयार है। सेल प्रबंधन के अधिकारयों को भी चेतावनी देते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि मजदूरों के हक और अधिकार दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से संघर्षरत रहेगी।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि सुशील चौबे, कांग्रेस नेता पांडेय प्रदीप शर्मा, केतार बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार, खरौंधी बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, प्रखंड अध्यक्ष नन्दलाल पाठक, भारतीय कांग्रेस सेवादल के गढ़वा जिला अध्यक्ष राहुल दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

छात्रा और शिक्षकों के बीच अभद्र बातचीत का ऑडियो वायरल होने पर ग्रामीणों ने विद्यालय में तालाबंदी कर किया हंगामा

पुलिस इंस्पेक्टर चंदन सिंह ने केतार एवं भवनाथपुर थाना पुलिस बल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर ताला खुलवाया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। खरौंधी प्रखंड के एक विद्यालय की दो छात्राएं और शिक्षकों के बीच अभद्र बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद मंगलवार को ग्रामीणों ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भलुही में सुबह 10 बजे पहुंचकर विद्यालय में तालाबंदी कर हंगामा किया। इस दौरान दर्जनों आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपित शिक्षक को बर्खास्त कर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय में तालाबंदी कर विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को घर भेज दिया। सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर चंदन सिंह, थाना प्रभारी अभय कुमार के साथ केतार थाना एवं भवनाथपुर थाना के पुलिस दल बल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को समझाते हुए व कार्रवाई का आश्वासन देकर ताला खुलवाया। इसके बाद बीडीओ गणेश महतो, बीईईओ विजय पांडेय, प्रमुख आभा रानी, उपप्रमुख देवदत्त आर्य, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने भी मौके पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया। इस दौरान प्रमुख आभा रानी ने वायरल ऑडियो की जांच कर विभाग से कार्रवाई की मांग की। इधर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजाराम सिंह व अन्य शिक्षकों कृष्णा प्रसाद यादव, संतोष दास आदि ने बताया कि सुबह 9 बजे विद्यालय आये थे। कुछ देर बाद दर्जनों ग्रामीणों ने विद्यालय आकर हम लोगों के साथ भी अभद्रता की है। एक शिक्षक संतोष दास के साथ हाथापाई भी की गयी। शिक्षकों की मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त कर दी गयीं। स्कूल के कमरों की चाबी छीन ली गयी। बच्चों को भी विद्यालय से भगा दिया गया। साथ ही विद्यालय में जलमीनार के पानी टंकी से वाटर सप्लाई के लिए लगे नल/टोटी और पाईप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इधर कथित ऑडियो क्लिप छह माह पुराना बताया जा रहा है। क्योंकि कथित वायरल ऑडियो क्लिप में हुई बातचीत में मकई फसल, तिल फसल का जिक्र है। वहीं प्रधानाध्यापक राजाराम सिह ने कहा यह मामला विद्यालय से बाहर का है। ऐसे में इस मामले में विद्यालय का कोई रोल नहीं है। इसमें बेवजह विद्यालय को घसीटा व अखाड़ा बनाया जा रहा है।

इस संबंध में थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि अभी आवेदन नहीं मिला है। ग्रामीणों को लिखित आवेदन के लिए बोला गया है। आवेदन प्राप्त होते ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बीडीओ एवं बीईईओ ने ग्रामीणों को दिया आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन

बीडीओ गणेश महतो, बीईईओ विजय पांडेय ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मामले के संदर्भ में ग्रामीणों की शिकायतें सुनी और वस्तु स्थिति से अवगत हुए। आरोपी दोनों शिक्षकों को कार्यमुक्त करने की मांग के संदर्भ में ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शिक्षकों का तत्काल वेतन बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा इस संबंध में प्राप्त आवेदन की गहनता से जांच के उपरांत आरोपी शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा जायेगा।

संगीत कला महाविद्यालय में पुण्यतिथि पर लता को दी श्रद्धांजलि

गढ़वा (आजाद सिपाही)। संगीत कला महाविद्यालय में स्वर कोकिला लता मंगेशकर की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगीत के सारे छात्र-छात्राएं, गढ़वा के वरिष्ठ कलाकार, संगीत प्रेमियों ने स्व. लता जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवम दिप प्रज्वलित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगीत कला महाविद्यालय के संचालक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि लता जी संगीत में त्याग समर्पण साधना से संगीत की देवी बन चुकी हैं। उनकी आवाज सरहद की सीमा पार करके सारे जहां के दिलों में समा गई है। इस अवसर पर एसएस वर्मा, राजेश चौबे, अनुकूल, अनन्या कुमारी, अमीषा पांडये, आकाश कुमार, आराधना कुमारी, आनंद कुमार, सुमेश विश्वकर्मा, छोटू राम, उपेंद्र कुमार विश्वकर्मा, लक्ष्मी विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

अवकाश प्राप्त व्याख्याता डॉ मिथिला सिंह के निधन पर शोक व्यक्त

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय की प्रथम प्राचार्या एवं नामधारी महाविद्यालय के अंग्रेजी की अवकाश प्राप्त व्याख्याता 74 वर्षीया डॉ मिथिला सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमार थीं। उन्होंने सात फरवरी को करीब दो बजे दोपहर में चिनिया रोड स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके एकलौते पुत्र साकेत सिंह विदेश में कार्यरत हैं। वे बुधवार को दोपहर में गढ़वा पहुंचेंगे। उसके बाद उसी दिन कल्याणपुर श्मशान घाट पर डॉ मिथिला सिंह का दाह संस्कार किया जाएगा। साहसी महिला के रूप पहचान बनाने वाली डॉ मिथिला सिंह ने गढ़वा में लड़कियों के लिये उच्च शिक्षा के बीजारोपण में भी अहम भूमिका निभायी थी। उनके इस कार्य के लिये गढ़वा सदैव उन्हें याद करता रहेगा। उनके निधन की खबर सुनकर पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ राकेश कुमार सिंह, समाजसेवी डॉ यासीन अंसारी सहित कई गणमान्य पहुंचे एवं उनके निधन पर शोक व्यक्त कर अंतिम श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके पति डॉ महेंद्र सिंह को सांत्वना दी।

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

-: आम सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बरही बस/टैक्सी पड़ाव में लगने वाले वाहनों से चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24, 2024–25, 2025–26 के लिए दिनांक 21.02.23 को 3:00 बजे अपराहन् में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR289584 (District)22-23*D

JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.
MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.
(CIN – U855100JH2013SGC001276)E-mail:jmhidpc2014@gmail.com
Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/
GST No. 20AADCJ4293L2ZH

Bid Ref. No. JMC/NIT-23/LABS-ITKI/08 Date:07-02-2023

Procurement of Labs Equipments for IRL LAB,Itki,Ranchi

The **Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development &Procurement Corporation Limited(JMHIDPCL), Ranchi** hereby invites separate **Technical Bid** and **Financial Bid** (two envelope system) through e-procurement from eligible Manufacturer/ their Authorized Dealer /Distributors/ Authorized Stockiest for health facilities of the State of Jharkhand.

The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

Particulars	Date & Time
Name of Work	Procurement of Labs Equipments for IRL LAB,Itki,Ranchi
Time of Completion	Within 60 days after issue of work order
Date of Publication of Bid	08-02-2023
Bid Submission Start Date	24-22-2023
Bid Submission Closing Date & Time	02-03-2023 03:00 PM
Bid Opening Date for Technical Proposal	03-03-2023 03:00 PM
Date of Opening of Financial Proposal	To be notified later
Application Fee (Non-Refundable)	**5000**/- (Rupees **Five Thousdand** Only)
Earnest Money Deposit	50000/- (Rupees Fifty thousand only)
Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell	+91-8709368893
Pre-bid meeting Date & Time	15.02.2023 at 03:00 PM

Note: The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the JMHIDPCL, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.

JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCL in this regard shall be final.

Detailed Bid document can be seen, downloaded, and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only, hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original Application Fee & Earnest Money Deposit.

Sd/-
Cell Head(PROCUREMENT)
JMHIDPCL

PR 289536 (Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd) 22-23 (D)

प्रेस कांफ्रेंस : किसान हित में भाजपा किसान मोर्चा करेगा चौपाल का आयोजन

केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों को किसानों तक पहुंचाया जायेगा : रामलला दुबे

सभी मंडलों में किसान चौपाल के आयोजन के लिए बनाये गये कार्यक्रम प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलला दुबे की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता की गयी। जिसमें प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला के सभी मंडलों में किसानों के बीच किसान चौपाल का आयोजन करने का निर्देश जारी किया गया। जिसमें बताया गया कि किसानों के लिए केंद्र सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का संचालित किया जा रहा जिसका लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है। बजट में केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय को किसान चौपाल के माध्यम से किसानों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। झारखंड सरकार की विफलता के कारण केंद्र सरकार की किसानों के हित की लाभकारी योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने में यह सरकार विफल है। सुखाड़ का पैसा के नाम पर किसानों को लॉलीपॉप दिखाया जा रहा है। झारखंड सरकार की लापरवाही के कारण बहुत से किसानों का प्रधानमंत्री सम्मान निधि बंद कर दिया गया। केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए सस्ते दामों पर खाद, बीज, कीटनाशक दवा दी जाती है, लेकिन किसानों तक नहीं पहुंच पाता है। जबकि केन्द्र सरकार 2014 से ही लगातार किसानों की आय दुगनी करने के लिए प्रयासरत है। जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में कृषि एवं किसान कल्याण को लेकर गांव-गांव तक किसान चौपाल लगाया जाएगा। पहली बार किसान हित के लिए बजट सवा लाख करोड़ दिया गया है। इसके लिए 10 हजार नये एपीओ बनाये जा रहे हैं। इसी तरह पीएम किसान के सम्मान निधि के तहत 60,000 का बजट का प्रावधान किया गया है। विगत चार वर्षों से किसानों के खाते में पैसा आ रहा है।

जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि सिर्फ भाजपा सरकार ही किसानों की आय दोगुनी कर सकती है। पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन पर ध्यान देते हुए कृषि ऋण का लक्ष्य बढ़ा कर 20 करोड़ कर दिया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और जिला प्रभारी पुष्प रंजन ने कहा कि एफपीओ के माध्यम से किसानों को जोड़कर किसानों से संबंधित सभी सुविधाएं मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिले के सभी 27 मंडलों में मंडल अध्यक्ष अपने मंडल के गांव में कृषि चौपाल के माध्यम से किसानों के बीच केंद्र सरकार को उपलब्धि बताने का काम करें। कार्यक्रम में किसान चौपाल के लिए जिला कार्यक्रम प्रभारी पुष्परंजन, भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, सह प्रभारी शैलेश चौबे, गढ़वा विधानसभा के लिए अरविंद धर दुबे, केदार प्रजापति, विश्रामपुर विधानसभा से कृपाल सिंह और सतेंद्र चौबे को प्रभारी बनाया गया है। प्रेस कांफ्रेंस में जिला महामंत्री संतोष दुबे, उमेश कश्यप, अरविंद धर दुबे, राजेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

राजपरिवार की बहू मधुबाला शाहदेव की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जरियागढ़ राजपरिवार की बहू स्व मधुबाला शाहदेव की 47वीं जयंती मंगलवार को जरियागढ़ में मनाई गई। जयंती पर मधुबाला शाहदेव के पति लाल विजय नाथ शाहदेव, लाल उदय नाथ शाहदेव, लाल धीरेंद्र नाथ शाहदेव, अरूण शर्मा, पंचानंद दास, नटवर मिश्रा सहित कई ग्रामीणों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर गांव की महिलाओं औ बच्चियों ने मधुबाला शाहदेव के चित्र के सामने केक काटा। श्रद्धांजलि सभा में नटवर मिश्रा ने कहा कि स्व मधुबाला शाहदेव काफी सहदय और धर्मपरायण महिला थी। उनकी जयंती हर साल गांव में मनाई जायेगी। मौके पर राम लखन सिंह, श्रवण सिंह, अजीत सिंह, विजय पाढ़ी, अनिल प्रसाद, बिंदेश्वर सिंह, दिनेश्वर सिंह, बिरसा पाहन, राणा पाहन, जगन्नाथ साहू, सरस्वती देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने श्रद्धांजिल अर्पित की। मधुबाला शाहदेव का जन्म सात फरवरी 1976 को और निधन 12 अक्टूबर 2021 को हुआ था।

कृषि उपज और पशुधन विपणन बिल के विरोध में आज बंद रहेंगी खूंटी की दुकानें

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन(संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 बिल को झारखंड सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने के विरोध में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर आठ फरवरी बुधवार को खूंटी जिला की सभी गल्ला किराना, मीट, मछली, मुर्गा, अंडा, सब्जी आदि की दुकानें बंद रहेंगी। खूंटी चेंबर के सचिव ज्योति सिंह ने बताया कि यह कानून किसान विरोधी, व्यापार विरोधी और उपभोक्ता विरोधी है। कृषि कानून बिल को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जायेगा। इसके लिए जो भी जरूरी कदम उठाने पड़े, उठाये जायेंगे इस काले कानून बिल की वापसी तक यह संघर्ष जारी रहेगा। बुधवार के दिन राज्यस्तरीय बैठक रांची में रखी गई है। बैठक के उपरांत जो निर्णय लिए जायेंगे, उसके आलोक में खूंटी जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स आगे की कार्रवाई करेगा। जैसे ही इस बिल के मंजूरी की खबर पूरे राज्य में फैली, पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। हर जिले में व्यापारी प्रदर्शन कर रहे हैं और काला बिल्ला लगा रहे हैं। सचिव ने कहा कि व्यापारियों के बीच इस बिल को लेकर बहुत आक्रोश है। व्यापारी आंदोलन पर उतर आये हैं। किसान तक को इस कानून की चपेट में ले लिया गया है। किसान वर्ग भी काफी आहत है। आम उपभोक्ता पर महंगाई की अतिरिक्त मार न पड़े और उपभोक्ताओं की जेब न कटे, इसके लिए बिल को वापस लेना ही होगा। चेंबर ने सभी दुकानदारों से बंद को सफल बनाने और रांची की बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है।

कार और बाइक की टक्कर में तीन घायल, रिम्स रेफर

कर्रा (आजाद सिपाही)। कर्रा थाना क्षेत्र के कर्रा–रांची मुख्य सड़क स्थित मलगो नदी पुल पर मंगलवार को बाइक और स्विफ्ट कर की बीच हुई सीधी टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। तीनों घायलों को कर्रा सीएचसी में डॉ अनिता द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार कर्रा थाना क्षेत्र के मुरहू गांव निवासी 35 वर्षीय भोला मुंडा और 22 वर्षीय फुलमनी सांगा मोटरसाइकिल से कर्रा आये थे। लौटने के क्रम में मालगो नदी पुल के पास विपरीत दिशा से आ रही कार से बाइक की टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक सवार के अलावा कार पर सवार डोरंडा रांखे के मणिटोला निवासी सुलतान आलम का पैर टूट गया। स्थानीय लोगों क्षरा सभी को कर्रा अस्पताल लाया गया, पर उनकी स्थिति को देखते हुए तीनों घायलों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

तमाड़ में अफीम की खेती को किया गया नष्ट

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम चिरगालडीह एवं आस पास के जंगल क्षेत्र में तमाड़ थाना के द्वारा एसएसबी बासुकोचा के साथ आभियान चलाकर करीब 13 एकड़ में लगे अफीम पोस्ता की खेती को विनष्ट किया गया।

दो दिवसीय विराट माघ टुसू मेला का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी को

अड़की (आजाद सिपाही)। 13 और 14 फरवरी को अड़की मे दो दिवसीय विराट माघ टुसू मेला का आयोजन प्रतिवर्ष लगने वाले दो दिवसीय माघ टुसू मेला का आयोजन अड़की मैं किया गया है। इस मेले में चोडल प्रतियोगिता, रास नृत्य, बूगी बूगी डांस, सांस्कृतिक नृत्य दल, मुर्गा लड़ाई, इलेक्ट्रॉनिक झूला रहेंगे। चौड़ल में प्रथम पुरस्कार 7001. द्वितीय पुरस्कार 5001. तृतीय पुरस्कार 3001 एवं अन्य सांत्वना पुरस्कार भी दिए जायेंगे। मुर्गा लड़ाई मैं दोनों दिन प्रथम पुरस्कार 1001. द्वितीय पुरस्कार 501 दिए जायेंगे। मेला के सफल संचालन के लिए एक कमेटी बनाया गया है। जिसमें अध्यक्ष संजय मुंडा, उपाध्यक्ष जय किशन सिंह मुंडा, और सवरण मुंडा, सचिव मोती पातर, सह सचिव अर्जुन मुंडा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत मल्लिक एवं कार्यकारिणी सदस्य में अजिताभ कुमार, कंचन हालदार, नवीन रोशन दास, बिरजू पातर मुंडा, ब्रजमोहन सवासी , प्रवीण कुमार समासी को रखा गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय मुंडा ने बताया की आयोजन से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सीसीएल ने एससीसीएल को एक गोल से हराया

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल की हॉकी टीम ने मंगलवार को एक गोल से एससीसीएल को हराकर अपना पहला मैच जीत लिया है। टीम की ओर से एनके एरिया के खिलाड़ी यूडी बारा को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। सीसीएल एनके एरिया से तीन हॉकी खिलाड़ी कोल इंडिया अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता खेलने सीसीएल की टीम से एसइसीएल कंपनी गये हुए हैं। एसईसीएल के सुहागपुर एरिया में इंटर कंपनी प्रतियोगिता का आयोजन दस फरवरी तक किया गया है। आठ फरवरी को सीसीएल का मुकाबला एसइसीएल से होगा। एनके एरिया से यूडी बारा, सुशील केरकेट्टा और दशरथ उरांव का चयन किया गया है। सीसीएल हॉकी टीम में अशोक मुंडा, दासाराम हंसदा, बंधन उरांव, देवानंद बेदिया, संजय सोरेन, नरेश कुम्हार, राजू मुर्मू, देवीलाल सोरेन, यूडी बारा, सुशील केरकेट्टा, नागेश्वर मुंडा, सुशील किरो, दशरथ उरांव, रमेश हंसदा, सहदेव मांझी खिलाड़ी शामिल है।

अमृतपुर मुहल्ले के कच्चे मकान में लगी आग

मां-बेटी की जलकर मौत

आग पर काबू पाने के बाद घर के अंदर सो रही मां-बेटी की मौत का हुआ खुलासा

सूचना मिलने के बाद सुबह लगभग पांच बजे अग्निशमन का दस्ता दमकल के साथ वहां पहुंचा और आग को पूरी तरह से बुझाने में सफलता पायी। आग पर काबू पाने के बाद इसका खुलासा हुआ कि घर के अंदर बेड में सो रही मां-बेटी की जलने से मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण मकान में आग लगी होगी। घर में रहनेवाली तीनों महिलाएं मुर्गी और बकरी पालन कर किसी प्रकार अपना जीविकोपार्जन करती थी।

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। खूंटी थाना क्षेत्र के अमृतपुर मुहल्ले में एसएस कल्याण छात्रावास के सामने एक कच्चे मकान में मंगलवार तड़के आग लगने घर में घर में सो रही मां–बेटी की जलने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान 70 वर्षीय सुसाना कच्छप और उसकी 35 वर्षीय मूक बधिर पुत्री सुषमा कच्छप के रूप में हुई है। उक्त घर में मृतका सुसाना, उसकी बेटी और बहन सलोनी होरो रहती थी। आग लगी की इस घटना में बच गई सलोनी होरो ने बताया कि मकान के अंदरूनी हिस्से में उसकी दीदी और भतीजी एक बेड में सोई हुई थी, जबकि वह मकान के बरामदे में सोई थी। तड़के लगभग साढ़े तीन बजे उसे आग लगने की जानकारी हुई। इस पर उसने घर के बाहर निकल कर सहायता के लिए शोर मचाया, लेकिन आसपास मौजूद घरों से कोई बाहर नहीं आया। उसकी आवाज सुनकर पास ही मौजूद आदिवासी छात्रावास में रहनेवाले एसएस प्लस टू के विद्यार्थी सहायता के लिए आए और आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया। छात्रावास के विद्यार्थियों ने ही अग्निशमन दस्ता और खूंटी पुलिस को इसकी सूचना दी।

किसान पाठशाला के विरोध में ग्राम प्रधानों ने निकाली रैली, किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। तोरपा प्रखंड की दियांकेल पंचायत की चेंगरझोर नदी के किनारे बन रही नवीन किसान पाठशाला का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को दियांकेल के ग्रामीणों ने तोरपा प्रखंड मुख्यालय में लगभग डेढ़ घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने तोरपा प्रखंड प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूछा कि इससे पहले एनएचपीसी, पावर हाउस और अस्पताल दियांकेल के लोगों की जमीन पर ही बनी हुई है, लेकिन हमारे कितने लोगों को नौकरी मिली है, प्रशासन जवाब दे। अगर किसान पाठशाला भी बन जाएगी, तो फिर क्या गारंटी है कि हमें नौकरी मिलेगी। इसलिए ग्रामसभा का निर्णय है कि इस योजना को हमेशा के लिए बंद कर देना चाहिए। ग्रामीण सीओ व बीडीओ का जवाब सुनने के लिए डेढ़ घंटे तक बैठे रहे। काफी समझाने के बाद वे वहां से हटे और चेतावनी दी कि आगे फिर से आंदोलन को तेज किया जायेगा। झारखंड किसान सभा के बीरेंद्र कुमार ने कहा कि इस इलाके में सीएनटी एक्ट लागू है, तो बिना ग्रामसभा की अनुमति के योजना कैसे बनाई जा रही है। इससे साफ है कि तोरपा प्रशासन इस कार्य में मिला हुआ है। प्रखंड क्षेत्र में जमीन का अधिग्रहण किया जाता है, तो इसके लिए ग्रामसभा की अनुमति जरूरी है। सुदर्शन भेंगरा ने कहा कि दियांकेल ग्राम में प्रशासन द्वारा पंचायती राज अधिनियम की धारा का बिना कोरम पूरा किये जो कार्य किया जा रहा है, वह पूरी तरह से अनुचित है। सभा का नेतृत्व प्रखंड स्तरीय पारम्परिक ग्राम सभा संघ, झारखंड उलगुलान संघ और झारखंड राज्य किसान सभा ने किया। इससे पूर्व विभिन्न मुद्दों को लेकर आक्रोश पदयात्रा हिल चौक से तोरपा प्रखण्ड मुख्यालय पहुंची, जहां विरोध प्रदर्शन सह प्रखण्ड स्तरीय आम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश तोपनो के नेतृत्व में पारम्पारिक ग्राम सभा एवं पारम्पारिक सामाजिक स्वाशासन के पड़हा राजा, हातु मुण्डा, पाहन, महतो के अलावा ग्रामीणों ने रैली निकाली। मौके पर प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन, किसान सभा के बीरेंद्र कुमार, उलगुलान संघ के विजय गुड़िया, मसीहदास गुड़िया, निरल तोपनो, सुदर्शन भेंगरा, अधिवक्ता जुनुल होरो, आशीष गुड़िया सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण की शुरुआत

खूंटी (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया आर सेटी खूंटी में दस दिवसीय निःशुल्क आवासीय बकरी पालन प्रशिक्षण की शुरूआत मंगलवार को हुई। प्रशिक्षक अशोक कुमार द्वारा किसानों को बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें 35 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्वरोजगार से जुड़ने लिए प्रेरित करना है । प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण सामग्री तथा सभी छात्रावास सुविधा संस्थान की ओर से निः शुल्क दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बैंक, सरकारी योजनाओं और व्यवसाय प्रसार से सम्बंधित जानकारी भी दी जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को क्षेत्र भ्रमण के लिए भी ले जाया जायेगा, जहां वे मवेशियों के टीकाकरण प्रशिक्षार्णिर्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। बताया गया कि जिन्हें स्वरोजगार के लिए अतिरिक्त ऋण की जरुरत है, उन्हें बैंक ऑफ इंडिया आर सेटी खूंटी द्वारा ऋण की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9973825565, 9771971379, 8969992135 पर संपर्क किया जा सकता है।

बाइक वर्कशॉप में लगी आग, नौ बाइक सहित अन्य सामान जले

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना क्षेत्र के डकरा मार्केट स्थित झारखंड कांपलेक्स में बीती रात एक बाइक वर्कशॉप में भीषण आग लग गई। इस अगलगी की घटना में वर्कशॉप के अंदर रखे 9 बाइक और मोटर पार्ट्स के सामान जलकर पूरी तरह से राख हो गए। देर रात ही सीसीएल के फायर बिग्रेड के द्वारा आग को बुझाया गया। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। इस आग लगी की घटना में 13 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस घटना के संबंध में वर्कशॉप संचालक अखिलेश कुमार उर्फ छोटू मिस्त्री ने बताया कि वह झारखंड कॉन्प्लेक्स में दुकान किराए पर लेकर पिछले 7 साल से वर्कशॉप चला रहा था। बीती रात वह गैरेज में काम खत्म कर रात 10 बजे अपने घर के लिए चला गया था। रात्रि लगभग 2 बजे दुकान के बगल में रहने वाले एक परिवार ने फोन पर बताया कि उनके दुकान से तेज धुआ और आग की लपटें निकल रही है। सूचना मिलने के बाद अखिलेश कुमार अपने परिजनों और दोस्तों के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह शटर का ताला खोलकर बाल्टी से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच सीसीएल के फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचे और आग को बुझाया। यदि फायर बिग्रेड नहीं पहुंचती तो अगल-बगल की कई दुकानें आग की चपेट में आ जाती है। वर्कशॉप संचालक अखिलेश कुमार के अनुसार इस आग लगे की घटना में ग्राहकों का बुलेट, हॉरनेट, सीबीजेड जैसी 9 महंगी गाड़ियां पूरी तरह से जल गई। वही वर्कशॉप के अंदर रखे नए टायर, मोबाइल और लाखो रुपए के मोटर पार्ट्स के समान भी पूरी तरह से जल गए। वर्कशॉप संचालक के अनुसार करीब 13 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। आग लगी की घटना की जानकारी रात्रि 2 बजे ही खलारी पुलिस को दी गई थी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली।

भूदान में मिली जमीन को पंजी टू में अंकित नहीं किया गया तो होगा प्रदर्शन

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज क्षेत्र लपरा में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों के द्वारा हमारे जमीन का फर्जी कागजात बनाकर हमें बिहार भूदान यज्ञ कमेटी द्वारा दान में दी गई जमीन से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है और जमीन को हड़पने की कोशिश की जा रही है। कहा कि हमे डराया धमकाया भी जाता है। हम सब ग्रामीण अनेकों बार खलारी अंचलाधिकारी कार्यालय में जाकर अपनी आप बिती बताई और आवेदन के माध्यम से दान में मिली जमीन का सत्यापन कर पंजी-टू में अंकित करने का आग्रह भी किया लेकिन किसी ने हम सबकी बात नहीं सुनी। हमारा आग्रह और हमारी समस्या को नजरअंदाज किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर यह जमीन भी दलालों व दबंगों के द्वारा हमसे छीन ली जाती है तो हम सब बेघर हो जाएंगे और हम सब कहीं के नहीं रहेंगे। हम ग्रामीणों की मांग यही है कि जो जमीन बिहार भूदान यज्ञ कमेटी के द्वारा हम सब को दान में दिया गया है उस जमीन से हमें बेदखल ना किया जाए। भाजपा युवा नेता प्रताप यादव ने कहा कि पत्र के माध्यम से अंचलाधिकारी को इस समस्या से अवगत कराया गया है कि कुछ दबंगों के द्वारा दान में दी गई जमीन को हड़पा जा रहा है जो भी इस कार्य में संलिप्त है और जो दोषी पाए जाते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाए। उन्होने खलारी सीओ से आग्रह किया कि यथाशीघ्र बिहार भूदान यज्ञ कमेटी द्वारा दान में दी गई जमीन का सत्यापन कर पंजी-टू में अंकित किया जाए ऐसा नहीं होता है तो समस्त ग्रामीण 20 फरवरी दिन सोमवार को प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में धरना पर बैठने को बाध्य होंगे। जिसकी पुरी जवाबदेही अंचलाधिकारी व प्रशासन की होगी। बैठक में नंदु गंझू, शोगल मल्हार, संदीप उरांव, बलकु मुंडा, गुडडु, कृष्णा राम, जितराम मल्हार, बुनचुट मल्हार, रोहित मल्हार, काजल देवी, मानकी देवी, दुर्गा देवी, बसंती देवी, आशा देवी, सुमित्रा देवी, बसंती देवी, अनिता देवी, परवाह देवी, सोनी देवी, मुन्नी देवी, राजमनी देवी, धनमोहनी देवी, माना देवी, चिंता देवी, मुकेश लोहरा, पारो देवी, शांती देवी, शीला देवी, मोनिका देवी, सुगन देवी, सुनीता देवी, सुलेखा देवी, सोमरी देवी, रानया देवी, मो मुर्तजा आलम, सहोदर मुंडा, मिट्ठू लोहरा, सुसन देवी, सुनीता देवी, सहदेव लोहरा सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

महिला दिवस मनाने को लेकर कल्याणपुर में हुई महिला समिति की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित सरना क्लब के प्रांगण में महिला दिवस मनाने को लेकर एक आवश्यक बैठक सुनीता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। आगामी 8 मार्च को होली पर्व को देखते हुए 6 मार्च को महिला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अनीमा कुजुर, उपाध्यक्ष सीता देवी, पुनिया देवी,सुधा देवी सचिव गौरी देवी,उप सचिव प्रिया कुमारी, कोषाध्यक्ष सुनीता देवी,संरक्षक सरोज देवी को बनाया गया। इसके अलावा मधुलता देवी,बीना देवी, सुषमा देवी,बबीता देवी,पुष्पा देवी,उर्मिला देवी,अंजू कुमारी,शिल्पी कुमारी सहित दर्जनों महिलाओं को सदस्य बनाया गया।बैठक में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

बचरा शिव मंदिर में 10 फरवरी से भागवत कथा का होगा शुभारंभ



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में 10 फरवरी से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा। इस संबंध में मंदिर समिति द्वारा बताया गया कि 10 फरवरी की सुबह कलश यात्रा प्रारम्भ होगी,जबकि संध्या 6 बजे से रात्रि 9:30 तक प्रत्येक दिन श्रीमद् भागवत कथा होगी जो 16 फरवरी तक चलेगा। 17 फरवरी को अखंड हरिकीर्तन का कार्यक्रम निर्धारित है जिसका शुभारंभ सुबह 10 बजे से शुरू होकर अगले दिन 10 बजे पुणार्हुति के साथ समाप्त हो जाएगा। उसी दिन संध्या 4 बजे शिव बारात निकाली जायेगी। मंदिर समिति द्वारा क्षेत्र के सभी लोगो से कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की गई है।

वार्ड नंबर 3 के पार्षद की मां का निधन

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 के पार्षद कैलाश हलवाई की मां का सोमवार को निधन हो गया वह लगभग 80 वर्ष की थी अपने पीछे 2 पुत्र 3 पुत्रियां तथा नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गई है उनके निधन में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश उरांव, उपाध्यक्ष सुनील कुमार जयसवाल तथा सभी वार्ड पार्षदो ने दुख व्यक्त किया है।

बुंडू में 15 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट

बुंडू (आजाद सिपाही)। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश पर अवैध रूप से अफीम खेती के फसल नष्ट करने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत बुंडू के थानेदार इंस्पेक्टर पंकज भूषण के नेतृत्व में बुंडू थाना क्षेत्र के आराडीह गांव में अवैध रूप से 15 एकड़ में की गई। अफीम की खेती अफीम पोस्ता खेती को पुलिस के जवानों ने नष्ट किया गया। इस अभियान में पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार तथा लामा सुरज सिंह के अलावा पुलिस के जवान शामिल थे। बुंडू के थानेदार इंस्पेक्टर पंकज भूषण ने बताया प्रखंड के अन्य क्षेत्रों में भी अवैध रूप से अफीम पोस्ता की खेती की गई है। जिसे चिंहित कर पुलिस प्रशासन कार्रवाई कर रही है।

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के सूटींलौग गांव में श्रीमती देवी उम्र 20 वर्ष मैं अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जानकारी के अनुसार मृतिका की शादी मुरहू थाना के सांडी गांव में रवेंद्र मानकी के साथ वर्ष 2019 में हुई थी मृतिका टुसू मेला देखने के लिए 6 जनवरी को अपने मायके आयी थी घर पर उनकी मां सुशीला देवी पति मोहर सिंह मुंडा अपने कार्य से बाहर गई थी। जब घर आयी तो मृतिका ने अपने गले में फंदा डालकर फांसी ली हुई है। बुंडू पुलिस घटनास्थल में पहुंचकर फंदे से शव को उतार कर देर शाम को बुंडू थाना ले आयी तथा पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। बुंडू पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता कर रही है।

पीडीएस राशन डीलर तीन दिवसीय हड़ताल पर

बुंडू (आजाद सिपाही)। पीडीएस राशन डीलरों द्वारा मंगलवार से तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गये हैं। रांची जिला फेयरप्राइस संघ की तरफ से एसआरओ को पत्र के माध्यम से 7 8 तथा 9 फरवरी को बायोमीट्रिक मशीन बंद रखने का आवाहन किया है। इसी क्रम में बुंडू के सभी पीडीएस दुकानदारों ने अपनी दुकानों को बंद रखा।

राहे में अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

राहे (आजाद सिपाही)। राहे ओपी क्षेत्र के फुलवार गांव के आसपास जंगल में राहे ओपी पुलिस और एसएसबी 26 वी बटालियन के जवानो के संयुक्त अभियान में 14 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया। अभियान में राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान की टीम , एसएसबी 26 वी बटालियन ए कम्पनी के इंस्पेक्टर जगन्नाथ उरांव,तिलक राज, भूपेंद्र कुमार,हरदीप सिंह,दीपक कुमार, सहित जवान उपस्थित थे।

झामुमो सोनाहातू कमेटी के हुआ गठन

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला सचिव डा हेमलाल कुमार मेहता के द्वारा जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की स्वीकृति से सोनाहातू प्रखंड समिति का गठन किया गया है। जिसमें हलधर महतो को अध्यक्ष, मुकुंद प्रमाणिक, मनोज महतो, जगदीश सिंह मुंडा एवं अमूल्य मुंडा को उपाध्यक्ष, कृष्ण सिंह मुंडा को सचिव, कार्तिक महतो को कोषाध्यक्ष, पंचानन स्वांसी को प्रवक्ता बनाया गया है। इनके अलावे कार्यकारिणी सदस्यों में मुंशी अहीर,कलेश्वर अहीर, सुरजन यादव, प्रह्लाद महतो, हारु महतो एवं लखन महतो का चयन किया गया है। इधर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि दस दिनों के अंदर प्रखंड के सभी नए एवं पुराने कार्यकताओं के साथ बैठक कर आवश्यकतानुसार प्रखंड समिति को विस्तार करते हुए अनुशंसा जिला समिति को भेजेंगे।

मुरहू में फैंसी चूड़ी निर्माण इकाई का उद्घाटन

खूंटी (आजाद सिपाही)। तेजस्विनी क्लब माहिल, मुरहू में मंगलवार को फैंसी चूड़ी निर्माण इकाई का उद्घाटन किया गया। मौके पर उप प्रमुख अरूण कुमार साबू ने चूड़ी निर्माण सामग्रियों का अवलोकन करते हुए कहा कि तेजस्विनी परियोजना की यह पहल काफी सराहनीय है। इससे क्लब से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होंगी। आय सृजन गतिविधि के अंतर्गत किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में तेजस्विनी क्लब माहिल की किशोरियों सहित 12 युवतियों को चूड़ी निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर परियोजना प्रबंधक छजनलाल शर्मा, जोनल कार्यालय लोहरदगा के कृष्णलाल यादव और चूड़ी निर्माण इकाई से जुड़ी हुई किशोरियां और परियोजना कर्मी उपस्थित थे।

विधायक ने कब्रिस्तान चहारदीवारी एवं तालाब जीर्णोद्धार निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लुंडरी पंचायत में मगंलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की जिला कल्याण मद से बनने वाले कब्रिस्तान के चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया गया। मौके पर मुखिया नीलम उरांव और प्रखंड प्रमुख होलिका देवी भी साथ थीं। साथ ही बेयासी पंचायत के कंजगी मे और सिलगाई मे कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मृदा एवं संरक्षण योजना अंतर्गत बंजर भूमि/राइस फैलो विकास उपयोजना अंतर्गत विशेष सिचाई सुविधा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत सरकारी/ निजी तालाब के जीर्णोद्धार/ गहरीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गांव में सड़क नाली का निर्माण जोर शोर से करवाया जाएगा। कब्रिस्तान के चारों ओर चहारदीवारी के निर्माण हो जाने से लोग गंदगी नहीं होगी। पशुओं का विचरण व अन्य गंदे कामों से मुक्ति मिलेगी। मौके पर इस्तियाक अंसारी, शशि साहू, सीटू उरांव रहीम अंसारी, हैदर अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

वीर बुधू भगत जयंती समारोह सह विकास मेला को लेकर बैठक

चान्हो (आजाद सिपाही)। अगामी 17 फरवरी को आयोजित होने वाले शहीद वीर बुधू भगत जयंती समारोह सह विकास मेला को लेकर सिलगांई के झखरा कुम्बा में मगंलवार को बैठक की गई। स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारियों एवं वीर बुद्धू भगत स्मारक समिति के सदस्य के साथ बैठक की गई। इसमें विधायक ने सभी बिन्दुओं पर गहन मंथन कर उपायुक्त रांची से सम्पर्क कर तत्काल समुचित संसाधन उपलब्ध कराने की बात भी कही है। बताते चलें कि स्थानीय विधायक पूर्व में समिति के सभी सदस्यों को जिला प्रशासन से मिलवा चुकी हैं और लगातार इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने हरसम्भव मदद का वादा भी किया।

जमीअत उल मोमिनीन इलेक्शन कमेटी ने शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर थानी को सौंपा मांग पत्र

इटकी (आजाद सिपाही)। जमीअत उल मोमिनीन इटकी के चुनाव को लेकर बनाई गयी इलेक्शन कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल नायब कन्वेनर तस्लीम रजा और वसीम इकबाल के नेतृत्व में मंगलवार को इटकी थाना प्रभारी से मिलकर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस बल की मांग की है। मांग पत्र में बताया गया है कि 12 फरवरी रविवार को इटकी स्थित कमेटी हॉल में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी। जबकि मतदान खत्म होने के बाद रात 8 बजे तक मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कर चुनाव के नतीजे की घोषणा की जाएगी। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने पुलिस बल मतदान के दिन तैनात करने का आश्वासन दिया है। मौके पर अबू हसन, नौशाद आलम, शोएब अंजुम और अरशद रेहान मौजूद थे।

आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए डीलर राजू उरांव ने लगाया शिविर

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के करकरी पंचायत के टंगरा टोली गांव में मंगलवार को राजू उरांव के जन वितरण प्रणाली दुकान परिसर में स्थानीय ग्रामीणों की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें दर्जनों लोग शिविर में अपने कार्ड बनाने पहुंचे। मौके पर राजू उरांव ने बताया कि बाजार में स्थित कैफे सेंटरों में भीड़ होने के चलते स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए शिविर लगाया गया ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिले। उन्होंने कहा सरकार की इस योजना का कई लोगों को अभी पता भी नहीं है, उन्हें भी जागरूक किया जा रहा है ताकि कोई लाभार्थी इससे वंचित न रहें। मौके पर ग्राम प्रधान, स्वास्थ्य सहिया,आंगनबाड़ी सेविका सहित ग्रामीण मौजूद थे।

राजीव रंजन अधिकारी बने पेयजल स्वच्छता विभाग के जिला प्रतिनिधि

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जरिया निवासी राजीव रंजन अधिकारी को लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने पेयजल स्वच्छता विभाग का जिला प्रतिनिधि बनाया है। इसकी सूचना मिलने पर मांडर की पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो प्रदेश कार्यालय प्रभारी भोगेन सोरेन, जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, दुखहरण सिंह, हरिमोहन साहू, जितेंद्र पाल सिंह, नीरज कुजूर, राजेश कुमार, बलराम सिंह, सुखदेव कच्छप, तेजू दास, प्रकाश साहू, आलोक मिश्रा गोपाल महतो आनंद साहू कुमुद वर्मा साजर तिर्की जतरू उरांव महादेव उरांव महावीर उरांव दिलीप केरकेट्टा आदित्य ताम्रकार भागवत ताम्रकार शहबाज अंसारी ने राजीव रंजन अधिकारी को बधाई दी। वहीं राजीव रंजन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खुशी है। साथ ही नई जिम्मेदारियों का सांसद ने जो मुझ पर जो भरोसा जताया है मैं पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयत्न करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वकांक्षी योजना जल नल योजना को मांडर विधानसभा क्षेत्र में गति प्रदान करने में अहम भूमिका होगी।

कार्यक्रम : 44वां केंद्रीय श्री रामकृष्ण किसान मेला 2023 की तैयारियां अंतिम चरण में

मेला समिति के लोगों ने लिया तैयारियों का जायजा

गेतलसूद में आयोजित इस दो दिवसीय मेले का नौ फरवरी को सीएम हेमंत सोरेन करेंगे उदघाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची एवं विवेकानंद सेवा संघों द्वारा प्रत्येक्षण फार्म गेतलसूद में दो दिवसीय 9-10 फरवरी को 44वां केन्द्रीय किसान मेला का आयोजन किया गया है। इस मेला का उदघाटन 9 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ झारखण्ड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख करेंगे। मेला के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। मेला में क्षेत्र के किसानों द्वारा फसल उत्पाद सहित पशु-पक्षियों की प्रर्दशनी लगायी जाती है। बाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कार से नवाजा जाता है। इस वर्ष कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन किया गया है। दोनों ही दिन पुरस्कार वितरण अतिथियों के हाथों किया जायेगा। मंगलवार को मेला समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर बेदिया के नेतृत्व में प्रत्येक्षण फार्म गेतलसूद में मेला की तैयारियों का जायजा लिया गया।

मौके पर जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, मिशन के ब्रह्मचारी देवात्मचैतन्य महाराज, पहलू बेदिया, शिवा मुण्डा, श्रवण मुखियार, सुरेश महतो, जगदीश भोगता आदि मौजूद थे।

सर्वमंगलकारी हनुमान मंदिर की तीसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी

कलशयात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

संध्या में मंगलवारी आरती सह भगवती जागरण का हिंन्दूवादी नेता भैरव सिंह ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। नगड़ी के डोकाटोली स्थित सर्वमंगलकारी हनुमान मंदिर की तीसरी वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। सुबह 9 बजे कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, डॉ त्रिवेणी नाथ साहू कुलपति झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी, प्रो. प्रेमसागर केशरी, भाजपा नेता केदार महतो, प्रेमसागर महतो, जेएमएम नेता बिनोद तिर्की ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर और भगवा झंडा दिखाकर किया। कलशयात्रा मंदिर प्रांगण से आरम्भ हुई जो परंपरागत मार्गों से होते हुए बजरंग बली के जयकारे और धार्मिक गानों की धुन पर स्वर्णरेखा उद्गम स्थल रानी चुंवां पहुंची, जहां पंडित सोनू पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर जल से जलाभिषेक किया गया। इसके बाद पं. सोनू और पुरुषोत्तम भारद्वाज के द्वारा भगवान गणेश, भगवान भोलेनाथ और बजरंगबली का बारी बारी से पूजन किया गया। पुजारी के रूप में दिलीप कुमार, कैलाश महतो, अन्नू महतो, महाबीर महतो और शिवटहल महतो सपत्नीक शामिल हुए।

इधर संध्या में मंदिर परिसर में आयोजित मंगलवारी आरती सह भगवती जागरण का उद्घाटन हिंन्दूवादी नेता भैरव सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समस्त सरना सनातन एक हो और अपने धर्म के प्रति जागरूक रहें और एकता बनाये रखें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अजय कुमार, आदित्य कुमार, पंकज राज, दिनेश महतो, प्रदीप कुमार महतो, रमेश महतो, संजय महतो, प्रमोद महतो, दिलीप महतो, मूलचंद महतो, भोला महतो, बजरंग महतो, अखिलेश्वर महतो, शम्भू महतो, आनंद साहू, सुरेश प्रजापति, दीपक, अरुण, बिरण बरूण, रामवृक्ष सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

लापुंग के लालगंज में इस्कान संस्था ने किया अखंड हरि कीर्तन व प्रवचन

हरिकीर्तन व गीता का प्रवचन के साथ विशाल भण्डारा का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। लालगंज के काली मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन व प्रवचन साथ में गीता का उपदेश इस्कान रांची के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर आचार्य मधुसुदन मकुंद दास प्रभु के द्वारा गीता का पथ व प्रवचन दिया गया। गौरांग दास के द्वारा हरि कीर्तन किया गया। हरिकीर्तन में लालगंज के महिला-पुरुष झूम उठे। साथ ही प्रवचन में मनुष्य को अच्छे कर्म करें, मनुष्य का जन्म क्यों हुआ है, साथ ही सात्विक भोजन का सेवन न करें। ऐसे कर्म करें जिससे मनुष्य को अगले जन्म में मनुष्य का रूप का तन मिले। शरीर नश्वर है, पुराने वस्त्र त्याग कर नया वस्त्र धारण करता है, आत्मा अमर है दूसरे जन्म में नया जीव के रूप में जन्म होता है। व्यक्ति को जीने की कला सिखाया संयुक्त परिवार बिखराव की ओर क्यों जा रहा है इसपर चर्चा की। बिना राम की रामराज्य की कल्पना काल्पनिक कहा। सरस्वती व दुर्गा पूजा में अश्लील गाने में नृत्य करना बंद करो। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो लालगज की कीर्तन में शामिल हुए व झूम उठे। यह संस्थान अंतराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के द्वारा किया गया एक सप्ताह से लापुंग के अलावे इसके समीपवर्ती गांव गोविंदपुर, जरियागढ़, महुगांव, परवल, मालगो, जतालोया गांव हरेराम हरेकृष्ण से गूंज उठा। हरिकीर्तन व गीता का प्रवचन के साथ विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों महिला-पुरुषों ने भाग लिया। सभी सनातनी बंधुओं को गीता का अध्ययन करने के लिए गीता के पुस्तक उपलब्ध कराये गये।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लखन साहू, उज्वल दास, शिवा साहू, मुनेश्वर साहू, रामबरित साहू, नरेश साहू, दुखहरण सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, संदीप साहू, कुलदीप साहू, मनोज साहू, प्रेम साहू, अशोक साहू, नबोध सिंह, विजय सिंह, रविंद्र साहू, राजेन्द्र साहू, गंगा साहू के अलावे दर्जनों लोगों का सहयोग रहा।

बैठक : बीडीओ ने की प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा

पीएम आवास योजना की अपूर्ण स्थिति पर जतायी नाराजगी

आवास के लाभुकों को एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने का नोटिस देने का दिया गया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं को लेकर बीडीओ ने समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की। वहीं समीक्षा के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना की अपूर्ण स्थिति पर नाराजगी जताते हुए सभी पंचायतों में पर्यवेक्षक के नेतृत्व में पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं जनसेवक को भ्रमण कर आवास के लाभुकों को पूर्ण कराने के लिए हरसंभव प्रयास करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण नहीं करने वाले आवास के लाभुकों को एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने का नोटिस देने का निर्देश दिया गया। जो घर में उपस्थित नहीं हों उनके घर पर नोटिस चिपकाने की हिदायत दी गई। वहीं मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मौजूद सभी रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन प्रति गांव कम से कम पांच योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन कम से कम एक सौ मजदूरों को कार्य देना सुनिश्चित करें। सभी पंचायत में पूर्ण हुई सभी योजनाओं का जियो टैग तीन दिनों के अंदर करने का उन्होंने निर्देश दिया। उन्होंने सॉक पिट, कंपोस्ट पिट व रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी योजनाओं को फरवरी के अंत तक पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी। इधर समीक्षा के क्रम में बचे हुए सभी जॉब कार्डधारियों को आधार से जोड़ने और इसमें प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में आयुष्मान कार्ड से लाभुकों को जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। 15 फरवरी तक प्रखंड के सभी लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़े जाने का लक्ष्य है। जिससे स्वास्थ्य संबंधी सरकार का लाभ आम जनों तक पहुंच सके। सभी कर्मियों को इसमें सहयोग करने का निर्देश दिया गया। इधर मौके पर 15वें वित्त सहित अन्य विषयों की भी समीक्षा की गई और मौजूद सभी कर्मियों को अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, आवास समन्वयक भूषण साहू, नेहालू मुखिया वीरेंद्र भगत, पुरियो मुखिया नीरज कुजूर, डोरंडा मुखिया महावीर उरांव, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सेवक, जनसेवक व रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

अखिल भारतीय होम्योपैथिक शिखर सम्मेलन में चार छात्रों को किया गया पुरस्कृत

नामकुम (आजाद सिपाही)। वाईबीएन विश्वविद्यालय के मां कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के बी.एच.एम.एस. के अंतिम वर्ष के छात्रों को एच.एम.ए.आई, पश्चिम बंगाल शाखा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय होम्योपैथिक शिखर सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया। एच.एम.ए.आई, पश्चिम बंगाल शाखा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय होम्योपैथिक शिखर सम्मेलन में जो 4, 5 फरवरी 2023 को दीघा (पश्चिम बंगाल) में संपन हुआ था। इस सम्मेलन में देश भर से 2000 से अधिक प्रैक्टिसनर ने भाग लिया था। मंगलवार को आयोजन समिति द्वारा टॉपर चार छात्रों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत छात्रों में पूजा सिंह, आयुषी कुमारी, अंजनी कुमार, अंजित कुमार शामिल हैं। इस शिखर सम्मेलन में मां कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के साहिल, संदीप, सितारा, कल्याण, सोनू और देव कुमार का अहम योगदान रहा। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय डॉ कालीचरण चौधरी, डॉ एसके सिंह, डॉ सुनीता साह और डॉ साजिद अंसारी को दिया। उनकी इस सफलता पर वाईबीएन विश्वविद्यालय में मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, उप कुलसचिव संजय तिवारी, सहायक कुलसचिव ज्योति रानी ने सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुखिया रोशन लाल मुंडा ने नवनिर्मित अतिरिक्त भवन का किया उद्घाटन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। सिरका पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुण्डा ने मंगलवार को सिरका पंचायत सचिवालय में महिला समिति के नवनिर्मित अतिरिक्त भवन का फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि इस भवन के बन जाने से महिलाओं को बैठक करने में काफी सुविधा होगी। अक्सर देखा गया है कि भवन के अभाव में महिलाएं अपने समूह की बैठक खुले मैदान में या फिर किसी सदस्य के घरों पर करती हैं। अब महिलाओं को बैठक के लिये इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। मौके पर वार्ड सदस्य प्रणव महतो, पुष्पा देवी, महिला समिति की पिंकी देवी, अनिता देवी, मालो देवी, कौशल्या देवी, प्रमिला देवी, टीआरआई की एलिस तिर्की, सीमा कुमारी, पारसनाथ महतो आदि मौजूद थे।

पंचायत समिति की कार्यकारिणी की बैठक में आठ समितियों का गठन

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की कार्यकारिणी की एक बैठक प्रमुख किरण उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में सामान्य प्रशासन, कृषि व उद्योग, स्वास्थ्य व शिक्षा व वित्त अंकेक्षण सहित आठ स्थायी समिति का गठन किया गया। बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए तैयार वार्षिक योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप प्रमुख परवेज राजा, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, बीपीओ धनेश्वर राम, रंथू मिंज, आसफा नाज, निकहत परवीन, बीरू उरांव, मीणा होरो व सुल्ताना परवीन सहित अन्य शामिल थे।

एनएच-75 पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

मांडर (आजाद सिपाही)। एनएच 75 मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा चौक में मगंलवार दोपहर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मांडर की तरफ जा रही अज्ञात अल्टो कार ने मुड़मा निवासी चिल्गु उरांव को टक्कर मार कर भाग गयी। जिससे चिल्गु उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चिल्गु उरांव जिला परिषद सदस्य इतवारी कुजूर का देवर है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया।

टाटीसिलवे आरा गेट के समीप सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार महिला की मौत

नामकुम (आजाद सिपाही)। टाटीसिलवे थाना क्षेत्र आरा गेट के समीप रांची-पुरुलिया रोड पर सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार महिला की मौत हो गयी। मृतक महिला की पहचान जोरार पंडित सदन निवासी सुदामा यादव की पत्नी सुनीता देवी (50) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार महिला अपने पति के साथ स्कूटी से टाटीसिल्वे बाजार गयी हुई थी। वहां से लौटने के क्रम में आरा गेट के समीप सुनीता देवी असंतुलित होकर सड़क पर गिर गयी। जहां पीछे से आ रहे ट्रक नं. जेएच 02 एम 7982 ने महिला को कुचल दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से उसे घायल अवस्था में द्वारिका हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां गंभीर अवस्था को देखते हुये डॉक्टरों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। वहीं, रिम्स ले जाने के क्रम में महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

फुट ब्रिज और प्लेटफॉर्म निर्माण के लिए 49 करोड़ की स्वीकृति मिली : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत धनबाद मंडल के तोलरा रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रीज एवं तोलरा रेलवे स्टेशन को हाई लेवल प्लेटफार्म बनाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है। विदित है कि वहाँ के ग्रामीण जनता एवं रामानुज उच्च विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय तोलरा के छात्र/छात्राओं को आने-जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उक्त संबंध में मेरे द्वारा पत्रांक-1364/डीटीओ, दिनांक 14.01.2023 को मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद मंडल को पत्र लिखकर तोलरा रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रीज एवं तोलरा रेलवे स्टेशन को हाई लेवल प्लेटफार्म बनाने का अनुरोध किया था। इसके साथ-साथ पंड़ित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत मुहम्मदगंज-सतबहिनी स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग नं0-55, कोशियारा-मुहम्मदगंज के बीच लेवल क्रॉसिंग नं0-53, हैदरनगर-कोशियारा के बीच लेवल क्रॉसिंग नं0-50,जपला-हैदरनगर के बीच लेवल क्रॉसिंग नं0-43, कजरात नावाडीह-जपला के बीच लेवल क्रॉसिंग नं0-39, कजरात नावाडीह-जपला के बीच लेवल क्रॉसिंग नं0-37 एवं बी0डी0 सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग नं0-32, 36, 49, 50, 53 के पास लिमिटेड हाई सबवे (एल0एच0एस0) का निर्माण कराने तथा जपला-हैदरनगर के बीच रेलवे लेवल क्रासिंग नं0-42/बी/एसपीएल/टी के पास आर0ओ0बी0 का निर्माण की स्वीकृति मिली है।

रैदास जी समाज में जागरूकता के प्रति संघर्षरत रहे : राजीव रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू । प्रखण्ड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत रबदी भंवराहा ग्राम में सोमवार देर रात संत गुरु शिरोमणि रैदास जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने रैदास जी के चरणों में पुष्प अर्पित करने के पश्चात मंच का उद्घाटन फीता काटकर किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि रैदास जी महाराज समाज मे छुआछूत के विरुद्ध समाज मे जागरूकता के लिए संघर्षरत रहे। उन्होंने कहा कि किसी महापुरुष के जयंती पर उनके आदर्शों पर चलने की संकल्प लेना चाहिए। उनके आदर्शों को जीवन मे उतारे। संतो के बताए हुए रास्तों पर बढ़कर समाज को संगठित व विकसित बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज कुमार उजाला, मंच का संचालन अमित यादव ने किया। मौके पर सुविदार उदय वर्मा, मनोज मेहता, कृष्णा कुमार, राकेश कुमार, शंभू यादव, गोपाल प्रसाद, मंटू कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

संत रविदास के विचारों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत : कृष्णा दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। रविदास जयंती के अवसर पर कजरु कला गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश सचिव कृष्णा दुबे ने फीता काटकर किया। भावी विस प्रत्यासी कृष्णा दुबे ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक है। हम सब को उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। संत रविदास खुद कहा करते थे कि व्यक्ति अपने जात से नही बल्कि कर्म से महान होता है। इस बात को उन्होंने अपने जीवन काल में साबित भी कर दिया था। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि संत शिरोमणि चाहते थे कि दबे कुचले लोग पहले अपने बच्चों को शिक्षित करें। ताकि समाज में इंकलाबी बदलाव आ सके। वरीय बसपा नेता गोपाल राम ने संत रविदास के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान गायकों ने लोगों का जमकर मनोरंजन किया। मौके पर सतीश चौबे उर्फ बालजी चौबे, नवल किशोर चौबे, राजीव शुक्ला, विवेक पांडेय, संतोष तिवारी, जसीम अख्तर, रुस्तम साह, उदयराम सहित कई लोग मौजूद थे।

झामुमो नेता अविनाश देव ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से अपने विधानसभा क्षेत्र गढ़वा आगमन पर उनके आवास पर झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। अल्प मुलाकात के दौरान सामाजिक कार्यों, माटीकला सहित अन्य विषयों पर गुफ्तगू किये।

बहुत ही प्रश्नचित मुद्रा में गर्मजोशी से आश्वस्त किये हम इस समाज के लिये चिंतित हैं। समाज के लोगों को संगठित हो कर काम करने की जरूरत है।

क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़कों का जीर्णोद्धार व 12 कब्रिस्तानों की होगी घेराबंदी : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद प्रखंड के मलवारिया मुख्य नहर पीच रोड से काजी बिगहा, शेखपुरा, खरडीहा होते हुए कुडुआ रोड तक और हैदरनगर - मोहम्मदगंज आरसीसी पथ भाई बिगहा से रेलवे स्टेशन मोड़, थाना, प्रखंड कार्यालय, खरगड़ा होते हुए कबरा कला तक सड़क का विशेष जीर्णोद्धार होगा। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लगातार दोनो महत्वपूर्ण सड़कों की स्थिति के संबंध में ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए इसका जीर्णोद्धार कराने की मांग की थी। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग से दोनो सड़को को स्वीकृति प्रदान करा दिया है। दोनो सड़को का जल्द ही जीर्णोद्धार हो जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र के 12 कब्रिस्तानों की घेराबंदी की भी स्वीकृति दिलाने का काम किया है। इस माह स्वीकृत सभी कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम शुरू हो जायेगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि 13 वर्षो से लगे जंग को साफ करने में समय लगना स्वाभाविक है। फिर भी एक एक कर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सड़क, नाली ,गली, भवन निर्माण के कार्य सभी प्रखंडों में किए जा रहे। इस माह के अंत तक विधायक कोटा की राशि प्राप्त होने के बाद गांव गांव में विकास की गति तेज हो जायेगी।

सेवानिवृत्ति के बाद बढ़ जाती है सामाजिक जिम्मेवारी : बीडीओ

सेवानिवृत्ति के बाद एएसआइ महेंद्र चौधरी को दी गयी सम्मानपूर्वक विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाना में कार्यरत एएसआई महेंद्र चौधरी को सेवानिवृत के बाद समारोह आयोजित कर आज सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता रेहला थाना प्रभारी नेमधारि रजक व संचालन प्रो.नंदलाल शुक्ला ने किया। समारोह में सेवानिवृत हुए एएसआई महेंद्र चौधरी को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि योगदान,तबादला और सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है। जिससे सरकारी सेवा मे रहने वाले हर एक व्यक्ति को गुजरना पड़ता है। सेवानिवृत्त होने के बाद हम सिर्फ सरकारी दायित्व से मुक्त

होते हैं। सामाजिक दायित्व और भी बड़ जाता है। उन्होंने कहा श्री चौधरी के दीघार्यु होने की कामना करते हुए कहा कि जीवन व सरकारी सेवा में मिले अनुभव का लाभ परिवार व समाज को देने का प्रयास करें। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि विदाई की बेला में किसी भी व्यक्ति को बोलने के लिए शब्दों की कमी पड़ जाती है। मन में मिश्रित भावनाएं आने लगती हैं। खुशी के पल व दुख के क्षण आंखों के सामने से गुजरने लगता है। विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, एसआई अलखनाथ चौबे, प्रो.नंदलाल शुक्ला, अधिवक्ता सुधीर चौबे ने कहा कि सेवानिवृत्त एएसआई श्री चौधरी अपने कार्यों के प्रति वफादार थे। मौके पर मुखिया रोहित तिवारी ,एएसआई धनाई उरांव, डहरु उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डु, समाजसेवी मुंशी प्रसाद गुप्ता, भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी, नवीन पांडेय,आलोक शुक्ला, बचंदेव चौधरी, ज्वाला गुप्ता, रामबचन चौबे, मेराज आलम, उदेश्वर यादव, जमील खान सहित कई लोग मौजूद थे।

ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला में वैल्यूमंथ का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। ग्रासिम इण्डस्ट्रीज रेहला में आदित्य बिड़ला समूह द्वारा स्थापित मूल्यों यानि वैल्यूमंथ का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्थान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने फीता काट कर किया । यह पूरे फरवरी महीने तक विभिन्न कायर्क्रमों के तहत संस्थान के अंदर मनाया जायेगा । इस अवसर पर संस्थान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे समूह के पॉच स्थापित मूल्यों जैसे प्रतिबद्धताए, सत्यनिष्ठाए, जुनून, गति और सहजता हमारे व्यवसाय मे महत्वपूर्ण योगदान है। कभी भी हम अपने मूल्यों से किसी प्रकार का समझौता नही करते है। उन्होंने कहा कि समूह का मानना है कि इसके सभी कमचार्री भी इन पॉच मूल्यों का अनुसरण कर अपने कायर्स्थल व दैनिक जीवन में आत्मसात कर रहे है। पिछले कुछ वर्षों मे आदित्य बिड़ला समूह वैश्विक व्यापार के क्षेत्र मे अपनी नेतृत्व आकांक्षाओं को साकार करने के लिए मानव संसाधन के महत्वपूर्ण बुनियादी ढॉचे का निमार्ण कर रहा है । किसी भी संगठन के मूल्य उसके चरित्र और व्यक्तित्व को परिभाषित करते है मूल्य हमारे व्यवहार और कार्यो को निदेर्शित और प्रभावित करते है। मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि हमारे संस्थान मे कायर्रत समस्त कमचार्रीयों एवं कामगार बंधुओं को हमारे समूह के इन पॉच मूल्यों के साथ .साथ हमे अपने छठे मूल्य सुरक्षा को भी दिल से आत्मसात करना होगा। क्योंकि कायर्स्थल पर सुरक्षा के मानको को

भी अपने मूल्यों के साथ अपनाना होगा तभी हम सुरक्षित होंगें। हमारे संस्थान का मानना है कि हम सुरक्षा के मानको को उच्चतम स्तर पर रखकर दुघर्टना मुक्त यानि शून्य क्षति को बरकरार रखना है तभी हम अपने मूल्यों पर खरा उतर सकते है। हमारे समूह के पॉच मूल्य जैसे प्रतिबद्धताए, सत्यनिष्ठाए, जुनून, गति और सहजता है। सत्यनिष्ठा जो प्रत्येक कार्य में ईमानदारी और व्यवसायिकता के उच्चतम मानको का पालन करे। प्रतिबद्धता जो सत्यनिष्ठा की नीव पर हम वचनबद्धता को वादे के अनुसार पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करते है। जुनून को एक मिशन के तहत उत्साह के साथ कायर्य में अपना सवर्श्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित कर सफलता का सोच की संस्कृति का निमार्ण कर उम्मीद करते है जिससे बेहतर ग्राहक संतुष्टि एवं मूल्य निमार्ण होता है। सहजता हमे कार्य स्थल पर प्रत्येक के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से सीमा के अंदर टीम भावना के उच्च स्तर का प्रदर्शन सहजता के साथ करना होता है। गति हम समय सीमा को कम करने की कोशिश करेंगें और अपने कार्यो को शीघ्रता से सुरक्षित पूवर्क पूरा करना सुनिश्चित करेंगें। टेक्निकल हेड हरदीप कोहली ने कहा कि हमारा संस्थान अपने मूल्यों का अक्षरशः पालन कर अपने व्यवसाय को अग्रसारित करता है संस्थान में कायर्रत सभी कमर्चारियों और कामगार बंधुओं ने भी इन पांच मूल्यों का पालन कर गुणवत्ता के क्षेत्र में कम्पनी को अग्रेसित कर रहे है। पावर प्लांट हेड दीपक शर्मा ने कहा कि हमारा संस्थान इन पांच मूल्यों को अपने कायर्स्थल पर दैनिक कार्य इसी गतिशीलता के साथ पालन करते हुए एवं सुरक्षा मानको का ध्यान रखकर संस्थान की उत्तरोत्तर वृद्धि में अपनी महती भूमिका अदा कर रहे है। कायर्क्रम का संचालन अभय द्विवेदी तथा धन्यवाद ज्ञापन मनोज सिंह ने किया। कायर्क्रम के अंत में केक काटा गया तथा प्लेजवाल पर उपस्थित अधिकारियों एवं कमर्चारियों के द्वारा समूह के स्थापित पांच मूल्यों के बारे में अपना अपना मंतव्य लिखा गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक मेटेरियल नीरज कुमार, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन प्रणव पांडा, अशोक सिंह, अरूण कुमार, संजय गुप्ता, विक्रममणी, यूनियन के नेता सहित वरिष्ठ कमचार्री एवं कामगार बंधु उपस्थित थे।

जपला स्टेशन का अमृत भारत स्किम के तहत आधुनिक तरीके से यात्री सुविधाओं का होगा विकास

स्टेशन परिसर में फ्री वाई-फाई, उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म बेहतर शौचालय, प्रतीक्षालय समेत कई आधुनिक सुविधा होगें मौजूद

धनंजय कुमार

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के जपला, हैदरनगर व मोहम्मदगंज स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत आधुनिक तरीके से यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।रेल विभाग के वरीय

पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशन के लिए मास्टर प्लान तैयार कर,विभिन्न चरणों मे स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं का आधुनिक तरीके से विस्तार करना है। उक्त योजना के तहत स्टेशन पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म का निर्माण करना,सड़कों को चौड़ा करके, अवांछित संरचनाओं को हटाकर, उचित रूप से डिजाइन किए गए साइनेज, समर्पित पैदल मार्ग, सुनियोजित पार्किंग क्षेत्र, बेहतर प्रकाश व्यवस्था आदि द्वारा सुचारू पहुँच सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन के दृष्टिकोण में सुधार किया जाएगा। स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के यात्रियों के लिए अच्छी दृश्यता के साथ स्टेशन नाम का दो एलईडी बोर्ड लगाए जाएंगे। स्टेशनों पर महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग प्रावधानों के साथ पर्याप्त संख्या में शौचालय उपलब्ध कराए जाएंगे। शौचालय का स्थान स्टेशन उपयोग के लिए उपयुक्त, आसानी से दिखाई देने वाला और सुलभ होगा। स्टेशन परिसर में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा सुविधा भी उपलब्ध होगी। यात्री प्रतीक्षालय को क्लब करने का प्रयास किया जाएगा और जहां तक ??संभव हो बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। एक स्टेशन एक उत्पाद के लिए न्यूनतम दो स्टालों का प्रावधान किया गया है।कार्यकारी लाउंज और छोटी व्यावसायिक बैठकों के लिए स्थान भी बनाए जाएंगे।महत्वपूर्ण जानकारी आदि के प्रदर्शन के लिए एक प्रमुख स्थान पर सकुर्लेटिंग एरिया के प्रत्येक तरफ कम से कम एक सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किया गया होर्डिंग लगाया जाएगा।

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Office of the Dy. General Manager (Transmission Operation), Transmission Circle, Jamshedpur
Campus: - 132/33 Kv Grid Sub-Station, Gamharia, Dist :- Saraikela–Kharsawan, Pin - 832108.
Telephone No & Fax No: - 0657 – 201072, email id: - tcjsr_jusnl@rediffmail.com

e-TENDER NOTICE

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part – I) and Price Part (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following works :-

Sl. No.	e-NIT No.	Description of work	Cost of B.O.Q	E/M to be deposited
1.	296/PR/ JUSNL/ 2022-23	For carrying out patrolling, routing / breakdown / shutdown maintenance etc of 132 kV D/C Adityapur-Ramchandrapur Tr. Line, 132 kV S/C Adityapur-Rajkharsawan Tr. Line & 132 kV S/C Adityapur-Chandil Tr. Line under jurisdiction of T/S/D, Adityapur-I for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024.	Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000.00 + CGST@9%+ SGST @9%)	Rs. 33,400.00
2.	297/PR/ JUSNL/ 2022-23	For annual maintenance work of 220 kV RCP-JODA, Chandil D/C, 220 kV RCP-Chandil S/C and 220 kV RCP-Chaibasa D/C Tr. Line under T/S/D, Adityapur-II (RCP) for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024.	Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000.00 + CGST@9%+ SGST @9%)	Rs. 37,100.00
3.	298/PR/ JUSNL/ 2022-23	For carrying out patrolling, routine/breakdown/shutdown maintenance etc of 132 kV D/C Chandil-Golmuri Tr. Line under jurisdiction of T/S/D, Golmuri for the F.Y 2023-24 (w.e.f. 01.04.2023 to 31.03.2024).	Rs. 2,950.00 (Rs. 2,500.00 + CGST@9%+ SGST @9%)	Rs. 22,900.00
4.	299/PR/ JUSNL/ 2022-23	For carrying out patrolling, routine/breakdown/shutdown maintenance etc of 132 kV D/C Ramchandrapur-Jadugoda & 132 kV S/C Golmuri-Jadugoda Tr. Line under jurisdiction of T/S/D, Jadugoda for the F.Y 2023-24.	Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000.00 + CGST@9%+ SGST @9%)	Rs. 34,100.00
5.	300/PR/ JUSNL/ 2022-23	For carrying out patrolling, routine/breakdown/shutdown maintenance of Transmission Lines under T/S/D, Dhalbhumgarh for the F-Y 2023-24 (w.e.f. 01.04.2023 to 31.03.2024).	Rs. 2,950.00 (Rs. 2,500.00 + CGST@9%+ SGST @9%)	Rs. 23,100.00

Start Date and time of downloading of tender documents	:-	09.02.2023 from 03.00 PM
Start Date and time of upload of BID	:-	09.02.2023 from 03.00 PM
End date and time of upload of BID	:-	02.03.2023 upto 03.00 PM
Last date of submission of hard copy of bid, tender cost and EMD in the office of DGM (T.O), TC, JSR	:-	02.03.2023 upto 04.00 PM
BID Opening date for technical part	:-	03.03.2023 at 01.00 PM
BID Opening date for price part	:-	Will be communicated later on
Tender inviting authority and address for communication	:-	D.G.M (T.O), TC, JSR Campus: - 132/33 Kv Grid Sub-Station, Gamharia, Dist :- Saraikela–Kharsawan, Pin - 832108

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Please contact 9431707314/9431707316 for any enquiry.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।
PR 289553 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(22-23)D

Sd/-
DGM (Transmission Operation/ Project)
Transmission Circle, Jamshedpur

स्पोर्ट्स

खेलो इंडिया यूथ गेम्स (राउंड-अप, आठवां दिन) : वाटर स्लालोम इवेंट का पहला पदक मेजबान मध्य प्रदेश के नाम

एशिया कप 2023 को श्रीलंका में स्थानांतरित किया जाना चाहिए : रविचंद्रन अश्विन

नई दिल्ली। भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने सुझाव दिया है कि एशिया कप 2023 को पाकिस्तान में आयोजित करने के बजाय श्रीलंका में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। बता दें कि पाकिस्तान को 2023 एशिया कप की मेजबानी सौंपी गई थी, ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि भारत टूनार्मेंट से अपना नाम वापस ले लेगा। पिछले साल एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने खुलासा किया था कि भारत सुरक्षा कारणों से एशिया कप के लिए पाकिस्तान की

यात्रा नहीं करेगा और टूर्नामेंट किसी तटस्थ स्थान पर खेला जाएगा, नए स्थान का फैसला मार्च के महीने में एसीसी सदस्यों की कार्यकारी बोर्ड की दूसरे दौर की बैठक में किया जाएगा। अश्विन ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा, अंतिम निर्णय यह हो सकता है कि एशिया कप को श्रीलंका में स्थानांतरित किया जाए। यह 50 ओवर के विश्व कप के लिए एक महत्वपूर्ण लीड-अप है। दुबई में कई टूनार्मेंट हुए हैं। मुझे भी खुशी होगी अगर इसे श्रीलंका स्थानांतरित कर दिया जाए। अपने यू ट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, अश्विन ने कहा कि अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एशिया कप के लिए उनके देश की यात्रा करने से इनकार करता है तो पाकिस्तान भारत में एकदिनी विश्व कप को छोड़ नहीं पाएगा। उन्होंने कहा, एशिया कप पाकिस्तान में होना था। लेकिन, भारत ने घोषणा की है कि अगर यह पाकिस्तान में होता है, तो हम भाग नहीं लेंगे। यदि आप चाहते हैं कि हम भाग लें, तो स्थान बदलें। लेकिन हमने देखा होगा ऐसा कई बार होता है, है ना? पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद और रमीज राजा पहले ही अपने विवादित बयानों से भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को भड़का चुके हैं। भारत के स्पिनर ने पाकिस्तान के ₹एकदिवसीय विश्व कप में न खेलने वाले बयान को ज्यादा महत्व न देते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि पाकिस्तान का विश्व कप में हिस्सा न लेना संभव नहीं है। इस विवाद के अलावा गुरुवार से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी मैच शुरू होगा। पहले टेस्ट मैच की मेजबानी नागपुर करेगा।

देशव्यापी हड़ताल में लोयाबाद के पीडीएस दुकानदार भी शामिल, लाभुक परेशान

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। लोयाबाद के वार्ड संख्या 7 और 8 के करीब ढाइ दर्जन पीडीएस दुकानदार तीन दिवसीय हड़ताल पर है। 7 और 8 को हड़ताल और 9 को रणधीर वर्मा चौक पर सांकेतिक धरना प्रस्तावित है। हड़ताल रहने से लाभुकों को काफी परेशानी हों रही है। बिना अनाज लिए वापस लौट जा रहे हैं। ऐसे में लाभुकों को तीन दिन तक भूखे रहना पड़ सकता है। पीडीएस दुकानदार अशोक वर्णवाल ने बताया कि जनवरी से कमीशन बंद कर दिया है। कोरोनाकाल में 10 महीने का भी कमीशन अब तक नही मिला, हमलोग मानदेय की मांग किये है। 60 वर्ष के बाद पीडीएस दुकानदार की मृत्यु पश्चात भी आश्रित को पीडीएस लाइसेंस जारी रहे। हम अकेले नही है, ऑल इंडिया के सभी पीडीएस दुकानदार हड़ताल पर है। यहां दोनों वार्ड के 29 दुकानदार, इस हड़ताल में शामिल है। एमओ राजीव रंजन वर्मा ने कहा कि पीडीएस दुकानदार देशव्यापी हड़ताल पर है,मांग भी सरकार से है, हम इसमे कुछ नही कर सकते हैं। हड़ताल में अशोक बर्णवाल, सतेंद्र पासवान, जितेंद्र साव, अशोक तिवारी, अवधेश सिंह, प्रभुनाथ सिंह, अनिल श्रीवास्तव, रमेश सिंह, खुर्शीदा परवीन, पूनम प्रसाद आदि पीडीएस दुकानदार शामिल है।

11वें महाधिवेशन की तैयारी में जुटे माले कार्यकर्ता, अभियान चला किया कोष संग्रह और पर्चा वितरण

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले के 11वें महाधिवेशन की तैयारी में सोमवार की देर शाम कार्यकर्ताओं ने कुमारधुवी क्षेत्र के मैथन व जीटी रोड के दुकानदारों एवं आम नागरिकों के बीच फांसीवाद मिटाओ लोकतंत्र बचाओ,देश के शहीदों का भारत बनाओ और नफरत नही अधिकार चाहिए, शिक्षा और रोजगार चाहिए के नारे के साथ कोष संग्रह एवं पर्चा वितरण अभियान चलाया। वही लोगों से 15 फरवरी को पटना में आयोजित रैली में शामिल होने की अपील की। अभियान में स्थानीय दुकानदारों एवं आम लोगो ने सराहनीय सहयोग किया और रैली में जाने पर सहमती भी जताया। इस दौरान माले के राज्य कमिट सदस्य नागेंद्र कुमार, कृष्णा सिंह, जिला कमिटि सदस्य मनोरंजन मलिक, हरेंद्र सिंह, जगदीश शर्मा, गणेश महतो, सुनील गिरि, अखिलेश्वर झा, असीम घोष, संजीत राऊत, रामलखन राय, बजरंगी पासवान, राजनारायण महतो, देवा मांझी, सनीचर राय, संजय सिंह, जमाल अंसारी, मनोज वर्णवाल आदि लोग उपस्थित थे।

वेदांता इएसएल और झारखंड सशस्त्र पुलिस ने सुरक्षा प्रशिक्षण का किया आयोजन

बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड सशस्त्र पुलिस के सहयोग से वेदांता इएसएल की सुरक्षा टीम ने उपद्रव और भीड़ नियंत्रण के ऊपर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। किसी भी आपातकालीन स्थिति के दौरान सुरक्षा दल की परिचालन उत्कृष्टता को और भी बेहतर बनाने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई थी। किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया देने वाली एक कुशल टीम की आवश्यकता होती है। इसलिए झारखंड पुलिस और इएसएल सुरक्षा दल के संयुक्त प्रयास से सौ से अधिक सुरक्षाकर्मियों को आस पास घट सकने वाली स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया जो आम लोगों के बीच किसी भी तरह की बाधा का कारण बन सकती है। वेदांता इएसएल अपने कार्यबल को आवश्यक सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करके उनकी गुणवत्ता को और भी दृढ़ करने के लिए अपेक्षित प्रयास करता है जिस से अंततः स्थानीय लोगों को भी लाभ होता है।

25 लाख लोगों को खिलायी जायेगी फाइलेरिया की दवा

बोकारो (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र, बोकारो के तत्वावधान में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक जिला भर के 25 लाख लोगों को फाइलेरिया बीमारी की दवा खिलायी जायेगी। फलेरिया रोग के मॉस ड्रग वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ 10 फरवरी को बोकारो के सिविल सर्जन कार्यालय से किया जायेगा। इस कार्यक्रम में डोर-टू-डोर जाकर लोगों को फलेरिया से निजात दिलाने के लिए दवा खिलायी जायेगी। पिछले वर्ष भी लगभग 24 लाख लोगों को बोकारो जिले में फाइलेरिया बीमारी से निजात पाने के लिए दवा खिलायी गई थी। इस बार 25 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए भारी संख्या में स्वास्थ्य विभाग कर्मी लगाये जायेंगे और निरंतर इसकी मॉनिटरिंग की जायेगी। इस बात की जानकारी बोकारो के सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने दी है।

भू-अर्जन मुआवजा घोटाले के आरोपी के घर एसीबी की छापामारी

कागजातों की जांच जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भू अर्जन घोटाले मामले में न्यायालय के आदेश पर धनबाद एसीबी की टीम ने मंगलवार की सुबह हाउसिंग कॉलोनी स्थित सेवानिवृत अमीन साधु शरण पाठक के घर छापेमारी की। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी जारी रही। सूचना के अनुसार साधुशरण भू अर्जन मुआवजा घोटाला में आरोपी है। ढोकरा-मनईटांड़ रिंग रोड निर्माण में फर्जी ढंग से मुआवजा राशि निकालने का इन पर आरोप है। उक्त जमीन घोटाला एक सौ करोड़ से भी अधिक का बताया जाता है। छापामारी में एसीबी के दो डीएसपी एवं अधिकारियों की टीम शामिल है जो पाठक के घर पर करीब तीन घंटे से कागजों की छानबीन में जुटी है। इस दौरान धनबाद एसीबी के डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने बताया की न्यायालय के आदेश पर यह छापेमारी की गई है। दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

2016-17 में दर्ज हुआ था मुकदमा

जानकारी के अनुसार जिस समय घोटाला हुआ, उस समय साधु शरण पाठक भू अर्जन विभाग में अमीन थे। मामले में वर्ष 2016-17 में एसीबी ने मुकदमा दर्ज किया था। उसके बाद जांच की कार्रवाई शुरू हुई। घोटाले में साधु शरण पाठक नामजद अभियुक्त है। वही चर्चा रही की साधुशरण पर 2022 में आय से अधिक संपत्ति का भी मुकदमा दर्ज हुआ था और छापेमारी इसी से संबंधित है।

डीजीएमएस और बीसीसीएल अधिकारियों ने किया ब्लॉक टू क्षेत्र की माइंस का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

बाघमारा/कतरास। वार्षिक खान सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बीसीसीएल स्तर की टीम ने ब्लॉक टू क्षेत्र से जूड़े सभी माइंस का किया निरीक्षण। उक्त टीम में डीजीएमएस के सागेश कुमार, आइएसओ संजय सिंह, सेंद्रा बांसजोड़ा के प्रबंधक एसके दास, कांवेंटर संजय सिंह एंव निचितपुर से पहुंचे मनीष कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। टीम ने ड्रैग लाइन मशीन का विशेष रूप से जायजा लिया। इसके अलावा माइंस में कोयला खनन कार्य में लगे हैवी इलेक्ट्रिकल्स मशीन का बारीकी से निरीक्षण किया। ड्रिल मशीन के रखरखाव तथा अन्य उपकरणों पर कर्मियों से जानकारी ली साथ ही सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिये कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। वही बीसीसीएल के विभिन्न कोलियरियों से आये सेफ्टी अधिकारी कन्वेनर संजय सिंह के नेतृत्व में एबीओसीपी माइंस का निरीक्षण किया। टीम में एसके दास, स्वरूप कुमार मित्रा, मनीष कुमार, अभिजित कुंठू, बलराम सिंह आदि शामिल थे।

सुरक्षा के साथ उत्पादन करना ही लक्ष्य: जीएम

जीएम चितरंजन कुमार ने कहा कि सुरक्षा मापदंड का पालन कर शुन्य दुर्घटना के साथ वित्तीय वर्ष उत्पादन लक्ष्य की ओर अग्रसित है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों को खदान को दुर्घटना मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। मौके पर पीओ केके सिंह, मैनेजर के-के दत्ता, सेफ्टी प्रबंधक सुरेश प्रजापति, बी बंधोपाध्याय, आलोक कुमार, बी बारा, सेफ्टी सदस्यों में आरएन ठाकुर, पीके मंडल, अजय पांडेय, कृष्णा राउत, दिलीप नोनिया, सुमीर कर्मकार, झारखंडी नापित, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

एक दिवसीय धरना दिया

धनसार (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल के धनसार कोलियरी कार्यालय के समीप मंगलवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के बैनर तले 31 सूत्री मांग को लेकर कर्मियों ने एक दिवसीय धरना दिया। धरना का नेतृत्व कोलियरी शाखा अध्यक्ष भोला पासवान ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन मजदूरों के लंबित मांग पर टालमटोल की नीति अपना रही है। धनसार कोलियरी कार्यालय में कार्यरत कई कर्मियों को उनका उचित लाभ नहीं मिल रहा है। कर्मी वर्षों से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन प्रबंधन कर्मियों को उनका लाभ नहीं दे रही है। कर्मियों के मांग पर संघ के पदाधिकारियों ने कई बार प्रबंधन को सख्त चेतावनी भी दिया।

बीजीएच में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। बोकारो जनरल अस्पताल के नर्सिंग स्कूल की छात्राओं के लिए वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ बी बी करुणामय रहे। उद्घाटन सत्र के दौरान एडिशनल सीएमओ डॉ श्रवण कुमार, एडिशनल सीएमओ डॉ वर्षा घानेकर, प्रिंसिपल नर्सिंग स्कूल बी गांगुली सहित नर्सिंग स्कूल के फैकल्टी मेंबर एवं फर्स्ट, सेकंड तथा थर्ड इयर की छात्राएं उपस्थित थी। डॉ बीबी करुणामय ने मशाल जलाकर तथा बैलून उड़ाकर खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। तदुपरांत छात्राओं ने 100 मीटर दौड़, स्पून एवं मार्बल दौड़, रिले दौड़, शोर्ट-पुट, डिस्कस थ्रो तथा म्यूजिकल चेयर जैसे प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण,
भगवान बिरसा जैविक उद्यान, चकला (ओरमाँझी), राँची।

निविदा सूचना

भगवान बिरसा जैविक उद्यान के वन्यप्राणियों के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 में आहार सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक एवं अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती है।

1.	निविदा सं0	आ0सा0 03/2023–24
2.	निविदा प्रपत्र एवं अभिलेख की प्राप्ति आरंभ की तिथि	08.02.2023
3.	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	27.02.2023 (अपरा0 12.00 बजे तक)
4.	निविदा समर्पित करने का स्थान	कार्यालय : सदस्य सचिव, झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण, चकला, ओरमांझी, राँची– 835219
5.	निविदा खोले जाने की तिथि/समय	27.02.2023 (1.30 बजे अपरा0)
6.	निविदा खोले जाने का स्थल	कार्यालय : सदस्य सचिव, झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण, चकला, ओरमांझी, राँची– 835219
7.	निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD की राषि (तकनीकी बिड के साथ)	सामग्री — निविदा प्रपत्र का मूल्य — EMD (क) सूखी सामग्रियाँ — 10000/– — 180000/– (ख) महिषमांस (हड्डी रहित एवं सहित) — 10000/– — 100000/– (ग) मुर्गा, मछली इत्यादि। — 5000/– — 110000/– (घ) फल, सब्जी इत्यादि। — 5000/– — 110000/–

निविदा शर्ते एवं निविदा प्रपत्र सदस्य सचिव, झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण, ओरमांझी, राँची के कार्यालय से यथा निर्दिष्ट अवधि में प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेबसाईट www.birsazoojharkhand.in से डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है अथवा वेबसाईट देखा जा सकता है।

ह0/–
सदस्य सचिव
झारखण्ड चिड़ियाघर प्राधिकरण, राँची
ईमेल : jharkhandzooauthority@gmail.com

PR 289496 (Jharkhand Zoo Authority) 22-23 (D)

देवधरा पहाड़ी बमबाजी और गोलीचालन मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। देवघरा पहाड़ी बमबाजी व गोलीचालन मामले में शिकायत के बाद धमाबांध पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध रंगदारी,गाली गलौज, धमकी सहित आर्म एक्ट का मामला दर्ज किया हैं। वही अपराधियों की तलाश में कई स्थानों पर छापेमारी भी की है। घटना में घायल सुरक्षाकर्मी लखीराम मोहली की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। ज्ञात हो की धमाबांध ओपी व महुदा थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित देवघरा पहाड़ी पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से जलमीनार का निर्माण कार्य कुछ महीनों से चल रहा हैं, जहाँ स्थानीय कुछ लोगो द्वारा सामानो की देखरेख और सुरक्षा के लिए कार्यस्थल पर बने एक कमरे में रात का पहरा देने का कार्य करते हैं, इसी बीच अज्ञात अपराधियों द्वारा रंगदारी को लेकर बमबाजी और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया। गोलीबारी के क्रम में एक सुरक्षा कर्मी लखीराम मोहली घायल हो गया था।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

ई- निविदा (तृतीय आमंत्रण)
(P.R No281893)

निविदा सं0:– 15 of 2022–23 — तिथि – 06.02.2023

क्र0	कार्य का नाम	Maintenance of House keeping ,gardening , Catering ,security , Water supply , Electricity , Inverter , Generator Set with fuel etc. Arrangement in VISWA (Hostel buiding ,Training Centre , dormitory building) , Near Jora pool kanke Road Ranchi Under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi - For Year 2022-23 (Month Sept. 2022 to August 2023)
1	प्राक्कलित राशि (लाख में)	30.88214 लाख
2	अग्रधन की राशि (रूपये में)	62,000.00
3	परिमाण विपत्र की राशि (रू0)	5,000.00
4	कार्य समाप्ति की अवधि	1 वर्ष
5	वेवसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि	13.02.2023 up to 05.00 P.M.
6	बीड प्राप्त करने की अन्तिम तिथि	20-02.2023 up to 03.30 P.M.
7	बैंक गारण्टी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं स्थान,	21.02.2023 10:00 A.M. से 3:00 P.M. तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8	निविदा खोलने की तिथि	22.02.2023 up to 4.00 P.M.
9	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
10	ई0 प्रोक्युरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0	8789136206
11	ई0 प्रोक्युरमेंट केन्द्र का हेल्पलाईन नम्बर :–	

नोट :– 1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तद्नुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

जल ही जीवन है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गोन्दा, राँची

PR 289551 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

भाजपा कतरास मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

जिला में अपराध चरम पर, अपराधी मदमस्त, सरकार और पुलिस गंभीर नहीं: चंद्रशेखर

आजाद सिपाही संवाददाता

बाघमारा/कतरास। प्रत्येक दिन जिले में कही न कही आपराधिक वारदात हो रही है। लेकिन इस पर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। जिले के अधिकारी पैसा कलेक्ट कर पहुंचाने में व्यस्त है। पुलिस की कार्यशैली अब बदल गई है। अपराध चरम पर है, लेकिन पुलिस मदमस्त है। उक्त बाते भाजपा कतरास मंडल के द्वार आयोजित कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए मंगलवार को भाजपा धनबाद महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कही। उन्होंने कहा की आप सभी लोग देख रहे है लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम करने के लिए सभी पार्टी एकजुट होकर कार्य कर रहे है। उनका एक ही काम है भाजपा और प्रधानमंत्री को कैसे बदनाम करे। लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे। कहा की बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो न्यायालय के सम्मान के लिए आत्मसमर्पण किया है लेकिन झारखंड की वर्तमान सरकार और विपक्ष के लोग बार बार छल कपट से उन्हे परेशान करने कार्य कर रही है। विधायक से मिलने भी नही दिया जा रहा है। कहा कि वे केवल दो तीन दिन और इंतजार करेंगे अगर विधायक ढुल्लू से मिलने की अनुमति मिल जाती है तो ठीक है। नही तो जेल आइजी, होम सेकेट्री से बातचीत करेंगे और उस पर भी बात नही बनी तो भाजपा आंदोलन को मुखर जोगी। पार्टी के एक एक कार्यकर्ता सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य हो होंगे। उसकी जबाबदेही वर्तमान सरकार तथा जिला प्रशासन की होगी। अपील करते हुए कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता अपने हौसले को बुलंद कर गांव से लेकर शहर तक की हर बूथ को मजबूती प्रदान करने का काम करे।

विधायक को जेल में बंद रख विकास कार्य को प्रभावित करना है सरकार की मंशा: सावित्री

विधायक ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने कहा की विधायक के अनुपस्थिति में आप लोगों ने जिस प्रकार अपनी एकता का परिचय देते हुए भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है उसके लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करती हूं। आप लोग देख ही रहे है कि जब से राज्य मे झामुमो गठबंधन की सरकार बनी है तब से इस सरकार की कुदृष्टि बाघमारा पर पड़ी हुई है और विधायक के ऊपर लगभग 15 झूठे मुकदमे दर्ज कर फंसाने का काम किया जा रहा है। राज्य सरकार विधायक जी को न्यायिक हिरासत से बाहर निकलने में हर रोज एक नया बाधा उत्पन्न कर रही है। राज्य सरकार की मंशा विधायक जी को जेल में रखकर बाघमारा के विकाश कार्यों को बाधित करना है ताकि बाघमारा की जनता का जो समर्पण जो विश्वास जो स्नेह विधायक जी के प्रति है वो टूट जाये। उन्होने कहा की 10-11 फरवरी को श्री रामराज मंदिर का वार्षिक कार्यक्रम है आप सभी कार्यकर्ता अपना कार्यक्रम समझकर उसे सफल बनाने में लग जाये। कार्यक्रम को कंचन चौरसिया, प्रिंस शर्मा, महेश पासवान, भरत शर्मा, सुरज देव मिश्रा, प्रकाश राम गुप्ता, उषा पटवा, मानस प्रसून सहित कई अन्य लोग ने संबोधित किया।

लोयाबाद में प्रकाश नोनिया का हुआ जोरदार स्वागत

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। झामुमो की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश नोनियां का मंगलवार को लोयाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा फुलमाला एवं ढोल नगाड़ा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रकाश ने कहा कि झामुमो माटी की पार्टी है। भाजपा परिवारवाद की पार्टी बनकर रह गई है। उपर से नीचे तक व्यक्ति विशेष को लोग अपने जगह पर काबिज है। बाघमारा विधायक ढुलू महतो का बिना नाम लिये कहा कि बाघमारा मे एक ही व्यक्ति विधायक, सांसद,मेयर बनेगा। झामूमो में कार्यकर्ता की हैसियत से जो जिम्मेवारी दी जायेगी उसे पुरा करना ही मेरा कर्तव्य होगा। मौके पर अनवर मुखिया, मंटू महतो, अजय महतो, लखन प्रमाणिक, भूवनेश्वर महतो, परमजीत सिंह, रामप्रवेश नोनियां, अर्जुन नोनियां, दिलीप रवानी, प्रीतम नोनियां, बिनोद भूइयां, कृष्णा पंडित, मोहन नोनियां, द्वारिका चौधरी, विनय कुमार आदि शामिल थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

एतद् संबंधी स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची अंतर्गत कार्यरत/सेवानिवृत्त राज्य के सभी सरकारी शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों को सूचित किया जाता है कि विभागीय आदेश संख्या–2968 दिनाक–30.12.2022 के आलोक में फरवरी माह के तृतीय शनिवार (18.02.2023) को महाशिवरात्रि के अवसर पर राजपत्रित अवकाश घोशित होने के फलस्वरूप उक्त घोशित अवकाश के आगामी कार्य दिवस **दिनांक–20.02.2023** को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के सभी जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों के विभिन्न लंबित मामले/दावे का निश्पादन करने हेतु **"शिकायत निवारण सुनवाई"** आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

अतः सभी संबंधित को निदेश दिया जाता है कि वे **दिनांक–20.02.2023** को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संबंधित जिला मुख्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर अपने विभिन्न लंबित मामले/दावे (यथा–अवकाश की स्वीकृति, पेंशन एवं उपादान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, भविश्य निधि अंशदान में संचित राशि से अग्रिम की स्वीकृति, शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों का सेवा पुस्तिका का संधारण/सत्यापन, बकाया वेतनादि भुगतान, अनुकंपा पर नियुक्ति से संबंधित कार्य एवं अन्यान्य कार्य) के निवारण हेतु **"शिकायत निवारण सुनवाई"** में सम्मिलित हों।

विश्वासभाजन
(कुमुद सदाय)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 289605 School Education and Literacy(22-23)#D

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 54/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 14.02.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.02.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.02.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	योजना पूर्ण करने की तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	बड़कागांव	ग्राम बादम में गुड उत्पादन एवं पैकेजिन्ग सेन्टर के अधिष्ठापन हेतु भवन का उन्नयन कार्य।	3230200.00	5000.00	65000.00	चार माह

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 289538 District(22-23)D

ब्रदर्स ऐकेडमी के 412 छात्रों ने आइआइटी जेइइ मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया

99.95 परसेंटाइल हासिल कर निशांत कुमार बने बॉयज टॉपर और 99.53 परसेंटाइल हासिल कर पलक चौधरी गर्ल्स टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ब्रदर्स ऐकेडमी के 412 छात्रों ने आइआइटी-जेइइ मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। ब्रदर्स ऐकेडमी के कुछ छात्र जिन्होंने उक्त परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, उनके नाम निम्नांकित हैं : निशांत कुमार, किसलय, पलक चौधरी , निशांत मौर्य, निश्चल कुमार साहू, इशिता बेदी, साकेत कश्यप, अक्षण सिंह, अर्नव प्रतिव, आरुषि शर्मा, प्रत्यूष अग्रवाल एवं अन्य। छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय ऐकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्याँकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आईआईटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेन्दु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि आईआईटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्यों कि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुऐ आगामी परीक्षाओं के लिये उन्हें शुभकामनाएँ दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखाई और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा।

चैम्प स्क्वॉयर के प्रतीक रतन को 99.95 परसेंटाइल

चैम्प स्क्वॉयर के कुल 503 बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची। जेइइ मेन परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। रांची शहर के विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। शहर के चैम्प स्क्वॉयर के छात्र - छात्राओं ने इस परीक्षा में उत्कृष्ठ सफलता अर्जित की। इस संस्थान का अस्तित्व 2015 में आया और प्रथम वर्ष से ही यहां के विद्यार्थी जेइइ मेन और एडवांड में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। यह संस्थान सामान्य क्षमता वाले छात्र - छात्राओं को भी उच्चस्तरीय ज्ञान एवं उच्च मानक समर्थन के बल पर, उनके अंदर रिजल्ट ओरिएंटेड भावना को जागृत कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सक्षम रहा है। चैम्प स्क्वॉयर का झारखंड में सर्वश्रेष्ठ चयन अनुपात रहा। इसके साथ प्रतिक रतन को 99.95 परसेंटाईल लाकर संस्थान और शहर का मान बढ़ाया। इन शिष्यों ने अपने गुरुजनों एवं चैम्प स्क्वॉयर में कार्यरत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी सफलता को अपने अभिभावक एवं शिक्षकों को समर्पित किया है। उनका मानना है कि चैम्प स्क्वॉयर संस्थान उनकी पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम रहा। उनका कहना है कि चैम्प स्क्वॉयर ने उनका सर्वागीण विकास किया है। यहां की पढ़ाई एवं टेस्ट उनके लिए काफी लाभदायक रहा। बच्चों का उत्साह अप्रतीम था। वे अपने शिक्षकों को धन्यवाद दे रहे थे। इस संस्थान ने बारहवीं पास बच्चों का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया है। अब उनका लक्ष्य जेइइ मेन का दूसरा सेशन एवं एडवांस की तरफ है। पिछले कई वर्षो के छात्रों के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिन छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत 85 या उससे अधिक है, उनके विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत 95 रहा है।

99 परसेंटाइल के उपर : 17
98 परसेंटाइल के उपर : 38
95 परसेंटाइल के उपर : 63
90 परसेंटाइल के उपर : 197

इसके अलावा भूमि पोद्दार, सौम्य कुमार सिंह, प्रियांशु, दिपांशु, सृजन, अभिराज, उत्कर्ष, चंद्रप्रकाश, अभिनव, उत्कर्ष गर्ग, अभिज्ञान, अनवेशा एवं अन्य छात्राओं का उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा। चैम्प स्क्वॉयर में छात्रों की व्यक्तिगत समस्या निराकरण हेतु नियमित रूप से ऑनलाइन दिन में 10 से रात के 8:30 तक भौतिक शास्त्र रसायन शास्त्र एवं गणित के शिक्षक उपलब्ध रहते हैं, जिनसे किसी भी वर्ग के छात्र अपनी सुविधानुसार समस्या का निदान करा सकते हैं।

द पाठशाला का शानदार प्रदर्शन 411 छात्रों ने सफलता प्राप्त की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेइइ मेन 2023 के घोषित परिणाम में द् पाठशाला के 411 छात्रों नें बाजी मारी हैं। सन्नी कुमार 99.67 प्रतिशत प्राप्त कर द् पाठशाला के टॉपर बने है। आदित्य अशोक को (99.42) प्रतिशत, अक्षत कुमार को (99.43), अतुल (99.4285), सिद्धार्थ (93.33) प्रसून (99.28), सार्थक (98.37), तनीष्क बोस (98.36), अनुराग विशाल (97.75), कुमार हर्ष (97.50) पर्सेंटाइल, प्राप्त कर संस्थान का मान बढ़ाया है। संस्थान के निर्दिशक ने बताया कि कुल 57 छात्रों ने 97 पर्सेंटाइल के उपर प्राप्त किया है, जो कि ऐतिहासिक सफलता है। 13 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल के ऊपर और 25 छात्रों ने 98 प्रतिशत के उपर सफलता प्राप्त किया है। सभी सफल बच्चों नें इसका श्रेय द् पाठशाला के सभी शिक्षको के कुशल मार्गदर्शन को और स्टडी मटैरियल को दिया है। द पाठशाला के सभी शिक्षकों ने सभी सफल छात्रों को इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बहुत बधाई दी है, एवं जेईई एडवांस्ड में वेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी है।

सरला बिरला के कई छात्र जेइइ एडवांस 2023 के लिए चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची। सरला बिरला के छात्रों ने जेइइ मेंस 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृष काव्या ने 99.81 पर्सेंटाइल, आशी गुप्ता ने 99.56 पर्सेंटाइल, वेदांश लखानी ने 99.51 परसेंटाइल, अनमोल जैन ने 98.83, अंश जालान ने 98.08, यश सिन्हा ने 96.40 पर्सेंटाइल, यश अग्रवाल 96.0761414 परसेंटाइल, मयंक सरावगी 94.15 पर्सेंटाइल, कनक खेतान 93.0 पर्सेंटाइल रौनक कुमार 91.6 पर्सेंटाइल और आर्यन ने 91.6 पर्सेन्टाइल प्राप्त करके सभी को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की।

प्राचार्या परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों तथा षिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

पूर्व तट रेलवे ने माल लदान में रिकॉर्ड बनाया 310 दिन में 200 मिलियन टन की ढुलाई की

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान चालू वित्त वर्ष की समाप्ति से 55 दिन पहले केवल 310 दिनों में ही अपने अधिकार क्षेत्र से 200.43 मिलियन टन माल लदान करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इस रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में 366 दिनों में, 2020-21 में 360 दिनों में, इसके बाद वित्तीय वर्ष 2021-22 में 320 दिनों में यह आंकड़ा हासिल किया था। कमाई के मामले में पूर्व तट रेलवे ने पिछले वित्तीय वर्ष में 19204 करोड़ रुपये की तुलना में उक्त अवधि में माल ढुलाई में 7.5% की वृद्धि के साथ 20635 करोड़ रुपये की कमाई की है। ध्यान देने योग्य तथ्य है कि पूर्व तट रेलवे ने कई चुनौतियों और लोडिंग और ट्रेन संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की है। रेलवे मंत्रालय द्वारा अभिनव कदम और प्रमुख व्यवधानों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण ही 200 मिलियन टन लोडिंग संभव हो पाया है। इस अवधि के दौरान, पूतरे ने 126.18 मिलियन टन कोयला, 20.22 मिलियन टन लौह अयस्क, 18.16 मिलियन टन अन्य सामग्री, 15.74 मिलियन टन तैयार स्टील, स्टील संयंत्रों को 6.27 मिलियन टन कच्चा माल, 5.11 मिलियन टन उर्वरक, कंटेनर में 3.17 मिलियन टन, 2.37 मिलियन टन खनिज तेल, 2.13 मिलियन टन खाद्यान्न और 1.09 मिलियन टन सीमेंट की ढुलाई की। खोरधा रोड डिवीजन ने इस अवधि के दौरान 129.93 मिलियन टन माल की ढुलाई की है। इसी तरह, वाल्टेयर डिवीजन ने इस अवधि के दौरान 57.03 मिलियन टन और संबलपुर डिवीजन ने 13.47 मिलियन टन माल की ढुलाई की है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने इस उपलब्धि का पूरा श्रेय इसके तीनों मंडलों के मेहनती और समर्पित कर्मचारियों को दिया। श्री शर्मा ने इसके लिए कोयला खानों, बंदरगाहों, इस्पात संयंत्रों, सीमेंट, एल्यूमिना संयंत्रों, पेट्रोलियम कंपनियों और भारतीय खाद्य निगम सहित सभी हितधारकों और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

एनबीए से मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक में किट पॉलिटेक्निक

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड ने किट पॉलिटेक्निक के तीन डिप्लोमा इंजीनियरिंग कार्यक्रमों को मान्यता दी है। मान्यता वांछित परिणामों की प्राप्ति की दिशा में संस्थागत गतिविधियों, संरचना और उपलब्धि को प्रमाणित करती है। एनबीए के विशेषज्ञों की छह सदस्यीय टीम ने 4-6 नवंबर 2022 के दौरान संस्थान का दौरा किया और कई मानदंडों का आकलन किया। इनमें टीचिंग, लर्निंग, फैकल्टी कंट्रीब्यूशन, स्टूडेंट प्रोग्रेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और गवर्नेंस शामिल हैं। अगस्त 2022 में किट पॉलिटेक्निक को क्यूसीआइ, एससीटीआइ और वीटी द्वारा राज्य के सभी सरकारी और निजी पॉलिटेक्निक में रैंक 1 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर किट-किस एवं किट पॉलिटेक्निक के संस्थापक डा. अच्युत सामंत ने संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए छात्रों, कर्मचारियों को बधाई दी। यह मान्यता ऐसे समय में मिली है, जब किट अपना रजत जयंती समारोह आयोजित कर रहा है। किट पॉलिटेक्निक की स्थापना 1995 में हुई थी।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**